सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ


रविवार, 23 मार्च, 2025 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 79, पेज 16, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## सरकार ने प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क वापस लिया

सरकार ने एक अप्रैल से प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क को वापस ले लिया है। बयान में कहा गया कि यह कदम किसानों के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है। } 14

## न्यायिक जवाबदेही पर करें विचार : रवि शंकर प्रसाद

पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वह न्यायपालिका की स्वतंत्रता का पूरा सम्मान करते हैं, लेकिन न्यायिक जवाबदेही के बारे में भी कहीं न कहीं विचार किया जाना चाहिए। } 16




## आईपीएल टी-20 का रंगारंग आगाज



आईपीएल – 18 की ओपनिंग सेरेमनी पर डांस करतीं अभिनेत्री दिशा पाटनी

## प्रदेश में तेज हवा और बूंदाबांदी से बदला मौसम

विशेष संवाददाता



लखनऊ। पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत राजधानी लखनऊ समेत अवध के जिलों में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में घने बादल छाने के साथ ही गरज-चमक के बीच हल्की बारिश भी हुई, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। अवध क्षेत्र में लखनऊ, बाराबंकी व अयोध्या व पश्चिमी यूपी के कई जिलों में हल्की बारिश हुई। दिनभर चली तेज हवाओं ने उमस से परेशान लोगों को ठंडी फिजाओं का अहसास कराया। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों की माने तो यह राहत अल्पकालिक है। रविवार से पूरे प्रदेश में मौसम सामान्य हो जाएगा और तापमान में लगातार वृद्धि शुरू हो जाएगी।

मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को लखनऊ समेत अवध के जिलों में चली धूल भरी हवाओं के बीच हुई हल्की बारिश के साथ ही पश्चिमी यूपी में मौसम में बदलाव हुआ। मौसम विभाग ने अलीगढ़, मथुरा, बुलंदशहर, हाथरस, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया एवं आसपास के इलाकों में शनिवार की देर रात या रविवार की भोर हल्की ओलावृष्टि होने की भी चेतावनी जारी की है। ज्यादातर जिलों में 30-40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी हवाएं भी चल रही है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ और दक्षिण-पश्चिमी हवाओं की वजह से हुआ है। हालांकि, यह बदलाव ज्यादा समय तक टिकेगा नहीं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार रविवार से प्रदेश में मौसम दोबारा सामान्य हो जाएगा और अगले 2-3 दिनों में तापमान में क्रमिक वृद्धि होने लगेगी। अधिकतम तापमान अगले सप्ताह के अंत तक 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान प्रयागराज 36.7 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी 36.2 व हमीरपुर 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसी तरह झांसी 36.0, कानपुर 35.8 व लखनऊ में 34.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। वहीं शाहजहांपुर में तेज आंधी के दौरान एक महिला के ऊपर ईंट गिरने से उसकी मौत हो गयी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उप जिलाधिकारी (एसडीएम) दुर्गेश यादव ने बताया कि थाना जलालाबाद क्षेत्र के अमापुर अमेला गांव की निवासी संगीता (40) अपने पति के साथ टिन शेड के नीचे सरसों की फसल को बोरों में भर रही थी इसी बीच तेज आंधी आ गई जिसके चलते टिन शेड उड़ गया। उन्होंने बताया कि शेड के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### दलितों को जबरन रंग लगाने वाले 42 पर केस

मथुरा (उप्र)। मथुरा के एक गांव में होली के दिन दलितों के एक समूह पर जबरन रंग लगाने के आरोप में करीब 42 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जैत थाना क्षेत्र के बाटी गांव में धुलेंडी (रंगोत्सव) के दिन उस समय झड़प हो गई जब उंची जाति के कुछ युवकों ने अनुसूचित जाति के लोगों पर कथित तौर पर जबरन रंग लगाया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया तथा पथराव भी किया, जिसमें 12 लोग घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने 32 दलितों के खिलाफ मामला दर्ज किया और उनमें से नौ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### यति नरसिंहानंद के खिलाफ मुकदमा

गाजियाबाद। डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरि पर नफरत फैलाने और जिले के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यहां दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, डासना देवी मंदिर के महंत पर महात्मा गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और धार्मिक भावनाओं को भड़काने, आपराधिक धमकी देने, अपमान करने, बदनाम करने और सार्वजनिक शांति भंग करने के इरादे से शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि नरसिंहानंद ने एक वीडियो में गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त और लोनी के सहायक पुलिस आयुक्त के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:27 | 4:38 | 6:19 | 4:50 |



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | : 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : 20.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- मनरेगा की निगरानी में यूपी पूरे देश में अव्वल (पृष्ठ–02)
- बिहार शिक्षा, राजनीति, शोध में अग्रणी राज्य (पृष्ठ–02)
- कांग्रेस सरकार में आत्मनिर्भर था भारत (पृष्ठ–14)
- रांची में बंद से आम जनजीवन प्रभावित (पृष्ठ–14)
- भारत का मॉडल अपनाना चाहते हैं कई देश : गोयल (पृष्ठ–14)


# यूपी को बनायेंगे टेक्सटाइल हब : योगी

## मुख्यमंत्री ने भारत के लिए वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कपड़ा ब्रांड बनाने पर दिया जोर

विशेष संवाददाता




लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सवाल उठाया कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद भारत रेडीमेड परिधान निर्यात में बांग्लादेश से पीछे क्यों है? वह यहां पीएम मित्र योजना के तहत कपड़ा पार्क की स्थापना के लिए आयोजित निवेशक सम्मेलन में बोल रहे थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य को वैश्विक टेक्सटाइल हब बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अपर सचिव रोहित कंसल, और केंद्र व राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा वस्त्र उद्योग के प्रतिनिधि मौजूद थे।

सीएम योगी ने कहा, कि अगर 16 करोड़ की आबादी वाला बांग्लादेश रेडीमेड परिधान निर्यात में आगे निकल सकता है, तो 140 करोड़ की आबादी वाला भारत ऐसी ही सफलता क्यों नहीं हासिल कर सकता? उन्होंने रेडीमेड परिधान क्षेत्र में संभावनाओं का जिक्र करते हुए भारत के लिए वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कपड़ा ब्रांड बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कि रेडीमेड परिधान में अपार संभावनाएं हैं। हमारे पास विश्व बाजार का सर्वेक्षण करके वहां पहुंचने की संभावनाएं हैं। योगी ने भारत के बड़े कार्यबल को दिशा और अवसर प्रदान करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कि बड़ी आबादी को काम की जरूरत है, लेकिन उन्हें रास्ता दिखाने वाला कोई होना चाहिए। उन्होंने एक प्रमुख उपभोक्ता बाजार के रूप में उत्तर प्रदेश के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल राज्य के भीतर बल्कि नेपाल, भूटान, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे पड़ोसी क्षेत्रों की एक बड़ी आबादी की जरूरतों को पूरा करता है। योगी ने बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए पीएम मित्र पार्क के भीतर सिलाई, रंगाई, छपाई, पैकेजिंग और डिजाइनिंग सहित व्यापक सुविधाएं स्थापित करने के महत्व को रेखांकित किया। मंत्री राकेश सचान ने अपने संबोधन में इस परियोजना की खासियत बताई। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आठ वर्षों में कार्मिक विभाग ने मिशन रोजगार को दी रफ्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी सरकार ने शनिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में राज्य में 7.5 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां सृजित की गई हैं। एक बयान के मुताबिक इस अभियान में कार्मिक विभाग ने भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोले। इसमें कहा गया, कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से पिछले आठ वर्षों में करीब 95 हजार अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जो सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कोविड-19 महामारी के दौरान भी उत्तर प्रदेश सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को जारी रखा। इसमें कहा गया, कि यूपीपीएससी ने एक अप्रैल 2017 से 20 मार्च 2025 तक 48,593 अभ्यर्थियों का चयन किया। सर्वाधिक 13,893 अभ्यर्थियों का चयन 2019-20 में किया गया जबकि 2024-25 में अब तक 1,918 अभ्यर्थियों का चयन किया जा चुका है। इसी अवधि में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को ज्ञानपीठ पुरस्कार

नयी दिल्ली। प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को वर्ष 2024 के लिए 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। भारतीय ज्ञानपीठ ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान के मुताबिक, शुक्ल को हिंदी साहित्य में उनके अद्वितीय योगदान, सृजनात्मकता और विशिष्ट लेखन शैली के लिए इस सम्मान के वास्ते चुना गया है। वह हिंदी के 12वें साहित्यकार हैं, जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। शुक्ल छत्तीसगढ़ राज्य के ऐसे पहले लेखक हैं, जिन्हें इस सम्मान से नवाजा जाएगा। शुक्ल ने उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार दिए जाने की घोषणा पर खुशी जताई और कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि यह पुरस्कार मिलेगा। यह पूछे जाने पर कि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा को वह किस रूप में देखते हैं, तो शुक्ल ने कहा, यह भारत का, साहित्य का एक बहुत बड़ा पुरस्कार है। इतना बड़ा पुरस्कार मिलना यह मेरे लिए खुशी की बात है। शुक्ल ने कहा मुझे कभी नहीं लगा कि मुझे यह पुरस्कार मिलेगा। पुरस्कार की तरफ मेरा ध्यान जाता ही नहीं। दूसरे मेरा ध्यान दिलाते हैं। दूसरे मुझसे, परिचर्चा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अवैध घुसपैठ कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### आठ लोग गिरफ्तार, छह बांग्लादेशी किये गये निर्वासित

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आठ बांग्लादेशी नागरिकों और उनके भारतीय साथियों को गिरफ्तार किया है जो दक्षिण दिल्ली में उनके अवैध प्रवास में मदद कर रहे थे। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी।

अधिकारी ने बताया कि छह अन्य प्रवासियों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से निर्वासित कर दिया गया, जबकि चार अन्य की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्वाई के दौरान पुलिस ने एक फर्जी पहचान दस्तावेज गिरोह और सीमापार धन शोधन करने वाले एक रैकेट का पर्दाफाश किया, जो डिजिटल भुगतान ऐप के माध्यम से धन बांग्लादेश पहुंचाता था। उन्होंने बताया कि कुछ प्रवासियों ने अपने बच्चों का स्थानीय विद्यालयों में दाखिला भी करा रखा था। पुलिस उपायुक्त (डीएसपी) (दक्षिण) अंकिता चौहान ने कहा, गिरोह ने बांग्लादेशी प्रवासियों को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने में कथित तौर पर मदद की और उन्हें आश्रय, रोजगार और जालसाजी के जरिये आधार, पैन, मतदाता पहचान पत्र और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी उपलब्ध कराए। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में मोहम्मद आलमगीर (34) भी शामिल है, जो 2007 में भारत आया था और कबाड़ी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कई महिलाओं से ठगी करने वाले पर केस

सोनभद्र। जिले की राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ खुद को आबकारी विभाग का कर्मचारी बताकर तीन महिलाओं से शादी करने और उनमें से एक के नाम पर लाखों रुपये बैंक से कर्ज लेने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि संत कबीर नगर की सहायक शिक्षिका किरण द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद राजन गहलोत के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। तलाकशुदा किरण ने आरोप लगाया है कि 2019 में उसकी मुलाकात राजन से हुई। उसने खुद को आबकारी विभाग का कर्मचारी बताया और यह भी बताया कि उसकी पत्नी का देहांत हो चुका है तथा कोई संतान भी नहीं है। एएसपी ने बताया कि किरण और राजन ने 2022 में वाराणसी के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जनता के बीच जाकर किया चुनौतियों का सामना

### तीन वर्ष पूर्ण होने पर सीएम धामी ने पत्रकारों से साझा कीं उपलब्धियां

प्रमुख संवाददाता




देहरादून। तीन वर्ष में सरकार के सामने कई तरह की गम्भीर चुनौतियां आईं, लेकिन उनकी सरकार ने और स्वयं उन्होंने धरातल पर जनता के बीच जाकर चुनौतियों का सामना किया। रैणी, सिलक्यारा, केदार घाटी से लेकर हालिया माणा की आपदा का संकट के समय पीछे रहकर काम नहीं किया जाता। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया और भविष्य के लिए अपनी प्राथमिकताओं को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में राजनीतिक विश्लेषकों का मानना था कि भाजपा की सरकार वापसी नहीं कर पाएगी क्योंकि इस तरह की परिपाटी नहीं रही है। मगर जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर फिर से सेवा का कार्य सौंप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 में जिस विकसित भारत का संकल्प लिया है, उसमें अपनी भूमिका निभाने के लिए उत्तराखण्ड पूरी सामर्थ्य से काम कर रहा है। उन्होंने कनेक्टिविटी के विस्तार की बात करते हुए कई उदाहरण दिए और कहा कि उत्तराखण्ड अपनी क्षमताओं का आंकलन करते हुए इसी अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में अवैध निर्माण, कब्जों, अतिक्रमण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। भ्रष्टाचार पर और सख्त प्रहार किए जाएंगे। यूसीसी, भू-कानून, नकल विरोधी जैसे कानूनों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महत्वपूर्ण मसलों को ठंडे बस्ते में डालने में यकीन नहीं करती इसलिए प्रमुख मुद्दों पर फैसले किए गए हैं। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** 24 महीने में फेज–1 से जुड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने पर फोकस, नियोजन विभाग के टेक्निकल सेल ने तैयार किया विस्तृत खाका

## अप्रैल से शुरू होगा 'कुकरैल नाइट सफारी व एडवेंचर पार्क' का निर्माण

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रही योगी सरकार जल्द ही 'कुकरैल नाइट सफारी व एडवेंचर पार्क' के निर्माण व विकास से जुड़े कार्यों को शुरू करने जा रही है। सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट 'कुकरैल नाइट सफारी व एडवेंचर पार्क' देश में अपनी तरह की पहली नाइट सफारी होगी। ऐसे में, इसके निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए नियोजन विभाग के टेक्निकल सेल ने एक विस्तृत खाका तैयार कर लिया है। योजना के अनुसार, ईपीसी मोड में 24 महीनों की समयावधि के भीतर फेज-1 के निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा जिनकी शुरूआत अप्रैल से होना प्रस्तावित है। खास बात यह है कि इन निर्माण कार्यों में 38 प्रकार के जीव-जंतुओं के एनक्लोजर, एम्यूजमेंट एक्टिविटी एरिया, एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक, 7डी थिएटर, आर्ट गैलरी व शानदार एंट्री गेटवे, कैफेटेरिया, एंट्रेंस प्लाजा, क्वॉरंटीन वॉर्ड, पशु चिकित्सालय तथा स्टाफ के लिए 5 प्रकार के आवासीय खंडों का निर्माण व विकास किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत आधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की स्थापना भी होगी तथा विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। सीएम योगी ने विजन अनुसार कुकरैल नाइट सफारी व एडवेंचर पार्क का निर्माण दो फेज में पूरा होगा। इसके विकास व निर्माण के लिए 1500 करोड़ रुपए से अधिक की रकम सरकार द्वारा स्वीकृत है। इसमें से 631 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत (जीएसटी के अतिरिक्त) से सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत, फेज-1 में नाइट सफारी एन्क्लोजर्स का निर्माण किया जाएगा। इन्हें परियोजना के अंतर्गत कुकरैल जंगल के कुल 65,254 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र में बनाया जाएगा जबकि पूरी परियोजना को 34.59 लाख स्क्वेयर मीटर (855.07 एकड़) के प्रसार क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि परियोजना को लेकर नियोजन विभाग द्वारा मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है और अब अप्रैल महीने से इसी के आधार पर निर्माण व विकास कार्यों को शुरू किया जा रहा है। जिन जीवों के एनक्लोजर्स का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भाजपा नेता ने पत्नी व तीन बच्चों को मारी गोली, बच्चों की मौत

जिला संवाददाता

सहारनपुर (उप्र)। सहारनपुर जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता ने विवाहेतर संबंध के शक में अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी जिसमें तीनों बच्चों की मौत हो गई तथा गंभीर हालत में पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सजवान ने बताया कि यह घटना सागाठेड़ा गांव में हुई जब भाजपा नेता रोहिल्ला ने पुलिस को सूचना दी कि उसने अपने परिवार को गोली मार दी है। एसएसपी ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने पर रोहिल्ला ने पुलिस को बताया कि वह कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था, क्योंकि उसे शक था कि उसकी पत्नी पर विवाहेतर संबंध है। अधिकारी ने बताया कि उसकी बेटी श्रद्धा (12) और बेटे देवांश (पांच) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी नेहा (36) और बेटे शिवांश (सात) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि बाद में शिवांश की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई और नेहा को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है और शवों को पोस्टमार्टम के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बिहार शिक्षा, राजनीति, शोध के क्षेत्र में अग्रणी राज्य : आनंदीबेन पटेल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बिहार के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को उजागर करते हुए कहा कि प्राचीन काल में बिहार शिक्षा और संस्कृति के मामले में विश्व प्रसिद्ध था। उन्होंने कहा कि बिहार शिक्षा, राजनीति, शोध के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। भगवान श्रीराम का ससुराल भी बिहार में ही था।

- राजभवन में बिहार राज्य स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन
- बिहार राजा जनक, चाणक्य, चन्द्रगुप्त मौर्य, विश्वामित्र, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और गुरु गोविन्द सिंह की पवित्र धरती

शनिवार को बिहार राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन में एक समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर कलाकारों ने बिहार राज्य के लोकगीतों और लोक नृत्यों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें राज्यपाल ने सराहा। इस अवसर पर बिहार की धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती हुई डाक्यूमेंट्री तथा प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के वैभव व वर्तमान पुनर्निर्मित नालंदा विश्वविद्यालय के स्वरूप पर आधारित डाक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। बिहार के खान-पान, रहन-सहन, पर्व, मेले, विविध पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थल व अनूठी विशेषताओं पर आधारित प्रदर्शनी एवं रंगोली का भी प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने नालंदा और विक्रमशिला जैसे प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों की बिहार में अवस्थिति की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह राज्य राजा जनक, चाणक्य, चन्द्रगुप्त मौर्य, विश्वामित्र, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और गुरु गोविन्द सिंह की पवित्र धरती है। उन्होंने उल्लेख किया कि महात्मा गांधी द्वारा प्रथम सत्याग्रह की शुरूआत चंपारण से हुई तथा प्रमुख योद्धा वीर कुंवर सिंह, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और कपूर्री ठाकुर जैसे महान नेताओं व दशरथ मांझी जैसे महान



विभूतियों की कर्मभूमि एवं जन्मभूमि बिहार ही रही है। राज्यपाल ने नालंदा विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में 10 हजार विद्यार्थियों द्वारा पढ़ाई की जाती थी। यहां का पुस्तकालय ज्ञान का भंडार था। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्निर्माण को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके अद्भुत शैक्षिक मॉडल की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कई मामलों में अदभुत है, इसके पुनर्निर्माण में यहीं की मिट्टी और पानी का प्रयोग किया गया है। निर्माण कार्यों में लगी ईंटों का निर्माण यहीं की मिट्टी से किया गया है तथा बारिश के पानी का संरक्षण किया गया है। राज्यपाल ने देश की नदियों को पुनर्जीवित किये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हमारा दायित्व होना चाहिए कि आगामी पीढ़ियों को शुद्ध मिट्टी, शुद्ध पानी, शुद्ध हवा तथा पेड़-पौधे उपलब्ध हो सकें। उन्होंने गुजरात में सरस्वती नदी के पुनर्जीवन का उदाहरण दिया, जो तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संभव हुआ जब नर्मदा नदी का पानी सरस्वती नदी में डाला गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सरकार द्वारा चलाई गई अमृत सरोवर योजना के माध्यम से प्राकृतिक व प्राचीन तालाबों के जीर्णोद्धार व मनरेगा योजना और इसके तहत किए गए कार्यों की सराहना की, विशेष रूप से गरीबों को मिले लाभ के बारे में चर्चा की। उन्होंने भारत की प्राचीन वैज्ञानिक उपलब्धियों, जैसे शून्य की खोज और विमान डिजाइन के बारे में भी बताया और कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान दुनिया में अग्रणी था। राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि हमें एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी दिशा और प्रयासों को एकजुट करना चाहिए। उन्होंने कलाकारों से यह भी कहा कि वे अपनी कला को बढ़ावा देते हुए अपनी संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को कभी न भूलें।

## सूरत के डायमंड टेक्सटाइल पार्क की तर्ज पर विकसित हो पार्क

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने टेक्सटाइल पार्क परियोजना के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग से परियोजना में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सेवायोजन में प्राथमिकता व आरक्षण तथा प्रशिक्षण प्रदान किये जाएं। उन्होंने कहा कि गुजरात के सूरत के डायमंड टेक्सटाइल पार्क का अवलोकन कर उसके तर्ज पर परियोजना का निर्माण करें।

राज्यपाल शनिवार को राजभवन में उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि प्रबंधन समिति की 51वीं बैठक कर रही थी। बैठक में समिति ने राज्यपाल से विभिन्न 9 मदों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की रिपोर्ट, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के स्वीकृति, निधि मुख्यालय तथा अटारी प्रक्षेत्र के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभ हानि खातों एवं बैलेंस शीट के अनुमोदन, विभिन्न श्रेणी के पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति, उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि में सीपीएफ व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई।

उन्होंने उप्र सैनिक पुनर्वास निधि की टीसीएल कालोनी, सरोजनीनगर, लखनऊ की भूमि का सीमांकन व भूमि की कीमत का मूल्यांकन कराने के निर्देश दिये। इसके साथ-साथ उन्होंने अतिरिक्त सैनिक स्कूल खोलने, हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराने व ग्राम गहरू की भूमि के सीमांकन एवं सरहदबंदी करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अदालत में श्रम संबंधी व अन्य विभिन्न लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सैनिक पुनर्वास निधि में सीपीएफ व्यवस्था लागू किये जाने की अधिसूचना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डा. सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव समाज, कल्याण वेंकटेश्वर लू, विशेष सचिव वित्त संजीव सिंह, जिलाधिकारी लखनऊ विशाख अय्यर, लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर अतुल कुमार सहित समिति के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे

# बिहार में फिर प्रचंड बहुमत से बनेगी एनडीए की सरकार : मंत्री संतोष सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा सहकारिता भवन अलीगंज में आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत- स्नेह मिलन' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम संसाधन विभाग बिहार सरकार में मंत्री संतोष सिंह, सांसद जनार्दन सिंह और प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बिहार प्रवासियों को संबोधित किया।

- बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा महानगर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत–स्नेह मिलन' कार्यक्रम किया आयोजित
- महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बिहार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार से आये मंत्री और सांसद का किया स्वागत

मुख्य अतिथियों और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने उपस्थित बिहार प्रवासियों में प्रभुनाथ राय, मिथिलेश कुमार सिंह, राजेश कुमार, धनंजय शुक्ला सहित प्रबुद्ध जनों को अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री संतोष सिंह ने कार्यक्रम को बिहारी में संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में आए हमारा प्रवासी भाई बहन और लखनऊ माटी के प्रणाम। बिहार की समृद्ध विरासत और गौरवशाली संस्कृति पर हम सभी को गर्व है, एनडीए सरकार बिहार के उत्थान को लेकर संकल्पित है। एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार चौगुनी गति से विकास कर रहा है।

कार्यक्रम के माध्यम से सभी को अवगत कराना है कि पहले बिहार में माता रावड़ी और लालू की सरकार थी और उसमें जंगल राज था और आज बिहार सुशासन के साथ कितनी तेज गति से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि लालू के पूरे खानदान को कोई नैतिक अधिकार नहीं है जो करप्शन पर बात करें। मेरे बेटे का जब किडनैप



हुआ था तब लालू के पार्टी के बड़े नेता ने मुझसे फिरौती मांगी थी उनका कोई नैतिक अधिकार नहीं है झूठे आरोप लगाने का। 2025 चुनाव में उनकी जमीन खिसक गई है और सुपड़ा साफ होने जा रहा है और एनडीए की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है। पूरे खानदान को यह सलाह है कि पूरे खानदान को किसी बढ़िया मेंटल हॉस्पिटल में जाकर इलाज करना चाहिए और इलाज कराकर आए तब बिहार के बारे में बात करें। इनका कोई विजन नहीं है यह परिवार की पार्टी है। इनको बिहार और बिहारियों से, उनके प्रवासियों से कोई मतलब नहीं है। बिहार में फिर प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी । अब बिहार विकसित भारत की ओर बढ़ चुका है और कोई दोबारा जंगल राज की ओर जाने को तैयार नहीं है। बिहार से सांसद जनार्दन सिंह ने कहा कि बिहार का शक्तिशाली इतिहास है और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। बिहार जो पहले एक बीमारू राज्य था पर आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार तेजी से आगे बढ़ा है और अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। बिहार के तुलनात्मक विकास की चर्चा समाज में आप भी करें। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे बड़े राज्यों में हो रहे विकास कार्य से प्रधानमंत्री का विकसित भारत संकल्प का संकल्प साकार होगा। प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगवा कर दुनिया को पवित्र करने के लिए मुख्यमंत्री योगी को बधाई देता हूं। 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में हम 225 सीट अवश्य प्राप्त करेंगे।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि आज बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार से आए मंत्री और सांसद हमारे बीच में उपस्थित है यह हमारा सौभाग्य है। आपका लखनऊ की धरती पर हार्दिक स्वागत अभिनंदन है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में बिहार की उपलब्धियों पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री सुहास यदुवंश, उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, विधायक योगेश शुक्ला, कार्यक्रम संयोजक मणींद्र पांडे, रामवतार कनौजिया, सौरभ वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में बिहार प्रवासी उपस्थित रहे।

## खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में यूपी अग्रणी राज्य : केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमियों को प्रोत्साहन व सुविधाएं देने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। इस सेक्टर में प्रदेश में बहुत तेजी से काम करते हुए जहां किसानों के उत्पादों के प्रसंस्करित कराते हुए उन्हें सुविधाएं मुहैय्या कराने के साथ उनके भंडारण आदि के बारे में भी सार्थक कदम उठाए गए हैं, वहीं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को इससे जोड़कर महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रभावी व ठोस कार्य किये गये हैं यही नहीं खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं। नतीजा है कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है, सबसे अधिक खाद्य प्रसंस्करण के उद्योग स्थापित हैं। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 65000 से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित हैं। उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 एवं पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद से 1000 इकाईयां स्थापित कराने के प्रयास कराये जायें। जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालयए ब्लॉक मुख्यालय आदि पर विभिन्न स्तरों पर होने वाले जागरूकता कार्यक्रमों में सार्थक रूप से योजना का प्रचार-प्रसार कराते हुए महिला स्वयं सहायता समूहों, किसानों को आत्म निर्भर बनाया जाये। जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया जाये। एग्रो प्रोसेसिंग कलस्टर्स का चिन्हांकन करते हुए जनपदों में मूल्य संवर्द्धन एवं प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित करायी जायें। इन कार्यों से प्रदेश में अधिक से अधिक रोजगार सृजन होगें। अपर मुख्य सचिव उद्यान, रेशम एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीना द्वारा समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के प्रस्ताव निवेश पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# पूरे समर्पण के साथ 2027 की तैयारी जुट जायें : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन शनिवार को हुआ। इस दौरान गुझिया, गुलाल, गीत से सराबोर वातावरण में सभी लोगों ने गले मिलकर होली के अमन और भाईचारे के पैगाम को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी कांग्रेसजनों को गुलाल लगाकर गले मिले और होली के पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश धीरज गुर्जर, राजेश तिवारी, प्रदीप नरवाल मौजूद रहे।

- कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में होली मिलन समारोह के दौरान दिया गया संदेश



इस अवसर पर अविनाश पाण्डेय ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं और हम सब उनके प्रेम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। आज के इस दौर में जब मौजूदा सरकार पूरे समाज को बांट देना चाहती है तब हमें एकजुट होकर एक दूसरे के साथ मिलकर भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना है।

होली मिलन समारोह के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह वक्त है कि हम होली के भाईचारे और एकजुटता के मंत्र को आत्मसात कर लें और पूरे समर्पण के साथ 2027 की तैयारी जुट जाएं। राय ने कहा कि हम भाजपा की नफरत की सियासत का जवाब भारत के अमन चैन और सद्भाव की भावना से देंगे। हम पूरे प्रदेश को प्रेम के एक सूत्र में बांधकर इनके समाज को बांटने के कुत्सित प्रयासों से लड़ेंगे।

अजय राय ने सभी नवनियुक्त जिला/शहर अध्यक्षों को होली की बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को आप सभी से बहुत उम्मीदें हैं। आप जमीन पर जाकर आम लोगों की समस्याओं को उठाने का काम करिये एवं पूरे मनोयोग और सम्पर्ण भाव से कांग्रेस पार्टी की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ायेंगे। होली मिलन समारोह में पूर्व सांसद पीएल पुनिया, पूर्व विधायक हरीश बाजपेई, राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, शिव पाण्डेय, विश्वविजय सिंह, दिनेश सिंह, अनिल यादव, मुकेश सिंह चौहान, सैफ अली नकवी, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, एड. प्रदीप सिंह, पुनीत पाठक, सचिन रावत जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, जगदीश सिंह, अनामिका यादव, सिद्धि श्री, सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, डॉ. रिचा शर्मा, कृष्णकांत पाण्डेय, विक्रम पाण्डेय, विकास श्रीवास्तव, सुनीता रावत, अरविंद बहादुर सिंह, विजय पाण्डेय, सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# भाजपा राज में भ्रष्टाचार का बोलबाला : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड टूट चुके है। भाजपा सरकार का कोई काम बिना गोरखधंधे के नहीं होता है।

अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में बड़ी संख्या में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आईएएस आईपीएस तक संलिप्त हैं। मुख्यमंत्री का न कहीं जीरो टॉलरेंस नजर आ रहा है और नहीं अपराधियों में कोई खौफ दिखाई देता है। सत्ता संरक्षण में चारो तरफ लूट मची है। सूदखोरो की वजह से किसान को मजबूरन आत्महत्या करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बेईमानो की सरकार है। भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। बिना पर्याप्त मुआवजा दिए बिना उनकी जमीने छीनी जा रही है। नौजवानों का भविष्य अंधकार में है उनकी रोटी-रोजगार की कोई गारंटी नही है। भाजपा सिर्फ झूठे आश्वासन देना जानती है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो भी पीड़ित है, अत्याचार के शिकार है यही पीडीए है, पीडीए से भाजपा घबराई हुई है। भाजपा सरकार की साख लगातार गिर रही है। जनता का हर वर्ग परेशान है। भाजपा के रहते विकास की कोई उम्मीद नहीं है। महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय चरम पर है। महंगाई, भ्रष्टाचार से लोगों का जीवन संकट में है।

- सपा प्रमुख ने पार्टी के राज्य मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

## रमेश चंद्र यादव ने अखिलेश को भेंट की दो खाट

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में नोएडा के गांव वाजिदपुर निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग रमेश चंद यादव से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। रमेश चन्द्र यादव ने अखिलेश यादव को दो खाट (चारपाई) भेंट की। रमेश चन्द्र ने बरगद के पेड़ के नीचे खाट पर बैठकर चर्चा करते हुए कहा कि अखिलेश यादव भविष्य की राजनीति के केन्द्र में रहेंगे। उन्होंने आशीर्वाद दिया कि 2027 में अखिलेश यादव ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। जनता को इन्हीं से उम्मीदें है। अखिलेश यादव किसानों, नौजवानों, वंचितों, शोषित वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष को आगे



बढ़ा रहे हैं। पीडीए को सामाजिक न्याय और सम्मान दिलाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इस अवसर पर रमेश चन्द्र यादव का बेटा सत्यवीर यादव, पौत्र लक्ष्य यादव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे।

# मनरेगा की निगरानी में यूपी पूरे देश में निरंतर अव्वल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मनरेगा के तहत कार्यों की निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप का उपयोग किया जा रहा है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से अधिकारी जांच भ्रमण के समय मनरेगा के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता पर कार्यस्थल की फोटो ससमय अपलोड की जाती है। मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की निगरानी के लिए सरकार द्वारा एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से निरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है।

- कार्यक्रम अधिकारियों ने निरीक्षण कर प्रदेश को बनाया अव्वल
- मनरेगा कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष फोकस
- एरिया ऑफिसर मोबाइल एप्लीकेशन से हो रहे निरीक्षण
- वर्ष 2024–25 में अब तक 1,85,622 से ज्यादा निरीक्षण

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की सटीक निगरानी सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग ग्राम्य विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस ऐप के जरिए मनरेगा योजनाओं के प्रगतिशील कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश न केवल मनरेगा के तहत रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास में आगे है, बल्कि एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से कार्यों के निरीक्षण में यह देशभर में अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल बन रहा है। प्रदेश के कार्यक्रम अधिकारियों की मेहनत रंग ला रही है, मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके, इसलिए कार्यस्थलों पर निरंतर निगरानी हेतु अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाता है। एरिया ऑफीसर 2.0 रिपोर्ट के मुताबिक कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षण में प्रदेश वर्तमान में सबसे आगे, प्रदेश द्वारा निर्धारित लक्ष्य से भी ज्यादा निरीक्षण कर उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक तक निर्धारित लक्ष्य 1,49,220 को पार करते हुए 1,85,622 निरीक्षण किये जा चुके हैं।



कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा मनरेगा कार्यों के निरीक्षण के मामले में । प्रदर्शित रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष 20.03.2025 तक टॉप 5 स्टेट में उत्तर प्रदेश में 1,85,622, झारखंड में 1,35,422, आन्ध्र प्रदेश में 126063, बिहार में 98593, तेलंगाना में 97544 निरीक्षण किये गये है। ग्राम्य विकास विभाग की बहुआकांक्षी योजना मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों के सघन अनुश्रवण एवं पारदर्शिता को लेकर निरीक्षण के कार्य पर विशेष फोकस किया गया है। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जांच भ्रमण के समय मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता तथा उपयोगिता पर कार्यस्थल की फोटो अपलोड की करायी जाती है।

कार्यक्रम अधिकारियों ने किये निरीक्षण वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष खण्ड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यस्थलों का तेजी से निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में लक्ष्य के सापेक्ष 1 अप्रैल 2024 से अब तक 1,85,622 निरीक्षण किये जा चुके हैं। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से मनरेगा योजनाओं की निगरानी को सशक्त बनाया जा रहा है। इस ऐप के जरिए निरीक्षण के दौरान अधिकारी कार्यस्थलों की तस्वीरें और अन्य आवश्यक विवरण अपलोड करते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि योजनाओं के तहत हो रहे कार्य सही समय पर और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे हो रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता और कार्यों की गुणवत्ता में सुनिश्चित हो रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का प्रमुख स्त्रोत है, योजना के तहत विभिन्न प्रकार के विकास कार्य जैसे तालाब निर्माण, खेल मैदान, ओपन जिम, आंगनवाड़ी केन्द्र, अन्नपूर्णा भवन आदि के कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों की नियमित निगरानी के लिए एरिया ऑफिसर ऐप एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है।

आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा अवगत कराया गया कि मनरेगा के तहत सभी कार्य निर्धारित समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों. इसके लिए जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से बकायदा कार्यस्थलों का दौरा कर योजनाओं की प्रगति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत हो रहे कार्य ससमय पूर्ण हो सके एवं उनकी गुणवत्ता उच्च रहे इस दृष्टि से निरीक्षण के कार्य का महत्व बढ़ जाता है। इसलिए अधिकारी कार्यस्थलों का निरीक्षण कर विकास कार्यों की हकीकत को जानने हेतु निर्देशित किया गया है।

## प्रदेश में विकास ठप, भ्रष्टाचार और हत्या का बोलबाला : लोकदल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय चौधरी सुनील सिंह ने प्रदेश में हो रहे हत्या, बलात्कार, वसूली और लूट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी है हर विभाग में लूट मची है इस वसूली और भ्रष्टाचार में सरकार के कई अफसर की भी साथ गांठ बनी हुई है।



विकास के नाम पर और निवेश के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार चल रहा है, इस सरकार में भ्रष्टाचार इतना फैला हुआ है कि सरकार को थर्डपार्टी एजेंसियों का सहारा लेना पड़ रहा है। हाल के दिनों में प्रदेश में बढ़ती हुई आपराधिक घटनाओं और महिला असुरक्षा की भावना ने आमजन के मन में भय उत्पन्न कर दिया है। नागरिकों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन वर्तमान हालात यह दर्शाते हैं कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर होती जा रही है। अपराधों की बढ़ती घटनाएं, हिंसा, धमकी और अन्य अवैध गतिविधियाँ न केवल आम जनता बल्कि व्यवसायियों, पत्रकारों की हत्या, और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए चिंता का विषय सबक बन चुका है। प्रदेश में एक भय का माहौल है, प्रदेश में सरकारी तंत्र बेलगाम हो गया है, किसान, बुनकर, व्यापारी, उद्यमी सभी भाजपा सरकार से परेशान है।

# प्रत्येक भारतीय जोश से नववर्ष का करे स्वागत

● तीन दिन तक नववर्ष के सैकड़ो आयोजन होंग

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 तदनुसार कैलेंडर वर्ष 2025, 30 मार्च से प्रारंभ होगा। इस नववर्ष को प्रत्येक भारतवासी अत्यंत जोश और उत्साह के साथ आयोजित करें प्रत्येक घर में नववर्ष के स्वागत में मिष्ठान बनाए जाएं, दीपक जलाए जाएं और बाजारों में मिष्ठान का वितरण करते हुए रोशनी से बाजार जगमगा दिए जाएं। पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कही। उन्होंने कहा कि भारतीय गणना काल विश्व में सर्वश्रेष्ठ है इसमें कोई दो मत नहीं है परंतु दुर्भाग्य से हम भारतवासी अपनी ही गणना को भूल बैठे हैं। जिसको पुनः ठीक किया जाएगा इसी कड़ी में विक्रम संवत 2082 की वर्ष प्रतिपदा से पूर्व सभी बाजारों में मोहल्ले में नव वर्ष आयोजन के कार्यक्रम तैयार किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसको सफल बनाने के लिए विभिन्न बाजारों में व्यापारी जागरूकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है और सभी प्रमुख बाजारों को सुसज्जित किया जाएगा। ऐसा प्रयास हो रहा है इस विशेष अवसर पर समस्त व्यापारियों से यह आग्रह है कि वह नववर्ष के उपलक्ष्य में अपने-अपने प्रतिष्ठानों से ग्राहकों को कम से कम 15 दिन तक छूट दें। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अब भारतीय नएवर्ष पर प्रचार सामग्री छपवानी चाहिए क्योंकि व्यापारियों का वित्तीय वर्ष तो 1 अप्रैल भारतीय नव वर्ष से ही प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चलता है इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से सभी को भारतीय नव वर्ष की डायरी, कैलेंडर तथा पत्रक वितरित किए गए।

दारुलसफा में आयोजित हुई पत्रकार वार्ता में भारतीय नव संवत्सर उत्सव समिति के संयोजक विजय कुमार दीक्षित एवं संजय रस्तोगी ने बताया की लखनऊ में प्रातः काल 5:01 से कुड़िया घाट पर नव संवत्सर का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके साथ-साथ 27 अन्य स्थानों पर प्रातः काल नव संवत्सर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 29 मार्च, 30 मार्च और 31 मार्च को विविध स्थलों पर विविध प्रकार के नववर्ष के कार्यक्रम विभिन्न संस्थाओं तथा व्यापार मंडलों द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं। मंगल मान अभियान के संयोजक प्रो. रामकुमार तिवारी ने बताया की लखनऊ के विद्यालयों में भी भारतीय नव वर्ष के बारे में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर लुआकटा के अध्यक्ष मनोज पांडे ने भी छात्र-छात्राओं को भारतीय नव वर्ष के बारे में जागरूक करने एवं महाविद्यालय में नववर्ष के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। संदीप बंसल ने कहा कि व्यापारियों को अब भारतीय नएवर्ष पर प्रचार सामग्री छपवानी चाहिए क्योंकि व्यापारियों का वित्तीय वर्ष तो 1 अप्रैल भारतीय नव वर्ष से ही प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चलता है इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से सभी को भारतीय नव वर्ष की डायरी, कैलेंडर तथा पत्रक वितरित किए गए। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवा के प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, लखनऊ महामंत्री अनुज गौतम, दीपेश गुप्ता, सुनीत साहू जिला प्रभारी पतंजलि सिंह, महामंत्री सनत गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, रज्जन लाल श्रीवास्तव, मनोज पांडेय, शीलू बाजपेयी, सोशल मीडिया प्रभारी संजय निधि अग्रवाल, सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# गोमती नदी के जल से प्रदूषण हटाने में जुटे



लखनऊ। स्वच्छ पर्यावरण सेना लखनऊ ने विश्व जल दिवस के अवसर पर प्रातः 6 बजे झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर गोमती नदी के जल से प्रदूषण हटाने का कार्य किया। लगभग 2 घंटे चले इस स्वच्छता अभियान के संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में शिव कुमार सोनी हरिनाम सिंह , उदय सिंह, आयुष बंसल, कमलेश कुमार , विष्णु तिवारी, मनोज सिंह अनुग्रह सिंह परमेश जोशी अजय जोशी विवेक जोशी नाथ शरण त्रिपाठी निहार सिंह सी के वर्मा, गया प्रसाद वर्मा संजय वर्मा पंकज तिवारी कृपा शंकर वर्मा मुकेश चौरसिया ललित कश्यप प्रार्थना वर्मा , शक्ति तिवारी शगुन तिवारी उपासना तिवारी शिखा सिंह, प्रीति जैन आर्या त्रिपाठी अर्चना सिंह, इत्यादि ने विश्व जल दिवस के अवसर पर पहले गोमती नदी के जल को साफ किया फिर आदि गंगा गोमती मां की आरती की तथा मिष्ठान वितरण किया।

# ग्लेशियर दुनिया के लगभग 70% ताजे पानी का संग्रहीत स्रोत

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), यूपी स्टेट सेंटर में विश्व जल दिवस मनाया गया। जिसकी थीम ₹ग्लेशियर संरक्षण₹ है, जिसमें वैश्विक जल आपूर्ति को बनाए रखने में ग्लेशियरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे जल प्रवाह बाधित हो रहा है और बाढ़, सूखे और बढ़ते समुद्र के स्तर के माध्यम से लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। समुदायों और पारिस्थितिकी तंत्रों की रक्षा के लिए जलवायु परिवर्तन को कम करना और ग्लेशियरों के नुकसान के अनुकूल होना आवश्यक है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. जमाल नुसरत प्रो. वालिमी और एसई यूपी, सिंचाई सेवानिवृत्त थे, उन्होंने पिघले हुए पानी को स्थायी रूप से प्रबंधित करने और उत्सर्जन को कम करने, भविष्य के लिए महत्वपूर्ण जल संसाधनों को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। लाखों लोगों को मीठा पानी उपलब्ध कराने में ग्लेशियरों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है। ग्लेशियर दुनिया के लगभग 70% ताजे पानी को संग्रहीत करते हैं, जो पीने के पानी, कृषि और जलविद्युत के लिए महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में काम करते हैं। हालाँकि, जलवायु परिवर्तन से प्रेरित ग्लेशियरों का तेजी से पीछे हटना इन महत्वपूर्ण संसाधनों को खतरे में डालता है। थीम में ग्लेशियरों की रक्षा के लिए वैश्विक कार्रवाई का आग्रह किया गया है, जो न केवल जल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि ग्लेशियरों के पिघले पानी पर निर्भर पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। ग्लेशियरों को संरक्षित करने के प्रयासों के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें ग्रीनहाउस गैस को कम करना भी शामिल है उत्सर्जन, टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा देना और इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से नीतियों को लागू करना। तकनीकी प्रगति, जैसे उपग्रह निगरानी और जलवायु मॉडल, ग्लेशियर के स्वास्थ्य का आकलन करने और भविष्य में होने वाले परिवर्तनों की भविष्यवाणी करने में आवश्यक हैं। ग्लेशियर समृद्ध क्षेत्रों में संरक्षण की पहल मानव प्रभाव को कम करने और ग्लेशियल जल के निरंतर प्रवाह को सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण है। ग्लेशियर संरक्षण को प्राथमिकता देकर, हम महत्वपूर्ण मीठे पानी को सुरक्षित करते हैं, जैव विविधता की रक्षा करते हैं, और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कमजोर समुदायों की लचीलापन बढ़ाते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, यूपी स्टेट सेंटर के एससीसी सदस्य एवं पूर्व एम डी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, सुधीर कुमार वर्मा, ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

# निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मी मेरठ में करेंगे महापंचायत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ**। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने की बिडिंग पर सवाल उठाते हुए इसे पूरी तरह असंवैधानिक करार देते हुए तत्काल निरस्त करने की मांग की है। इसके साथ ही 115वें दिन प्रदेश भर में सभी जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किए गए। संघर्ष समिति ने कहा कि ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने के लिए आरएफपी डॉक्यूमेंट में बार-बार बदलाव किया गया। कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के अति महत्वपूर्ण प्राविधान को हटा दिया गया। अंततः जो तीन बीड आई वह कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट के दायरे में आती हैं। यह भी कहना अनुपयुक्त नहीं होगा कि ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति के लिए बिडिंग में फिक्सिंग की गई है। यह सब अत्यन्त गम्भीर मामला है। इससे स्पष्ट हो गया है कि उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों के बिजली के निजीकरण में भारी घोटाला होने जा रहा है। उधर आज गुवाहाटी में पूर्वोत्तर भारत के 08 प्रान्तों के बिजली कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के संयुक्त सम्मेलन में बिजली कर्मियों के निजीकरण के विरोध में चल रहे आन्दोलन के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में निजीकरण का निर्णय वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी गई कि यदि निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया गया तो पूर्वोत्तर भारत के बिजली कर्मी मूक दर्शक नहीं रहेंगे और उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे। पूर्वोत्तर भारत के सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि 9 अप्रैल की लखनऊ रैली में पूर्वोत्तर भारत के बिजली कर्मी आयेंगे। संघर्ष समिति 24 अप्रैल को मेरठ में बिजली महा पंचायत की तैयारी के लिए 22 व 23 मार्च को बिजली उपभोक्ताओं और किसानों से व्यापक जनसंपर्क का अभियान चला रही है।

# जल और स्वच्छता संकट के समाधान पर हुई अहम चर्चा




● सुएज इंडिया ने जल और स्वच्छता संकट के समाधान पर आयोजित की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शनिवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर सुएज इंडिया और इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन ने जल एवं स्वच्छता संकट के समाधान को लेकर एक विचार-विमर्श सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट में आयोजित हुआ, जिसमें नागरिक जीवन में स्वच्छ जल की उपलब्धता और सतत प्रबंधन पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत भरवारा एसटीपी परिसर में पौधरोपण के साथ हुई। इस दौरान के चेयरमैन संजय सिंह ने समाज में बदलाव की रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कहा, ₹समाज को बदलने के लिए सबसे पहले हमें स्वयं में बदलाव लाना होगा। जल संरक्षण और स्वच्छता की आदतों को अपनाकर ही हम संकट से निपट सकते हैं।₹ विश्व जल दिवस के अवसर पर *सुएज इंडिया के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल* ने जल के सीमित संसाधन होने पर जोर देते हुए कहा, ₹जल न केवल जीवन का आधार है, बल्कि अर्थव्यवस्था की धुरी भी है इसके संरक्षण के लिए तकनीकी इनोवेशन और जन-जागरूकता दोनों जरूरी हैं।

कार्यक्रम में ऑल इंडिया वाटर वर्क्स एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन पी.के. चौरसिया, सेक्रेटरी कमल सिंह, डी एन यादव जलनिगम से जेई सौरभ यादव तथा सुएज इंडिया से प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारती, जन संपर्क अधिकारी अक्षत सक्सेना, मयंक कुमार, अरुण द्विवेदी एवं अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। उपस्थित विशेषज्ञों ने जल पुनर्चक्रण और सार्वजनिक नीतियों में सुधार जैसे मुद्दों पर मंथन किया। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट था, जल संरक्षण सभी की साझा जिम्मेदारी है, और इसके लिए सरकार, निजी क्षेत्र और आम नागरिकों को मिलकर काम करना होगा।

# गृहकर वसूली के लक्ष्य 700 करोड़ से पीछे चल रहा निगम

● नगर निगम ने टैक्स वसूली को लेकर की सख्ती

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्त होने में लगभग सात दिन बचे हैं। नगर निगम 700 करोड़ रुपये के गृहकर वसूली के लक्ष्य से काफी पीछे है। पिछले वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने 19 मार्च 2024 तक 341 करोड़ रुपये गृहकर जमा कराया था वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में इसी अवधि में नगर निगम 4.72 लाख भवन स्वामियों से लगभग 445 करोड़ रुपये गृहकर जमा करा चुका है। अगले कुछ दिनों में करीब 100 करोड़ रुपये वसूलने का लक्ष्य है। इसके लिए नगर निगम बड़े बकायेदारों के खिलाफ कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई कर रहा है।

नगर निगम के रिकार्ड में कुल 7,18,243 भवन हैं। 19 मार्च तक लगभग 2.45 लाख भवन स्वामियों ने अपना बकाया गृहकर जमा नहीं किया है। 4.72 लाख भवन स्वामियों ने ही गृहकर जमा किया है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 से वर्तमान वित्तीय वर्ष में 68,344 भवन बढ़ गए हैं। इन भवन स्वामियों से वसूली के लिए नगर निगम बकाये का मैसेज भेजने के साथ वसूली का दबाव बना रहा है। नगर निगम को छोटे और बड़े बकायेदारों से मिलाकर लगभग 200 करोड़ रुपये गृहकर मिलना है। इसके अलावा कई सरकारी विभागों से भी सर्विस चार्ज के तौर पर टैक्स मिलना है। लगभग 2.45 लाख भवन स्वामियों ने गृहकर जमा नहीं किया है। नगर निगम को लगभग 200 करोड़ रुपये बकाया मिलना है।

## लखनऊ मेट्रो के चार स्टेशनों पर मिलेंगे आईपीएल मैच के टिकट

लखनऊ। राजधानी में होने वाले आईपीएल मैच का टिकट इस बार लखनऊ मेट्रो के चार स्टेशनों पर भी मिलेंगे। लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने लखनऊ मेट्रो से प्रचार के लिए करार किया है। अब आईपीएल के टिकट चार मेट्रो स्टेशन में बिकेंगे। इसके साथ ही जल्द ही टीम के खिलाड़ी मेट्रो का सफर करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए एक ट्रेन को टीम की जर्सी के रंग में रंग दिया गया है। लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी ने अटल बिहारी वाजपेयी (इकाना क्रिकेट) स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच को लेकर बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने टीम के मैनेजमेंट को लखनऊ में प्रचार करने को कहा था। प्रचार नहीं होने पर फटकार भी लगाई थी। उनकी फटकार के बाद टीम के मैनेजमेंट के लोगों लखनऊ मेट्रो से प्रचार का करार किया है। मेट्रो प्रशासन ने एक ट्रेन को टीम की जर्सी के रंग में रंग दिया है। इसके साथ ही चार स्टेशन में टिकट काउंटर भी बन रहे हैं। जहां पर लखनऊ में होने वाले सारे मैच के टिकट मिलेंगे। आईपीएल लखनऊ में कई धमाकेदार मैच खेले जाएंगे। दर्शकों की सुविधा के लिए मेट्रो का संचालन रात 12:30 बजे तक दोनों छोर से किये जाने की योजना है।

# आरटीओ कार्यालय में अवकाश के दिन कार्य करने के लिए लेना होगा परमिशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। अवकाश के दिन आरटीओ कार्यालय में कार्य करते कोई भी पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कार्यालय खोलने से एक दिन पहले इसकी अनुमति लेना होगा। डीएम विशाखा जी आरटीओ कार्यालय मे भ्रष्टाचार रोकने के लिए औचक निरीक्षण करते हुए निर्देश दिया था कि कार्यालय के अन्दर कोई भी बाहरी व्यक्ति किसी भी बाबू के पास कार्य करते पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जायेगा।

**कौन है जो अवकाश के दिन भी कार्यायल में कर रहा है कार्य :** आरटीओ कार्यालय में इन दिनो अधिकारियों द्वारा खुब सख्ती दिखाई जा रही है कोई भी बाहरी व्यक्ति देखा जा रहा है तो उससे पुछताछ हो रही है। यहा तक की कैमरे में भी देखकर लोगो से आने का कारण जाना जा रहा है। सख्ती बढ़ी तो कुछ बाबु और अधिकारी अवकाश के दिन कार्यालय बंद होने के बाद फाइलो को दनादन निपटा रहे है।

**स्थाई डीएल के लिए चलाना होगा गाड़ी, देख सकते है डीएम:** परमानेंन्ट डीएल बनवा रहे है तो आपको गाड़ी चलाना ही पड़ेगा। गाड़ी चलाने के बाद ही डीएल बन सकेगा। एक दिन में 150 से अधिक डीएल बन रहा है तो आखिर इतने आवेदक गाड़ी क्यो नही चला रहे है। डीएम विशाखा जी ने कहा कि एक पूरे दिन का वीडियों की जांच होगी कि कितने आवेदको ने गाड़ी चलाकर दिखाई और कितनो ने बिना गाड़ी चलाये की डीएल बनवा लिया।

**कर्मचारी को पहनना होगा पहचान पत्र:** ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में कौन बाहरी है और कौन विभाग का है इसकी पहचान के लिए बाबू, चपरासी, गार्ड और कार्यालय में तैनात अन्य लोगों को भी पहचान पत्र लगाना होगा। डीएम ने कहा कि अधिकारी को निर्देश दिया जायेगा कि सभी को आई कार्ड पहने।

# गर्मियों में चौराहों पर छाया के लिए ग्रीन मैट्स और पेयजल की रहेगी व्यवस्था

● तालाबों, पोखरों में करायें एंटी लार्वा का छिड़काव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गर्मियों को लेकर शहर के जिम्मेदार विभागों ने अभी से कमर कस ली है। शहर के बड़े चौराहे/ट्रैफिक सिग्नल पर दो पहिया वाहन सवारी के लिए छाया के लिए ग्रीन मैट्स और पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। अस्पतालों में पंखे, कूलर और एसी की मरम्मत कराने और ओपीडी, सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल व पंखों की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जिले में प्वाइंट बनाकर पेयजल की व्यवस्था और ओआरएस की व्यवस्था कराई जाए। नगर निगम और पशुपाल विभाग को पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए गोशाला में शेड बनवाने व पेयजल की व्यवस्था करें। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर निगम के सभी वार्डों में कुल 116 प्वाइंट्स बनाए जा रहे हैं। जिसमें टेंट में कूलर, पेयजल और गुड़ की व्यवस्था की जाएगी।

डेंगू से निपटने के लिए प्रत्येक जोन में पड़ने वाले तालाबों, जलाशयों, पोखरों और जल जमाव वाले क्षेत्रों की मैपिंग कराते हुए ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम प्रतिदिन स्मार्ट सिटी के लिए किए गए कार्यों की रिपोर्टिंग करेंगे, जिसकी 15 दिन में समीक्षा होगी। ये निर्देश जिलाधिकारी विशाख जी ने संक्रमण और संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बुलाई गई बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जिस क्षेत्र में डेंगू के ज्यादा केस रिपोर्ट हुए थे वहां समय के समय एंटी लार्वा छिड़काव और फागिंग कराने के लिए रोस्टरवार ड्यूटी लगाई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर लगवाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए।

# द पाल्मस गोल्फ नेशनल टीम चैंपियनशिप की हुई शुरुआत





● चैंपियनशिप में कुल 14 टीमों ने लिया भाग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। द पाल्मस गोल्फ क्लब, सुशांत गोल्फ सिटी, लखनऊ के तत्वावधान में द पाल्मस गोल्फ नेशनल टीम चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ क्लब के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह तलवार ने किया। चैंपियनशिप में कुल 14 टीमों ने भाग लिया जिसमें स्थानीय टीमों के अलावा रायबरेली, गोरखपुर, दिल्ली और मुंबई की टीमें भाग ले रही हैं, आज कुल 56 गोल्फर ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, कल भी इतने ही खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और दोनों दिन के खेल के आधार के आधार विजेता और उपविजेता घोषित किया जाएगा। टूर्नामेंट का संचालन जे ओजस और उनकी टीम द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर टेलर मेड कंपनी द्वारा अपने नए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। यह जानकारी गोल्फ ऑपरेशन के प्रबंधक राम मिलन ने दी।

# लविवि के 29 छात्रों ने उत्तीर्ण की गेट परीक्षा

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के 29 छात्रों ने गेट-2025 परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और संकायाध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गेट-2025 परीक्षा में संकाय के प्रखण्ड पटेल ने ऑल इंडिया रैंक 326 और सौरभ पांडेय ने ऑल इंडिया रैंक 342 प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। गेट परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों में प्रखण्ड पटेल, सौरभ पांडेय, रणजीत सिंह, बुशरा आजमी खान, विवेक कुमार, आयुष विश्वकर्मा, अरिंदम शुक्ला, रविंद्र कुमार, तहजीब अहमद, ओमिशा अग्रवाल, वेदानंद झा, उत्कर्ष द्विवेदी, अंकित चौहान, आदित्य वर्मा, शिव प्रताप राय, अनुभव सिंह, प्रिंसी बल्लभ, आयुष सोमवंशी, आयुष पाल, प्रिंसी अग्रवाल, तनिष्क सिंह, अंशुमान वर्मा, सौम्या सिंह, श्वेता, युवराज सिंह और

# राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मंडल द्वारा गुलमोहर रेस्टोरेंट राजाजीपुरम में आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। आनंद द्विवेदी ने व्यापारियों को पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान फूलों से होली खेली गयी। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को दोबारा महानगर अध्यक्ष निर्वाचित होने की खुशी में व्यापारियों ने बड़ी माला पहनकर स्वागत अभिनंदन किया और स्मृति चिन्ह के रूप में गदा भेंट की। इस अवसर पश्चिम विधानसभा उपविजेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव लखनऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, राजाजीपुरम परिक्षेत्र अध्यक्ष उमेश शर्मा, रामशंकर राजपूत, उदय नारायण पांडे, शिवपाल सांवरिया सहित व्यापारीगण, पार्षदगण एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## काकोरी हत्याकांड में आनंद द्विवेदी से मिला लोधी समाज

**लखनऊ**। लोधी समाज के जनप्रतिनिधियों ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी से शनिवार रात भेंट की और काकोरी में शुक्रवार रात को मनोज और रोहित की सरेआम हत्या के गुनहगारों की तुरंत गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना की पूरी जानकारी मिलने के बाद आनंद द्विवेदी ने पुलिस कमिश्नर से फोन पर वार्ता की और हत्याकांड की जानकारी लेकर हमलावरों के खिलाफ कानूनी रूप से कड़ी कार्यवाही करने को कहा। पुलिस कमिश्नर ने अवगत कराया कि एक हमलावर को गिरफ्तार किया जा चुका है और अन्य की तलाश जारी है और जल्द ही गिरफ्तार करके कार्यवाही की जाएगी और किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# अनियंत्रित वाहन की टक्कर से महिला की मौत, बेटी का पैर फैक्चर



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में तीन दिन पूर्व अपने नवजात शिशु व अपनी पुत्री के साथ लोकवन्धु अस्पताल से इन्जेक्शन लगवा पैदल जा रही महिला को एक आटो ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी जिससे महिला समेत उसकी पुत्री चोटिल हो गई वहीं ट्रामा में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई जबकि पुत्री का पैर फैक्चर हो गया ` कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि कस्बा बिजनौर मोहल्ला गठी थाना बिजनौर निवासी मेराज अली पुत्र बाबू के अनुसार वह अपनी पुत्री गुडिया (31) पत्नी अनीश बीते 19 मार्च की सुबह अपने नवजात शिशु व और नातिन अरशी के साथ लोकवन्धु अस्पताल से इन्जेक्शन लगवा कर वापस पैदल घर लौट रहे थे। उस दौरान आटो नम्बर यूपी 32 आरएन 5067 के चालक ने तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर उनकी पुत्री व नातिन को टक्कर मार चोटिल अवस्था में छोड़ फरार हो गया। जिसे राहगीरों ने उपचार के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने उनकी पुत्री को ट्रामा रेफर कर दिया ट्रामा पहुँचने के पुर्व ही उनकी पुत्री की मृत्यु हो गई तथा नातिन अरशी का पैर फेक्चर हो गया है। जिसका उपचार चल रहा है। वहीं पीड़ित पिता का कहना था कि घटना की करतूतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसके फुटेज उसके पास मौजूद हैं। मृतका के पिता ने ऑटो नंबर आधार पर कृष्णा नगर थाने पर सूचना दे मुकदमा दर्ज कराया हैं।

**ई रिक्शा से चोटिल महिला की अस्पताल में मौत:** काकोरी इलाके में शुक्रवार शाम ईरिक्शे की ठोकर से चोटिल हुई पुरैना निवासी जीतलाल रावत की पत्नी सुन्दरी (55) की शनिवार को घुरघुरी तालाब स्थित एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। सुन्दरी पुरैना निवासी जीतलाल रावत की पत्नी थीं। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की शाम सुन्दरी खेत से आलू की खुदाई कर घर वापस आ रही थी। रास्ते में रोड क्रॉस करते समय तेज गति से आ रहे ई रिक्शा ने ठोकर मार दी जिससे सुन्दरी को गंभीर चोटें आई थीं। तत्काल परिजनों द्वारा घायल सुन्दरी को घुर घुरी तालाब स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बाइकों की भिड़ंत में गयी युवक की जान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** काकोरी के महतवा गाँव निवासी 22 वर्षीय मृतक आजाद रावत पुत्र मनोज रावत की बाइक उस समय सामने से आ रही अनियंत्रित बाइक से भिड़ गई जब आजाद किसी काम से बुद्धेश्वर की ओर जा रहे थे। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा दोनों घायलों को लोकबंधु हॉस्पिटल भिजवाया गया जहां के डॉक्टरों ने घायलों की हालत बिगड़ते देख ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

इलाज के दौरान आजाद की मौत की खबर सुनते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया वहीं दुर्घटना में घायल दूसरे बाइक सवार का इलाज चल रहा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कई अफसर किये गये इधर से उधर

लखनऊ। पुलिस कमिश्नर नें कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कई अफसरों के कार्यक्षेत्रो में फेरबदल किया है। पुलिस कमिश्नर नें रवीना त्यागी पुलिस उपायुक्त मध्य को भी हटा दिया है। उन्हें पुलिस उपायुक्त, अभिसूचना एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी दी है। वही कमलेश कुमार दीक्षित पुलिस उपायुक्त अपराध को पुलिस उपायुक्त, अपराध के साथ पुलिस उपायुक्त महिला अपराध का अतिरिक्त कार्यभार सौपा है।

इसके अलावा सौम्या पाण्डेय सहायक पुलिस आयुक्त यातायात को भी हटा दिया है। उन्हें सहायक पुलिस आयुक्त, महिला अपराध के साथ यू०पी०-112 एवं सोशल मीडिया सेल का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। इसके अलावा अंशू जैन सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध को सहायक पुलिस आयुक्त यातायात की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। नवीन तैनाती पुलिस कमिश्नर नें करते हुए अफसरों से कहा है कि वह तत्काल नवीन तैनाती वाले पदो पर कार्यभार अवश्य ग्रहण कर ले।

## दी जान से मारने की धमकी

लखनऊ। सरोजनी नगर इलाके में एक युवक को सम्मानित करने के उद्देश्य से गालियां देते हैं जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमौसी अनौरा निवासी राहुल यादव पुत्र हरिश्चंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि 13 मार्च को इंट्राग्राम आई डी बनाकर हमे अपमानित करने के उद्देश्य से हैतरह की गालियां दी और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मैं जहूरूल निशा पत्नी स्व. शेख मैनेजर नि. ग्राम व पोस्ट टिकरी, थाना, तह. व जनपद अमेठी का निवासी हूं मेरे आधार कार्ड में नाम जहरूला बेगम है और मेरे बेटे फिरोज अहमद के अंकपत्र में मेरा नाम जहूरूल निशा है। जहरूला बेगम व जहूरूल निशा दोनों मेरे नाम है मुझे अब जहूरूल निशा के नाम से जाना पहचाना जाय।

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र विजय यादव पुत्र स्वर्गीय जमुना प्रसाद मेरे कहने सुनने में नहीं है यह मयार्दा विरोधी कार्यो में लिप्त है। इसे मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रही हूं इसके द्वारा किसी भी कृत्य/लेनदेन के लिए परिवार का कोई सदस्य उत्तरदायी नहीं होगा। विमला देवी पत्नी स्वर्गीय जमुना यादव निवासी 4/9/90 खुर्दाबाद साहबगंज जनपद अयोध्या।

**NOTICE**

I Nishit Kumar Sinha S/o Late Satyendra Nath Sinha, R/O- 00, Station Road, Punjabi Colony, Near State Bank, Jaunpur - U.P.- 222001 - India, My Original Agreement Copy, Receipt No. 905893 Date: 10.05.13 Amount Rs. 392000.00, Receipt No. 1041209 Date: 01.03.14 Amount Rs. 433862.00, Receipt No. 1168433 Date: 15.04.15 Amount Rs. 555907.18, Receipt No. 1190709 Date: 30.05.15 Amount Rs. 416930.75, Receipt No. 1205674 Date: 12.08.15 Amount Rs. 418588.93.00, Receipt No. 1245654 Date: 20.02.16 Amount Rs. 557537.00, Receipt No. 1251309 Date: 17.03.16 Amount Rs. 279395.00, Receipt No. 1274723 Date: 19.05.16 Amount Rs. 281352.00, Receipt No. 1305005 Date: 03.08.16 Amount Rs. 328127.00, Receipt No. 1334159 Date: 05.11.16 Amount Rs. 281755.00, Receipt No. 1353020 Date: 21.01.17 Amount Rs. 281756.00, Receipt No. 1417224 Date: 10.05.17 Amount Rs. 561940.00, Receipt No. 1595227 Date: 13.09.17 Amount Rs. 328127.00, Receipt No. 2038237 Date: 18.01.24 Amount Rs. 786511.00, Receipt No. 2064907 Date: 03.04.24 Amount Rs. 44512.90 Against Customer Id- ORLS/479 respectively issued by Omaxe Limited are misplaced somewhere. Any person who finds it please return it to zonal office of OMAXE LTD. at OMAXE LTD., Cyber tower 2nd floor, TC-34/V2, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow Or Call on No- 9935092305.

# काकोरी : डबल मर्डर में किसी नतीजे पर नहीं पहुंची पुलिस




- खुलासे के लिए लगाई गईं पांच टीमों, संदिग्ध लोगो से हों रही पूँछतांछ
- कई लोगो को हिरासत में लेकर पुलिस उगलवा रही सच्चाई, नहीं हुआ राजफास

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शुक्रवार रात काकोरी के नदवा पुल के पास हुये छात्रों के डबल मर्डर के दूसरे दिन पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। यह हत्या किसने की कुछ भी पता नहीं चल सका है। हलांकि पुलिस नें इस घटना के खुलासे के लिए पांच टीमें लगाई है। इसके अलावा कई लोगो को हीरासत में लेकर पूंछ तांछ कर घटना के खुलासे के प्रयाश कर रही है। डबल मर्डर में दो छात्रों की दरांती से गला रेतकर बेरहमी से हुई हत्या से आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल कायम है। शुक्रवार रात काकोरी के नदवा पुल के पास डबल मर्डर हुआ। दो छात्रों की दरांती से गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावरों ने फिर उनके शवों को सड़क किनारे फेंक दिया। राहगीरों ने शवों को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। इस मामले में ग्रामीणों नें विरोध भी किया। पुलिस नें शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए विशेष रूप से पांच पुलिस टीमों को लगाया गया है। हलांकि शुरूआती जांच में इन हत्याओं का कारण व्यक्तिगत दुश्मनी सामने आया है। पुलिस अपराध के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए सभी दिशा में जांच कर रही है। इस घटना में दोनों मृतकों की पहचान पुलिस नें 25 वर्षीय मनोज और 26 वर्षीय रोहित के रूप की है। पुलिस की माने तो काकोरी के पानखेड़ा गांव के निवासी हैं। मनोज आईटीआई परीक्षा की तैयारी कर रहा था, जबकि रोहित रेलवे प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। दोनों शाम को बाइक से घर से निकले थे और अपने परिजनों से कहा था कि वे एक पार्टी में जा रहे हैं। घर से मात्र पाँच किलोमीटर की दूरी पर अज्ञात हमलावरों ने घात लगाकर उन पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। इस घटना को लेकर स्थानीय निवासियों ने सड़क पर शवों को देखा, तो वे रुक गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई थी।

**सभी दिशा में चल रही तफ्तीश, पुलिस जल्द करेगी खुलासा:** डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित बताते है कि इस मामले का पुलिस जल्द खुलासा करेगी। खुलासे के लिए पांच टीमें गठित की गईं है। पुलिस लगातार लोगो से पूंछतांछ कर रही है। घटना के पीछे उद्देश्य क्या था अभी यह नहीं सामने आ सका है। पुलिस सभी दिशा में काम कर रही है। अभी कुछ कहना उचित नहीं है। जल्द ही जाँच में पूरा मामला सामने आ जायेगा।

**जमीन कब्जेदारी के विवाद में दो पक्षों ने एक दूसरे पर दर्ज कराया मारपीट का मुकदमा :** नगराम के कमालपुर बिचलिका का मजरा बल्दी खेड़ा गांव में शुक्रवार शाम घर के सहन के पास जमीन पर कब्जा को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि एक पक्ष के राज कुमार की पत्नी रामरती द्वारा महादेव के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया है वहीं दूसरे पक्ष के महादेव की पत्नी पार्वती द्वारा राजकुमार के विरुद्ध दी गई तहरीर पर मार-पीट गाली गलौज सहित जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों ही मामलों की जांच उपनिरीक्षक अनुज भाटी को सौंपी गई है।

## चालीस वर्षीय व्यक्ति ने बाजारखाला इलाके में की आत्महत्या

लखनऊ। राजधानी के थाना बाजारखाला क्षेत्र में एक चालीस वर्षीय व्यक्ति नें फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आत्महत्या के कारणों की जाँच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक बदेवा के रहने वाले आनंद सोनकर नें पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह कमरे में पहुंचे तो देखा कि उनके चाचा अजय सोनकर उम्र करीब 40 वर्ष ने अपने कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। शव को लटके देख उन्होंने परिजनों के साथ बॉडी को नीचे उतार लिया है। जानकारी मिलने पर थाना बजारखाला के वरिष्ठ उप निरीक्षक नरेंद्र चौहान मौके पर पहुंचे और पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज कर मामले की जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक नें आत्महत्या क्यों की है, इस बात की पड़ताल की जा रही है।

## बुजुर्ग महिला से छीनी सोने की चेन, फरार

लखनऊ। राजधानी के चिनहट थाना पीतांबर कालोनी कंचनपुर मटियारी, में एक बुजुर्ग महिला से चेन स्नैचिंग कर मोटर साईकिल से सवार दो बदमाश सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए फरार हों गये। थाना चिनहट के पीतांबर कालोनी कंचनपुर मटियारी के रहने वाले संजीव सिंह नें बताया कि उनकी माताजी प्रतिदिन की तरह प्रातः करीब पांच बजकर पैतालीस मिनट पर टहलने के लिए निकलीं थी कि कालोनी के आगे रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाश उनके गले में पहनी सोने की कीमती चेन को छीनकर मौके से भाग गए। पुलिस का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर मोटर साईकिल सवार दो बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस नें बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज चेक करना शुरू कर दिया है।

## राजेश द्विवेदी को बनाया गया एसपी शाहजहांपुर

लखनऊ। शासन ने शनिवार को दो आईपीएस अफसरों को तैनाती दी है जिसमें महाकुंभ मेला को सकुशल संपन्न कराने का का इनाम देते हुए मेला प्रभारी रहे राजेश द्विवेदी को एस पी शाहजहांपुर बनाया है वहीं एसपी शाहजहांपुर राजेश यस को पदोन्नति देते हुए बांदा परिक्षेत्र का उप महानिरीक्षक बनाया गया है।

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 21.03.2025 को प्रकाशित जल-कल जोन-4 के विज्ञापन अल्प कालीन निविदा सूचना में प.सं./ निविदा/ ई.ई.-4/ 2024-25 दिनांक 2025 त्रुटिवश प्रकाशित हो गया है, जिसके स्थान पर प.सं.-660/ निविदा/ई.ई.-4/2024-2025 दिनांक 19.03.2025 पढ़ा जाय।

जलकल जोन-4
गोमती नगर, लखनऊ

## ज्वैलरी शॉप पर खरीददारी करने आये दो लोग लाखो की चेन लेकर फरार

लखनऊ। राजधानी के बाजार खाला क्षेत्र में एक ज्वैलरी शॉप से खरीददारी के दौरान दो लोगो नें लाखो रुपए की कीमत की सोने की चेन पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी हुई है। थाना पारा में मोती झील कालोनी के रहने वाले मनीष रस्तोगी नें बताया कि उनकी शिवपुरी जलालपुर में रस्तोगी ज्वैलर्स नाम की दुकान में समय करीब साढ़े तीन बजे दिन में दो अज्ञात व्यक्ति दुकान में आए और कीमती चेन जिसकी अनुमानित कीमत करीब ग्यारह लाख रुपए है। अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। पुलिस नें इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खगालने शुरू कर दिए है। सोने की चेन ले जाने वाले अज्ञात व्यक्ति कौन थे उनकी पहचान के लिए साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जाँच पड़ताल की जा रही है जल्द चोरो का पता लगा लिया जायेगा।

## अधिवक्ता की बुजुर्ग मां से बदमाशों ने लूटी चेन

लखनऊ। चिनहट के कंचनपुर मटियारी में शनिवार सुबह टहलने निकली एक अधिवक्ता की बुजुर्ग मां की दो बाइक सवार बदमाश चेन लूटकर भाग निकले। महिला के शोर मचाने पर लोग एकत्र हुए, लेकिन तब बदमाश फरार हो चुके थे। पुलिस महिला की शिकायत पर बदमाशों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला और नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया लेकिन बदमाशों का कहीं कोई सुराग नहीं लगा। चिनहट के कंचनपुर मटियारी स्थित पीताम्बरा विहार कालोनी निवासी संजीव सिंह पेशे से अधिवक्ता हैं। संजीव सिंह के मुताबिक शनिवार सुबह उनकी 75 वर्षीय मां यशोदा सिंह टहलने निकली थी। तभी पीताम्बरा विहार कालोनी गेट के पास वर्मा जनरल स्टोर के सामने बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी मां के गले से सोने की चेन झपट्टा मारकर खींच ली और सीता मिष्ठान भण्डार की तरफ भाग निकले।

**महिला से दो लाख हड़पे :** पारा कोतवाली में महिला ने दो लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपितों ने डूडा आवास दिलाने का झांसा देकर रुपये लिए थे। हंसखेड़ा निवासी चांदनी मकान तलाश रही थी। इस सिलसिले में महिला की पहचान विनोद सोनकर से हुई। जो कपड़ा सिलाई करता है।

# सोशल स्काई कैफे में चल रहा था अवैध हुक्का बार, 11 गिरफ्तार

- पुलिस नें छापा मार कर बरामद किया हुक्का और अन्य सामान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पूर्वी जोन के थाना-गोमतीनगर विस्तार इलाके के सोशल स्काई कैफे में अवैध रूप से हुक्का बार का संचालन हों रहा था। एक सूचना पर पुलिस नें छापेमारी कर ग्यारह लोगो को गिरफ्तार किया है। जिस कैफे में हुक्काबार का संचालन हों रहा था वह मलेशेमऊ पेट्रोल पम्प के बगल में स्थित है। पुलिस नें इसमें सात हुक्का और पाइप तथा दो टूटे हुए हुक्का तथा इसमें प्रयोग करने वाली भारी मात्रा में सामग्री वरामद किया है पुलिस नें अवैध रूप से संचालित कैफे को सील कर दिया है।

डीसीपी अपराध कमलेश दीक्षित नें बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस को जानकारी मिली थी कि सोशल स्काई कैफे में अवैध हुक्का बार की जानकारी पुलिस को मिली थी। इस पर पुलिस टीम सोशल स्काई कैफे को चेक किया गया तो सोशल स्काई कैफे में अमन यादव व अनूप कुमार तथा आफताब आलम और अबू सहमा व मो० नफीस आलम खान व जैब खान तथा कादिर मंसूरी व जैनुल और अब्दुल हस्सान खान तथा अब्दुल्ला खान मौजूद मिले। पुलिस नें इन ग्यारह लोगो को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से सात चालू हुक्का व दो टूटे हुए हुक्का और बीस चिलम व पंद्रह पाइप तथा नौ सपोर्टिंग रॉड और छह चिमटी एवं कोयलों का टुकड़ा और तिरपन पैकेट हुक्का फ्लेवर व नौ खुले पैकेट जिन पर तम्बाकू के उपयोग से जीवन के खतरे के सम्बन्ध में शर्ते लिखी है। पुलिस नें बरामद किया। इसके अलावा दो पैकेट फिल्टर बंद व एक खुला हुआ और दो सिल्वर फॉइल पैकेट बंद व एक खुला प्रयोग किया हुआ तथा एक डिब्बा सुपारी बंद व एक खुला डिब्बा प्रयोग किया हुआ और हुक्का चार्जर तथा दो हीटर और दो स्प्रिंग मिला जिनके बारे में पकड़े गये लोगो से सम्बन्धित प्रप्रत्र आदेश दिखाने के लिये कहा गया तो कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पुलिस नें सभी को गिरफ्तार किया।




**चिलम के बाद गहराया, गांजा के कारोबार का शक:** पुलिस को मौके से बीस चिलम मिलने के बाद यह आशंका हों गईं है कि हुक्का बार में आने वाले लोगो को गांजा भी पिलाया जाता है। इसको लेकर अब वह इस बात के भी सबूत जुटा रही है कि गांजा किस तरीके से लोगो तक पहुँच रहा था। चर्चा है कि चिलम का प्रयोग अधिकतर गांजा पीने वाले करते है। सोशल स्काई कैफे में यदि पुलिस को गांजा के कारोबार के साक्ष्य मिले तो संचालको के विरुद्ध और सांगीन धाराओं में कार्रवाई होंगी। सीनियर अफसरों नें गोमतीनगर विस्तार पुलिस को इस बात के बड़े ही गोपनीय निर्देश दिए है कि वह गांजा के कारोबार का पता लगाये।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना :** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड /देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य/दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 04.04.2025 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 05.04.2025 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा/ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./ एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code - PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity eDistribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्युडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेन्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने/विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने/त्रुटि सुधार/ पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे। निविदा का विवरण निम्नवत है:- 1. ई-निविदा संख्या 142 एच (एफ) (कार्य)/ 2024-25 :- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम अयोध्या के अधीन जमा योजना के अन्तर्गत भक्ति पथ से हनुमानगढी होते हुए श्रीराम जन्मभूमि तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण हेतु मार्ग में बाधा बन रही विद्युत लाइन के शिफ्टिंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 34000.00। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या। ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''(पत्रांक 2333, दिनांक : 21.03.2025)**

# लापरवाही बरतने पर हटायी गयीं डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी

## सीपी की सक्रियता से टली बड़ी घटना, हो सकता था बवाल

- मदेयगंज थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस मिलने पर रवीना ने नहीं उठाया था जिम्मेदार नेताओं का फोन

राजा शेख (vol)

**लखनऊ।** एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपराध रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस के तहत पुलिस महकमे को खुली छूट देकर उत्साहित कर रहे हैं। वहीं, मातहत हैं कि लगातार लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। मामला मदेयगंज थाना क्षेत्र से जुड़ा है जहां पर डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी ने लापरवाही बरती लेकिन पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमरेन्द्र कुमार सेंगर की सक्रियता से बड़ी घटना टल गयी। इस पर बड़ा धार्मिक बवाल भी हो सकता था। इसी लापरवाही के चलते डीसीपी सेंट्रल पद से हटाकर रवीना त्यागी को अलग तैनाती दे दी गयी।

सूत्रों के अनुसार ताजा मामला लखनऊ कमिश्नरेट के मदेयगंज इलाके का है जहां पर एक मंदिर के पास प्रतिबंधित मांस डालकर अदब के शहर का माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। जब यह घटना स्थानीय लोगों के प्रकाश में आयी तो इलाके के कई विधायक, पार्षद व स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया। सूत्रों ने बताया कि हालात को देखते हुए मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी के लिए डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी को कई फोन किए गये लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ, तब सीपी लखनऊ को जानकारी दी गयी और उन्होंने मामले की गंभीरता को समझा और स्वयं कमान संभाली और मामले को निपटाने के लिए कई अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के लिए निर्देशित किया तब जाकर मामला पूरी तरह से शांत हुआ। यही नहीं इस घटना की जानकारी लखनऊ सीपी को भी रवीना त्यागी ने नहीं दी, जिसके बाद इस घोर लापरवाही पर रवीना को डीसीपी सेंट्रल के पद से हटाते हुए डीसीपी अभिसूचना एवं सुरक्षा में तैनात कर दिया गया। फिलहाल सीपी के आदेश पर मौके पर जोन से सम्बंधित कई अधिकारी और भारी फोर्स पहुंची और सीसीटीवी फुटेज देखे गये जिसमें एक कुत्ता मांस से भरी थैली लेकर आता दिखा था। यह देखने के बाद पुलिस कर्मी व स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



## 20 झोपड़ियां धधकीं, धमाके से पांच सिलेंडर फटे

**लखनऊ।** इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास शनिवार को खाना बनाते समय एक झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल हो गई। आसपास की 20 झोपड़ियां आग की चपेट में आ गई। इस बीच एक के बाद पांच सिलेंडर धमाके के साथ फट गए। आग की चपेट में आकर वहां खड़ी एक वैन, तीन बाइकें, एक दर्जन साइकिल व घरेलू सामान जल गया। सूचना पर पहुंची तीन दमकल ने डेढ़ घंटे की मशक्कत कर आग बुझाई। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। जानकीपुरम सेक्टर-ई में इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के पास धर्मेंद्र परिवार के साथ रहकर स्कूल वैन चलाते हैं। पत्नी रामेश्वरी शनिवार दोपहर 12:30 बजे चार माह के बेटे को गोद में लेकर खाना बना रही थी। साथ में बेटी पल्लवी व रोशनी भी थी। रामेश्वरी के मुताबिक बेटा अचानक रोने लगा। वह बेटे को लेकर बाहर आ गई। कुछ देर बाद वह वापस झोपड़ी में गई तो सिलेंडर जल रहा था। शोर मचाते हुए बच्चों को लेकर भागकर बाहर आ गई। कुछ ही देर में पूरी झोपड़ी जलने लगी। इस बीच सिलेंडर धमाके के साथ फट गया। देखते ही देखते आग ने पास में बनी अन्य झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में वहां बनी 20 झोपड़ियां जल गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ओरीपुर वि. ख. गौरीगंज अमेठी**

पत्रांक मेमो /नि.कार्य/मनरेगा 2024-25 | दिनांक 22/03/2025

**अल्पकालीन निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ओरीपुर, वि. ख. गौरीगंज जनपद अमेठी में मनरेगा योजना अंतर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदायें दिनांक 26/03/2025 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं एवं उसी दिन दिनांक 26/03/2025 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओं के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत | सामग्री का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भानू के घर से शैलेश कुमार दूबे के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 130x2.75m | 4.565 लाख | प्रथम श्रेणी ईंट, 40mm ईंट गिटटी, सीमेन्ट, मोरंग, लो. बालू, बालू 10/20mm गिटटी इंटरलाकिंग ईंट जिग जैग आकार आदि। |

**निविदा की शर्तें :-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
2. सामग्री की आपूर्ति आवश्यकतानुसार कार्यस्थल पर समय से करनी होगी।
3. आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप होनी चाहिए।
4. आपूर्तिकर्ता को GST NO की छायाप्रति उपलब्ध कराना होगा।
5. किसी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी का होगा।

सचिव, ग्राम पंचायत, ओरीपुर | ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत, ओरीपुर

# किरदार की कहानी को समझना पड़ता है : आन तिवारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सोनी सब का नया शो वीर हनुमान टीवी पर प्रसारित हो रहा है। इस शो में वीर हनुमान का किरदार बाल कलाकार आन तिवारी निभा रहे हैं. हाल ही में वॉयस ऑफ लखनऊ संवाददाता ने आन तिवारी का एक इंटरव्यू किया। अपने इस इंटरव्यू में आन ने अपने किरदार और अपने को- स्टार के बारे में बात की।

**इस शो से आप कैसे जुड़े ? आपका सेलेक्शन कैसे हुआ, इस बारे में कुछ बताये ?**

इस बारे में मुझे ज्यादा नहीं पता, ये सब मेरी मम्मी मैनेज करती है, जहाँ तक मुझे बताया गया है उसमें यहीं है कि मैं इस शो से सोशल मीडिया के जरिये जुड़ा और हाँ मेरी बहन भी टीवी इंडस्ट्री में है।

**जब आपको ये शो मिला तो आप कितने खुश थे ? आपकी प्रतिक्रिया क्या थी ?**

जब मुझे ये शो मिला तो सबसे पहले मेरी मम्मी ने मेरे पापा, बुआ और दीदी को बताया। इसके बाद मुझे जब पता चला तो मैं बहुत खुश था। मैं जब स्क्रिप्ट की रीडिंग करने सेट पर आया तो मुझे अनमोल सर ने कहा कि आप जो मर्जी चाहे कर सकते हैं, ये उन्होंने मेरी एक्टिंग के लिए कहा था।

**जब हमने आपको देखा तो आप गदा उठा रहे हैं और हाथियों के आगे- आगे चल रहे थे, तो आप ये सब कैसे कर लेते हैं ?**

आपको जब एक किरदार प्ले करना होता है, तो आपको उस किरदार को जीना पड़ता है। आपको उस किरदार की कहानी को समझना पड़ता है। इसका थॉट प्रोसेस होता है।

**आपके साथ शो में सायली, आरव और माहिर हैं, उनके साथ आपका शूटिंग का अनुभव कैसा रहा है ?**

उनके साथ मेरा बोंड बहुत अच्छा है। वे सभी बहुत केयरिंग हैं। माहिर सर कहते हैं कि जब तुम आओगे तो हम क्रिकेट खेलेंगे। हमें जब भी सेट पर समय मिलता है हम क्रिकेट खेलते हैं।

**हमने देखा कि आपकी जब एंट्री हुई तो सब बहुत खुश थे, आपको कैसा लगा ?**

मैं खुद को ज्यादा देख नहीं पाया क्योंकि मेरी एंट्री थी, लेकिन वो फीलिंग बहुत अच्छी थी। मेरी मम्मी मुझे देखकर रो रही थी।

**आप अपनी पढ़ाई कैसे मैनेज करते हैं ?**

मेरी मम्मी मुझे पढ़ा देती है। मेरे मम्मी-पापा कहते हैं कि आप कुछ भी करो, लेकिन आपको पढ़ाई जरूर करनी है। आपको इंजिनियर बनना है, या फिर कुछ और, बस पढ़ाई नहीं छोड़नी है।

# 'हतक' ने वेश्याओं के दर्द को मंच पर उतारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्व रंगमंच दिवस के पूर्व , फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से सृजन शक्ति वेलफेयर सोसायटी , लखनऊ ने हिंदी सभा हाल, लालबाग में प्रख्यात उर्दू लेखक सआदत हसन मंटो की कहानी हतक का बेहद प्रभावशाली नाट्य मंचन किया। कम्मानडेन्ट बबिता ने अलग अलग क्षेत्र में खेल प्रशिक्षक शम्मी नूर, मशहूर टी वी एंकर बबिता सिंह गौड़, शायरा एवं लेखिका रेहाना अजीज, समाजसेवी साक्षी मिश्रा, निगहत मिर्जा निशानेबाज को सृजन शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। वेश्याओं के दर्द को नाट्यप्रस्तुति के माध्यम से सीधा दिल तक पहुंचने में कामयाब रही हतक। हतक का अर्थ होता है बेइज्जती या आत्मसम्मान को पहुंची ठेस। आत्म सम्मान, छोटे बड़े, हर इंसान का होता है। आत्मसम्मान की ठेस हर एक को आहत करती है, दुख पहुंचाती है, विचलित करती है। हतक कहानी है एक वेश्या, सौगंधी की जो दिन रात अपना एक घर बसाने का सपना देखती है। जो भी उसके करीब आता है वो उससे मुहब्बत करने लगती है। ये जानते हुए भी कि वो आदमी उससे झूठ बोल रहा है, उससे प्यार का नाटक कर रहा है वो उसके साथ अपनी बाकी की ज़िन्दगी गुजारने की कल्पना करने लगती है। वो समाज से पूछती है कि, ₹ जिसके नसीब में सोने चांदी के सच्चे गहने न हों तो वो मुलम्मा चढ़े नकली गहनों पर राजी नां हो तो क्या करे? वैश्याओं के जीवन पर आधारित इस सशक्त कहानी का नाट्य रूपांतरण वरिष्ठ रंगकर्मी के के अग्रवाल व निर्देशन सीमा मोदी ने किया। गंदी बदबूदार बस्तियों के घुटन भरे वातावरण में अभाव की ज़िन्दगी जी रहे इन वैश्यालयों के हर पात्र के अंदर बसे एक खूबसूरत इंसान की भावनाओं को बखूबी मंच पर उभारा है। सौगंधी की मुख्य भूमिका में सीमा मोदी, एक वेश्या के दर्द को दर्शकों तक पहुंचाने में पूर्णतः सफल रही है। अन्य पात्रों की भूमिका में नवनीत मिश्रा (रामलाल दलाल), अनन्या सिंह(जमना), अंकुर सक्सेना ( पटना वाला हवलदार),हितेश (सफाई दरोगा) हसीन खान ( बाहरवाला),मोटर वाला सेठ ( शुभम शुक्ला) ने अपने अत्यन्त भावपूर्ण अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। गोपाल टण्डन की प्रकाश व्यवस्था, सौरभ सक्सेना का संगीत नाट्य प्रस्तुति को प्रभावपूर्ण बनाने में अपना विशेष योगदान दिए।

# उत्तराखण्ड देवा भूमि तेरो जय जयकार...पर दी प्रस्तुति

- उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड शिल्पकार समिति ने मनाया होली मिलन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड शिल्पकार समिति, लखनऊ द्वारा आज डी.डी.लान निकट गुडम्बा थाना कुर्सी रोड, भव्य होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी जे.पी.आर्या जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। ततः पश्चात देवभूमि जनसरोकार समिति, उत्तर प्रदेश लखनऊ के दल हेमा वाणंगी के निर्देशन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गयी सर्वप्रथम गणेश वन्दना.. उत्तराखण्ड देवा भूमि तेरो जय जयकार...उत्तराखण्डी होली गीत फूलो से मथुरा छाही रहियो रे.... गढवाली गीत रेगियों मै मेरी गाजिणा तवे दखिकै ..., गुलाबी शरारा.. व झोडा बाटा गाडा धाना.., धमाकेदार प्रतुतिया दी जिसमें गायन में बलवंत वाणणी , हेमा वाणंगी, व पार्वती देवी, नृत्य रीमा वाणंगी, माहिमा सिह, वर्षा आर्या, ममता, अक्षिता, हिमानी, प्रज्वल, पीयूष कृष्णा,सीता व गीता वाद्यय पर विनोद टम्टा ,सौम्य कुमार, जगदीश आर्या व पंकज वागणी रहे। आकाशवाणी कलाकार बलवंत वाणंगी द्वारा उत्तराखण्डी फॉग गानो पर अपनी एकल प्रस्तुतियो से दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में गणमान्यजनो कमल आर्य, मोहन राम आर्य, केशव चन्द सहित कई की उपस्थित रहे।

# मां शीतला से की उत्तम स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** शीतलाष्टमी पर्व श्रद्धा व सत्कार के साथ मनाया गया। भक्तों ने बासी प्रसाद शीतला माता को अर्पित कर सभी के सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने परिवार की खुशहाली की कामना के साथ शीतला माता का व्रत रखा। पूरे विधि विधान के साथ माता की पूजा-अर्चना की। मेहंदीगंज स्थित शीतला देवी मन्दिर में सुबह से ही भक्त एक दिन पहले बनाया हलवा, पूड़ी, पुआ आदि पकवान लेकर पहुंचने लगे। शीतला देवी मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष सुनील सैनी ने बताया कि शीतला माता का व्रत रखने से माता चेचक और खसरा जैसे रोगों से बचाती हैं। शीतला माता ग्रीष्मकाल में शीतलता प्रदान करती हैं इसलिए उन्हें शीतलता देने वाली देवी कहा जाता है। शीतला माता की पूजा करने से शरीर स्वस्थ रहता है और परिवार में सुख समृद्धि आती है।

**भजन कीर्तन का आयोजन:** पर्व को लेकर अलसुबह से ही महिलाएं सजधज कर हाथों में पूजा सामग्री के थाल लिए मंदिरों में माता शीतला की पूजा आराधना करने पहुंची। जहां पर एक दिन पहले घर पर बनाए गए पुए, पकोड़ी, पूड़ी, राबड़ी, दही आदि पकवानों का भोग लगाया। वहीं महिलाओं के द्वारा व्रत रखे गए और माता शीतला से परिवार वालों की सुख समृद्धि के लिए दुआएं मांगी। इस दौरान महिलाओं ने माता से घर परिवार की सुख समृद्धि की दुआएं भी मांगी। श्रद्धालुओं की ओर से कई स्थानों पर रात्री को मंदिरों में भजन कीर्तन के आयोजन भी किए गए। सामाजिक मान्यता के अनुसार शीतला अष्टमी के दिन शीतला मां का पूजन करने से चेचक, खसरा, बड़ी माता, छोटी माता जैसी बीमारियां नहीं होती और अगर हो भी जाए तो उससे जल्द छुटकारा मिलता है। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला शांति की देवी हैं जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से भक्तों की रक्षा करती हैं।

**मांगलिक गीत गाते हुए पहुंची मंदिर:** इंदिरानगर के बालविहार स्थित शीतला माता मंदिर पर महिलाओं ने शीतला माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की और ठण्डे भोजन का भोग लगाया। शीतला अष्टमी के अवसर पर तालाब किनारे मन्दिर में महिलाओं ने ठण्डे पकवानों का भोग लगाया। सुबह से ही महिलाओं ने सज धज कर मांगलिक गीत गाते हुए शितला मन्दिर में जाकर ठण्डे पकवानों का भोग लगाया।

**नए वस्त्र धारण किए:** शीतलाष्टमी पर शीतलामाता मन्दिरों में महिलाओं का तांता लगा रहा। अल सुबह से ही महिलाएं नए वस्त्र धारण कर समूहों में मंगल गीत गाती हाथों में पूजा के थाल लिए मन्दिर पहुंची।

# कथक के जरिए कलाकारों ने किया श्री कृष्ण के सुन्दर स्वरूप का वर्णन





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ संस्कृति विभाग, उ.प्र. द्वारा आयोजित कथक संध्या का आयोजन वाल्मीकि प्रेक्षागृह में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष डॉ. कुमकुम धर, उपाध्यक्ष डॉ मिथिलेश तिवारी तथा मुख्य अतिथि आत्मप्रकाश मिश्र, कार्यक्रम प्रमुख, दूरदर्शन, उत्तर प्रदेश द्वारा दीपप्रज्जवलन से किया गया।

नृत्य प्रस्तुति मंगलाचरण का शुभारम्भ बिरजू महाराज कथक संस्थान के विद्यार्थियों ने महाराज के ही द्वारा स्वरबद्ध की गयी रचना कृष्ण वन्दना भजे बृजे कमण्डलम पर भावपूर्ण प्रस्तुति से की। वन्दना के अंतर्गत भगवान श्री कृष्ण जी के सुन्दर स्वरूप का वर्णन कथक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। तत्पष्चात शुद्ध पारम्परिक कथक नृत्य के अंतर्गत तीनताल 16 मात्रा में निबद्ध षिवपरन्, तोड़े, टुकड़े, तिहाई, भ्रमरी आदि का सुन्दर प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें नृत्य निर्देषन व पढ़ंत संस्थान की कथक प्रषिक्षिका श्रीमती उपासना दीक्षित तथा तबला पर श्री आनन्द दीक्षित द्वारा संगत की गयी। विद्यार्थियों के नामः- आकांक्षा श्रीवास्तव, मानसी गिरि, रिद्म श्रीवास्तव, स्वास्ति सांकृत, अंष पाण्डेय, वैष्णवी यादव।

कथक संध्या की द्वितीय श्रृंखला के अन्तर्गत डॉ. अभय शंकर मिश्रा, नई दिल्ली द्वारा कथक नृत्य कार्यक्रम की सौन्दर्यपूर्ण प्रस्तुति दी गयी। डॉ. अभय शंकर मिश्रा कथक नृत्य जगत का एक प्रतिष्ठित नाम हैं आप एक कुशल कोरियोग्राफर, शिक्षक और आकर्षक कलाकार के रूप में प्रख्यात है। दूरदर्शन के कलाकार होने के साथ ही देश-विदेश के विभिन्न मंचों पर अपनी अनुपम प्रस्तुतियों द्वारा आप विभिन्न राष्ट्रीय एंव अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों द्वारा सम्मानित होते रहे हैं। आपने 2001 से 2016 तक लंदन के भारतीय विद्या भवन में कथक विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य किया। तदोपरान्त 2016 में दिल्ली लौटने पर कथक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए शंकर संगीत एवं नृत्य सोसायटी की स्थापना की।

प्रस्तुति के अगले चरण में गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामायण के उत्तरकाण्ड से लिया गया भगवान षिव की महिमा को दर्शाते हुए रूद्राष्टकम् जो कि राग भैरव चारताल में निबद्ध प्रस्तुत किया गया। इसके पष्चात शुद्ध पारम्परिक कथक नृत्य के अन्तर्गत विलम्बित तीनताल में आमद, परन, उपज, चैपल्ली, तोड़े, टुकड़े, परमेलु, इत्यादि प्रस्तुत किये गये। इसी श्रृंखला के अंतर्गत धमार ताल मध्य लय में धमार की प्रस्तुति दी गयी। इसी क्रम में राग भूपाली में निबद्ध सूफी संत कबीरदास जी द्वारा रचित दोहों को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। अंतिम प्रस्तुति के रूप में तीनताल द्रुत लय में विभिन्न घरानों की बंदिषे, टुकड़े, परन, तिहाई, लड़ी एवं कवित्त इत्यादि प्रस्तुत किये गये। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया।

# दैणा होया खोली का गणेशा...गीत पर हुई फूलों की होली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार को कल्याणपुर होलिकोत्सव एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पर्वतीय महापरिषद शाखा-कल्याणपुर के तत्वावधान में कंचना विहारी मार्ग, कल्याणपुर में आयोजित किया गया, जिसमें पर्वतीय समाज सहित सर्व समाज के लोगों की उपस्थित रही। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, युवा बीजेपी नेता नीरज सिंह की गरिमामयी उपस्थित रही। पर्वतीय महापरिषद के शीर्ष पदाधिकारी मुख्य संयोजक टीएस मनराल, संयोजक केएन चंदोला, अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी, महासचिव महेंद्र सिंह रावत, जिनका स्वागत क्षेत्रीय शाखा अध्यक्ष के० एन० पाण्डेय द्वारा किया गया।

आयोजन विभिन्न रंगों से परिपूर्ण होली फाग, बसंती अवधी, भोजपुरी झोड़ा छपेली, प्रभु नाम भजन कार्यक्रम सहित बच्चों, पुरुष व महिलाओं द्वारा प्रस्तुति दी गई। उत्तराखंड के मशहूर लोक गायक व लोक नृत्य व पूर्वांचल के कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति तथा मथुरा की फूलों की होली का आनंद दर्शकों ने उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना जिसके बोल दैणा होया खोली का गणेशा से किया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने विभिन्न पर्वतीय व्यंजनों, आलू के गुटके व चाय का लुत्फ भी लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फूलों की होली रही जिसमें दर्शक खूब झूमे। इस अवसर पर भाष्कर काण्डपाल, गोविन्द पाठक, शंकर पाण्डेय, आनन्द सिंह भण्डारी, भास्कर भट्ट, मुकेश जोशी, महेश पाण्डेय, उमेद सिंह देऊपा, जे एस कोशियारी, दीपा बिष्ट, पुष्पा जोशी, शुशीला नेगी, गीता सत्यवाली, राधा बोरा, सोनिया बिष्ट, शशि जोशी, सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़

संख्या: 539/न.पं.लालगंज-2024 दिनांक: 22 : मार्च : 2025

**अल्प कालिक साधारण निविदा/ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मा. अध्यक्ष महोदया की प्राप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के अनुपालन में राज्य वित्त मद अन्तर्गत नीचे लिखे विवरण के अनुसार कार्य कराया जाना है। क्रम संख्या 01 व 02 पर अंकित कार्य हेतु ई-निविदा एवं क्रम संख्या 03 व 04 पर अंकित कार्यो हेतु साधारण निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो को कराये जाने हेतु रजिस्टर्ड/पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा/साधारण आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी निविदादाता कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है। साधारण निविदा दिनांक 05/04/2025 को अपरान्ह 05:00 बजे निकाय में रखे गये निविदा बाक्स में सील बन्द आमंत्रित की जाती है। साधारण निविदा पत्र दिनांक 04/04/2025 को सायं 05 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। ई-निविदा को etender.nic.in की बेबसाइड पर दिनांक 24/03/2025 से 05/04/2025 तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 05/04/2025 सायं 05:00 बजे होगी, जिसे अगले कार्य दिवस मे ई-निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। ई-निविदा हेतु जमानत धनराशि एवं निविदा शुल्क निकाय के खाता संख्या 703110110011091 आई.एफ.एस.सी. कोड BKID0007031 बैंक ऑफ इण्डिया शाखा लालगंज मे जमा करते हुए जमा पावती अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। प्रकाशित किये जाने रहे कार्यो की निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। साधारण निविदा हेतु निर्धारित निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि कार्यालय में जमा कर रसीद प्राप्त करते हुए निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर निविदा बाक्स में निर्धारित समय तक डाल सकते है। निविदा हेतु शेष जमानत धनराशि निविदादाता को अनुबन्ध के समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बिना निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा शुल्क | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कान्हा गौशाला से जीतलाल यादव के खेत तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 3660.00 | 56398.00 | 02 माह |
| 02 | कान्हा गौशाला में बाउण्ड्रीवाल एवं अन्य कार्य। | 3957.00 | 60976.00 | 02 माह |
| 03 | दीवानी वार्ड मे इण्टरलाकिंग से पन्नालाल तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 301.00 | 4635.00 | 01 माह |
| 04 | दीवानी वार्ड मे ट्रामा सेन्टर के समीप आर.आर.आर. सेन्टर (अस्थायी) का निर्माण कार्य। | 275.00 | 4237.00 | 15 दिवस |
| 05 | शौचालय के प्रयोग हेतु 05 नग वेन्डिंग मशीन की आपूर्ति का कार्य। | 550.00 | 8475.00 | 07 दिवस |

1- निविदादाता के फर्म की जी.एस.टी. रजिस्टर्ड होने का प्रमाण-पत्र की फोटोप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2- निविदादाता हैसियत प्रमाण-पत्र व चरित्र प्रमाण-पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3- निविदादाता को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के सदस्यों का होगा।
4- निविदादाता द्वारा निविदा प्रत्रत्र की हार्डकापी, धरोहर धनराशि, निविदा शुल्क, डिमाण्ड ड्राफ्ट की मूलप्रति नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़ में रखे गये निविदा पेटिका में निर्धारित समय के अन्दर जमा करना अनिवार्य है।
5- सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
6- निविदा स्वीकृति के पश्चात् नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर ठेकेदारों के व्यय पर अनुबन्ध लिखना अनिवार्य होगा।
7- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जनपद प्रतापगढ़ होगा।
8- कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अपरजिलाधिकारी(वि/रा)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय व जिलाधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ के सक्षम अधिकारी का होगा। किसी भी बिल का भुगतान तब तक नही होगा जब तक लोक निर्माण विभाग के सक्षम अधिकारी द्वारा बिलों का सत्यापन न कर दिया जाय।
9- मा. उच्च न्यायालय में पारित आदेशानुपालन में कार्यो हेतु निर्धारित जमानत धनराशि के अनुसार ई - स्टाम्प कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य होगा।
10- इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने, अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रख-रखाव संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
11- यह समस्त कार्य ठेकेदार द्वारा नियत समय पर पूर्ण करना अनिवार्य है। निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होने की दषा में निकाय प्रशासन विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने पर बाध्य होगा।
12- उक्त समस्त कार्य शासनादेश में उल्लिखित शर्तो के अनुसार ही कराया जाना है।

**अभय रंजन**
**अधिषासी अधिकारी**
**नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़**

**अनीता द्विवेदी**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत लालगंज प्रतापगढ़**

# नियमित ट्रेनों में नहीं मिल रही सीट तो विशेष ट्रेनों में करायें बुकिंग




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** होली पर्व के अवसर पर रेल यात्रियों के सुगम यातायात के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में बर्थ/सीट की उपलब्धता है।

छपरा से 26 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05113 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 21 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 79 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 23 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05023 गोरखपुर-खातीपुरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 05, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 33 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 129 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 30 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05023 गोरखपुर-खातीपुरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 17, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 53 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 494 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से 27 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 95, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 319 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 98 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से 28 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05049 छपरा-अमृतसर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 365 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 27 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05057 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 674 बर्थ उपलब्ध है। लालकुआँ से 29 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05074 लालकुआँ-क्रान्तिवीर संगोल्लि रायाण्ण (बेंगलुरु स्टेशन) विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 463 बर्थ उपलब्ध है।

टनकपुर से 24 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 22 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 12 बर्थ उपलब्ध है। टनकपुर से 26 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 21 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 90 बर्थ उपलब्ध है। टनकपुर से 28 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05097 टनकपुर-दौराई विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 17 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 84 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 29 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05007 गोरखपुर-अमृतसर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 111 बर्थ उपलब्ध है। लालकुआँ से 23 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05045 लालकुआँ-राजकोट विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 03 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 02 बर्थ उपलब्ध है। लालकुआँ से 30 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05045 लालकुआँ-राजकोट विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 31, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 117 एवं शयनयान श्रेणी में 396 बर्थ उपलब्ध है।

छपरा से 31 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05193 छपरा-शहीद कप्तान तुषार महाजन (उधमपुर) विशेष गाड़ी के वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 324 बर्थ उपलब्ध है। लालकुआँ से 27 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05060 लालकुआँ-कोलकाता विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 53, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 234 एवं शयनयान श्रेणी में 89 बर्थ उपलब्ध है। कासगंज से 24 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05092 कासगंज-छपरा विशेष गाड़ी के वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 62, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 238 एवं शयनयान श्रेणी में 254 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से 30 मार्च को प्रस्थान करने वाली 05303 गोरखपुर-महबूबनगर विशेष गाड़ी के वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 21 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 385 बर्थ उपलब्ध है। यात्रीगण इन विशेष गाड़ियों में बर्थ/सीट आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुखद एवं आरामदेह बनावें।

## कई ट्रेनों में लगेंगे एलएचबी रैक, आरामदायक होगी यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15028/15027 गोरखपुर- सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस तथा 15125/15126 बनारस-पटना-बनारस एक्सप्रेस के रेक संरचना में निम्नवत परिवर्तन किया गया है।

फलस्वरूप संशोधित रेक संरचना के अनुसार 01 से 30 अप्रैल तक 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस में तथा 03 अप्रैल से 02 मई तक 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस में जनरेटर सह लगेज यान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एलएसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। उपरोक्त गाड़ियों में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 01 कोच अस्थाई आधार पर लगाया जायेगा।

15125/15126 बनारस-पटना-बनारस एक्सप्रेस में 26 मार्च से परिवर्तित रेक संरचना के अनुसार वातानुकूलित चेयरकार के 02, एलएसएलआरडी का 01, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा चेयरकार के 16 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

संरक्षित, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने हेतु 15132/15131 वाराणसी सिटी-गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस एवं 05131/05132 गोरखपुर-बहराइच-गोरखपुर विशेष गाड़ी में कन्वेंशनल रेक के स्थान पर आधुनिक एलएचबी रेक निम्नवत लगाया जायेगा। संशोधित रेक संरचना के अनुसार 30 मार्च से 15132 वाराणसी सिटी-गोरखपुर एवं 31 मार्च से 15131 गोरखपुर-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस में एलएसएलआरडी का 01, जनरेटर सह लगेज यान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। इसी प्रकार संशोधित रेक संरचना के अनुसार 31 मार्च से 05131/05132 गोरखपुर-बहराइच- गोरखपुर विशेष गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, जनरेटर सह लगेज यान का 01, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06 तथा शयनयान श्रेणी के 05 कोच लगाये जायेंगे। इन गाड़ियों में लगाये गये शयनयान श्रेणी के कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे।

# समितियों को अब अपने नये स्वरूप में कार्य करने की जरूरत

- नवीन तकनीक व संसाधनों के प्रयोग से समितियां आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन बनेंगी
- किसानों की उपज को संरक्षित करने के लिए भंडारण की उचित व्यवस्था की जा रही : भूटानी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** वर्तमान समय में सरकारी समितियों के कार्यक्षेत्र में विस्तार होने के कारण समितियों को अब अपने नये स्वरूप में कार्य करने के लिए नवीन तकनीक व संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए। इससे समितियां आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

यह विचार सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने लखनऊ स्थित आयुक्त एवं निबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में प्रमुख सचिव सहकारिता के साथ विभाग के प्रबंध निदेशक, अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धकों तथा प्रदेश के अन्य 9 विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर डॉ. भूटानी ने पहले समितियों के कार्य क्षेत्र के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिये कि जिन क्षेत्रों में समितियां नहीं है, वहां नयी समितियां बनायी जाये। समितियों में नये लोगों को जोड़ा जाये। इसके लिए लोगों से नियमित सम्पर्क किये जायें। सचिव भारत सरकार ने कहा कि किसानों की उपज को संरक्षित करने के लिए भंडारण की उचित व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू ने विभागीय कार्यों की प्रगति रिपोर्ट का प्रजेन्टेशन प्रस्तुत करते हुए विभाग में हो रहे नवीन कार्यों के विषय में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में सहकारिता विभाग द्वारा किये जा रहे जनहित व जागरूकता के कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आईवाईसी-2025 के शुभारम्भ पर मेगा इवेंट का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा सहकारिता ध्वज फहरा कर किया गया।

प्रमुख सचिव सहकारिता ने बताया कि सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अंतर्गत गतिविधियों के प्रचार और निगरानी के लिए एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है। यह पोर्टल सहकारी संगठनों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को डिजिटल रूप में प्रस्तुत और मॉनिटर करने के लिए विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों में जनभागीदारी को भी सुगम बनाया जा सकता है पोर्टल से सहकारी गतिविधियों के प्रचार में मदद मिलेगी, युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा, सहकारी आंदोलन को मजबूती और व्यापक पहचान प्रदान करने के साथ-साथ यह सहकारी संगठनों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा, जिससे वे अपनी पहल को बड़े स्तर पर साझा कर सकेंगे।

# यूपी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करता है बांदा महोत्सव : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बांदा महोत्सव का हिस्सा बनें और अपनी संस्कृति से जुड़ें। यह ऐसा अवसर है, जहां आप परंपराओं से रूबरू होंगे और यादगार अनुभव अपने साथ ले जाएंगे। स्ट्रीट फूड, पारंपरिक व्यंजन और स्थानीय पकवानों के साथ घूमने का मजा दोगुना हो जाएगा। बच्चों के लिए झूले, खेल, एडवेंचर एक्टिविटीज उपलब्ध हैं, वहीं गीता ज्ञान, भजन संध्या और प्रेरणादायक प्रवचन सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित करेंगे।

मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से 22 और 23 मार्च को बांदा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय बांदा महोत्सव का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में हो रहा है, जिसमें दर्शकों को भक्तिमय और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बांदा महोत्सव बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करने का विशिष्ट मंच है, जो 'विकास व विरासत' के मूल मंत्र को चरितार्थ करता है। उन्होंने बताया कि बांदा महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों की भव्य प्रस्तुति होगी। 'सांस्कृतिक धरोहर, लोक कला, उद्योग एवं विकास' की थीम पर आयोजित महोत्सव में दर्शकों को बुंदेलखंडी लोकनृत्य, पारंपरिक संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। जयवीर सिंह ने बताया कि बांदा महोत्सव जैसे आयोजन के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है इस प्रकार के आयोजनों से न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है, बल्कि पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की प्राचीन लोक कलाएं विलुप्ति की कगार पर पहुंच चुकी हैं, उनको जीवन्त बनाने तथा अगली पीढ़ी को विरासत के रूप में उपलब्ध कराने के लिए इस तरह के आयोजनों की महती आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है, ऐसे महोत्सव राज्य की विरासत को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## चश्में की दुकान पर ऑप्ट्रोमेट्रिस्ट की तैनाती हो

लखनऊ। केजीएमयू के नेत्र विभाग की ओर से परिसर में मनाए जा रहे विश्व ऑप्ट्रोमेट्रिस्ट दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम हुआ। यहां मांग उठी की चश्मों की दुकानों पर ऑप्ट्रोमेट्रिस्ट की तैनाती की जाए। इससे लोगों की आंखों की जांच सही तरीके से हो सकेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केजीएमयू नेत्र विभाग की प्रमुख डॉ. अपजीत कौर ने आंखों की बीमारी में ऑप्टोमेट्रिस्ट की उपयोगिता व इलाज में विशेष योगदान के बारे में बताया। केजीएमयू ऑप्टोमेट्रिस्ट एसो. के अध्यक्ष श्याम मणि शुक्ला ने कहा कि बच्चों में मोबाइल देखने की लत तेजी से बढ़ रही है। इससे उनकी आंखों का काफी नुकसान हो रहा है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन ऑप्टोमेट्रिस्ट श्वेता शुक्ला ने किया।

## कन्हैया लाल मिश्रा एकादश बना विजेता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एडवोकेट्स क्रिकेट एसोसिएशन की देखरेख में प्रथम लखनऊ एडवोकेट्स क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला रास बिहारी तिवारी स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में कन्हैया लाल मिश्रा एकादश ने शांति स्वरूप भटनागर एकादश को 69 रनों से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। कन्हैयालाल मिश्रा एकादश ने पहले बल्लेबाजी की और निखिल श्रीवास्तव के 75 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 161 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए शांति स्वरूप भटनागर एकादश की टीम 92 रन बनाकर सिमट गई। निखिल ने पांच और पंकज राणा ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच निखिल श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रितिक, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आदित्य पाशा, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर आदिल अब्बास एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट निखिल श्रीवास्तव रहे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन अखिलेश अवस्थी, उत्तर प्रदेश एडवोकेट्स क्रिकेट एसोसिएशन के संस्थापक लोकेन्द्र कुमार गुप्ता ने खिलाड़ी अधिवक्ताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अखिलेश जायसवाल, मनु दीक्षित, साबिर अब्बास एवं अनुमेष मिश्रा, वरिष्ठ स्कोरर एस पी सिंह उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सुमित गुप्ता ने दी।

## केजीएमयू कर्मचारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया

लखनऊ। केजीएमयू कर्मचारी परिषद के होली मिलन समारोह में एक दूसरे को गुलाल लगाकर कर्मचारियों ने बधाई दी। केजीएमयू कुलपति पद्मश्री डॉ. सोनिया नित्यानंद, कुलसचिव अर्चना गहरवार और वित्त अधिकारी विनय राय के साथ दूसरे पदाधिकारियों ने भी होली समारोह में शिरकत की। कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह ने सभी का स्वागत किया। यहां कलाकारों और कर्मचारियों ने लोकगीत, नृत्य और हास्य कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। परिषद के महामंत्री अनिल कुमार ने सभी को धन्यवाद दिया।

## पति-पत्नी के नोकझोक की कहानी है जाट-जटाइन

लखनऊ। अत्तो बनाइन बरियां बत्तों बनाइन दाल, अत्तो की बड़िया जल गई बत्तों के बुरे हाल₹ ये है कठपुतली की विशिष्ट शैली 'गुलाबो सिताबो' के बोल बचन। अवध की सांस्कृतिक परम्परा में गुलाबो सिताबो के समानान्तर ही दो पात्रों की एक विशिष्ट कला रूप भी था जाट-जटाइन, जो अब लुप्त प्राय है। 'जाट-जटाइन' एक जाट और उसकी जाटनी की रोचक नोक झोंक पर आधारित है। भोला-भाला जाट बात-बात पर अपनी दबंग जाटनी से मात खाता रहता है। उसकी हर हार पर उसकी बेचारीगी दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ले आती है। कथानक में जाटनी मेला घूमना चाहती है। जाट खर्चे से बचने के लिए अनेक बहाने बनाता है, मगर जाटनी के आगे उसकी एक नहीं चलती। मजबूरन जाट उसे मेला ले जाता है और खूब पैसे खर्च करता है। प्रस्तुति में पुतुल संचालन और अभिनय मेराज आलम, तनय मेराज, तान्या मेराज, सत्यम मिश्रा और बलराम यादव ने किया। जश्ने काफिला पपेट नाट्यम दूसरी और अंतिम प्रस्तुति के रूप में एसयूआईटी द्वारा 'जट जटाइन' का मंचन चन्द्रशेखर शुक्ला के लेखन एवं निर्देशन में हुआ।

# कान्हा के साथ खेली फूलों की होली

**लखनऊ।** फगुआ गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच जानकीपुरम की दो दर्जन से अधिक आवासीय समितियों के सामूहिक होली मिलन में लोगों ने जमकर फूलों की होली खेली। शनिवार को सेक्टर जी स्थित जानकी वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा एवं समाजसेविका बिन्दू बोरा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। आयोजन समिति की ओर से सर्वश्री कृपाशंकर मिश्र, सतीश वर्मा, जानकीशरण शुक्ल, ज्ञानेंद्र बाजपेयी, आर.के.श्रीवास्तव आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मनोहर सिंह, सर्वश्री आशीष गुप्त, राकेश सिंह, सौरभ त्रिवेदी, जितेन्द्र पाण्डेय, देवशरण वर्मा, मयंक मिश्रा, सागर सक्सेना, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, एडवोकेट शैलेन्द्र शर्मा अटल, पार्षद मान सिंह यादव, राघवराम तिवारी, प्रदीप शुक्ला, अवधेश त्रिपाठी, राजकुमारी मौर्य के अतिरिक्त जानकीपुरम सर्वोदय समिति, जानकीपुरम कल्याण समिति, जानकीविकास महासमिति, जानकीपुरम सेक्टर-जी विकास समिति, सीनियर सिटीजन क्लब सेक्टर-जी, शिवविहार वेलफेयर सोसाइटी, योग साधना सेवा संस्थान सेक्टर-आई, आवासीय कल्याण समिति सेक्टर-एफ, उत्सव सेक्टर-एफ, डीएच टू वेलफेयर सोसाइटी, आरडब्लूए ऑफ अलीशानगर, शिवविहार कल्याण समिति, मधुरम जनकल्याण समिति, सरस्वतीपुरम विकास समिति, अभिषेकपुरम विकास एवं कल्याण समिति, जानकीपुरम सेक्टर जे निवासी कल्याण समिति, शिवजन कल्याण समिति, जानकीपुरम गार्डेन जनकल्याण एकता समिति, जानकीपुरम गार्डेन कल्याण समिति, सद्भावना वेलफेयर सोसाइटी, दिव्य श्री रामकथा समिति सीता विहार, सीता विहार आदर्श कालोनी समिति, दुर्गा पूजा आयोजन समिति, जनकल्याण एवं सांस्कृतिक समिति सेक्टर एफ, सीता विहार फेस 1 मोहल्ला सुधार समिति, सहारा स्टेट्स ओनर्स एसोसिएशन, पंचवटी, सरस्वतीपुरम जानकीपुरम, जानकीपुरम कल्याण समिति सेक्टर-एफ, श्रीरामलीला समिति सेक्टर ए आदि समितियों के पदाधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय समाज ने अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई : प्रदीप सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देश पर जब भी कोई विपदा आई है तो क्षत्रिय समाज ने सबसे आगे बढ़कर उसका मुकाबला किया है विडंबना की बात यह है कि आज क्षत्रिय समाज विकास के मामले में बहुत पीछे रह गया है क्षत्रिय समाज को एक मंच पर और एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास राजनीतिक दलों को करना पड़ेगा तभी उनकी समस्याओं का निराकरण होगा।

यह बात क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह उर्फ पीके सिंह ने कही। उन्होंने कहा देश पर जब मुगल शासको ने आक्रमण किया था तो क्षत्रिय समाज ने सबसे आगे आकर तलवार लेकर उसका मुकाबला किया था और मुगल शासको के दांत खट्टे किए थे और कई युद्ध में उन्हें धूल चटाई थी आज भी क्षत्रिय समाज का लोहा अन्य जाति के लोग मानते है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से राजनीतिक दलों ने क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की उनके हितों की अनदेखी की और ना ही उन्हें उचित सम्मान दिया



और न ही राजनीतिक दल ने शासन में भागीदारी दिया। यही कारण रहा कि क्षत्रिय समाज विकास के मामले में पीछे होता चला गया। उन्होंने कहा कि आज क्षत्रिय समाज को जागरूक होने की आवश्यकता है वह एक मंच आये और एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास राजनीतिक दलों को कराये तभी उनकी समस्याओं का निराकरण होगा। पीके सिंह ने कहा हम लोग क्षत्रिय समाज को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं समाज में फैली हुई कुरीतियां जैसे नशाखोरी, दहेज प्रथा आपसी लड़ाई झगड़ा को समाप्त करने की पहल कर रहे हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष हवलदार सिंह ने कहा कि जब भी कहीं अन्याय होता है तो क्षत्रिय समाज सबसे आगे आकर मुकाबला करता है। उन्होंने कहा कि क्षत्रीय समाज के रग रग में दूसरों की मदद करना अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना व्याप्त है। क्षत्रिय समाज यदि एक मंच पर आ जाता है तो कोई भी उसका मुकाबला नहीं कर सकता। उन्होंने क्षत्रिय समाज के छात्र और छात्राओं से आवाहन किया कि वह शिक्षा के मार्ग में आगे बढ़े और बुलंदियों को छूकर दूसरों की मदद करें। इस अवसर पर शिक्षक ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा शिक्षा ही वह माध्यम है जो बुलंदियों तक ले जा सकती है। उन्होंने क्षत्रिय समाज से अपील की कि वह अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की पहल करें। इस अवसर पर सूर्यभान सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, सुधीर सिंह, उदय प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह, केसरी सिंह, राजेश सिंह और विवेक सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रो अवनीश चंद्र मिश्रा बने आईक्यूएसी डायरेक्टर



लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो संजय सिंह ने प्रो अवनीश चंद्र मिश्रा को डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ का डायरेक्टर आईक्यूएसी (आंतरिक गुणवत्ता एवं सुनिश्चियन प्रकोष्ठ) नामित किया गया है। प्रो अवनीश चंद्र मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ के कला संकाय के अधिष्ठाता हैं।

# कुलपति ने टॉपर के लिए पूर्व छात्र स्वर्ण पदक का किया अनावरण

**रसायन विज्ञान विभाग में स्नातकोत्तर छात्र के लिए शुरू हुआ पदक**

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के गौरवशाली 50 वर्ष पूरे होने पर एमएससी (रसायन विज्ञान) के 1975 बैच के पूर्व छात्र और लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग ने संयुक्त रूप से शनिवार को विभाग के मल्टी एक्टिविटी हॉल में स्वर्ण जयंती पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। प्रो. मनुका खन्ना, प्रो कुलपति, प्रो. शीला मिश्रा, डीन, विज्ञान संकाय और प्रो. अनिल मिश्रा, विभागाध्यक्ष, रसायन शास्त्र विभाग ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ायी।

रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने अपने स्वागत भाषण में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने हाल के दिनों में विभाग की उपलब्धियों और गतिविधियों का उल्लेख किया। अपनी स्वर्ण जयंती को उचित तरीके से मनाने के उद्देश्य से पूर्व छात्र संघ, 1975 बैच ने एमएससी (रसायन विज्ञान), 1975 बैच के पूर्व छात्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के नाम से एक स्वर्ण पदक की स्थापना की है। यह स्वर्ण पदक लखनऊ विश्वविद्यालय (कैनिंग कॉलेज) के रसायन विज्ञान विभाग के उस छात्र को प्रति वर्ष दिया जाएगा, जिसने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये हों। विश्वविद्यालय के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी विशेष बैच के पूर्व छात्र के नाम पर कोई स्वर्ण पदक स्थापित किया गया है। पदक का शुभारंभ कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो वाइस चांसलर प्रो. मनुका खन्ना, जो स्कूल स्तर पर 1975 बैच की एक पूर्व छात्रा डॉ. नीरा (मिश्रा) शुक्ला की छात्रा भी हैं, ने इस तरह के मिलन समारोह के आयोजन के लिए पूर्व छात्रों को धन्यवाद दिया। उन्होंने समारोह की मेजबानी के लिए रसायन विज्ञान विभाग को बधाई दी। अपने उद्घाटन भाषण में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के छात्रों के हित में स्वर्ण पदक की स्थापना के लिए 1975 बैच के पूर्व छात्र संघ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए रसायन विज्ञान विभाग की सराहना की और उल्लेख किया कि इस तरह के कार्यक्रम पूर्व छात्र-शिक्षा जगत के जुड़ाव को बढ़ाते हैं जो विश्वविद्यालय में शिक्षा और पाठ्यक्रम की गुणवत्ता को ऊपर उठाने में सहायक होगा। उन्होंने पूर्व छात्रों से छात्रों और युवा संकाय सदस्यों के समग्र विकास के लिए विभाग में कुछ विशेष व्याख्यान लेने का आग्रह किया। इसके बाद पूर्व छात्रों के प्रतिनिधि कैलाश कुमार ने स्वर्ण जयंती समारोह के बारे में एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया और 1975 बैच के पूर्व छात्रों का संक्षिप्त परिचय दिया। स्वर्ण जयंती पूर्व छात्र सम्मेलन में भाग लेने के लिए अमेरिका से सत्या भाटिया और डॉ. रेणु बजाज आये थे। रसायन विज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा जैन, डीएमएसआरडीई, कानपुर के पूर्व निदेशक और भारतीय विज्ञान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार सक्सेना, पीईएसओ के पूर्व सीसीई प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव, ओएनजीसी के पूर्व ईडी राम अवतार, ओएनजीसी के पूर्व जीजीएम तिलक राम मिश्रा, लोरेटो कॉलेज की पूर्व फैकल्टी डॉ. नीरा (मिश्रा) शुक्ला, शिया पीजी कॉलेज के दोनों पूर्व फैकल्टी डॉ. इशरत हुसैन और डॉ. इश्तियाक अहमद मौजूद थे। कॉलेज के पूर्व महाप्रबंधक, अतुल लिमिटेड, डॉ. वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, आरडीएसओ की पूर्व उपनिदेशक संतोष प्रसाद और पीईएसओ के पूर्व संयुक्त सीसीई कैलाश कुमार उन 32 पूर्व छात्र सदस्यों में शामिल थे जिन्होंने कार्यक्रम में भाग लिया। विज्ञान संकाय की डीन प्रो. शीला मिश्रा ने समारोह के लिए 1975 बैच के पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रो. आलोक कुमार राय और प्रो. मनुका खन्ना को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में सहायता करने के लिए रसायन विज्ञान विभाग के संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि विभाग में इस तरह के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। अंत में भारतीय रेलवे के पूर्व रसायनज्ञ और धातुकर्म विशेषज्ञ केके गुप्ता ने पूर्व छात्रों की ओर से धन्यवाद ज्ञापन किया।

## दिल्ली और उड़ीसा के जज यहाँ आयेंगे तो करेंगे बॉयकॉट: अवध बार

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के बाद अब लखनऊ बेंच के अवध बार एसोसिएशन ने भी दिल्ली हाईकोर्ट के जज को इलाहाबाद हाईकोर्ट या लखनऊ बेंच में स्थानांतरण किए जाने का विरोध किया है। अवध बार ने इसके साथ ही उड़ीसा हाईकोर्ट के एक जज को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजे जाने का विरोध किया है। इस संबंध में बार द्वारा पारित प्रस्ताव में किसी भी जज का नाम नहीं लिया गया है। महासचिव मनोज कुमार द्विवेदी द्वारा जारी प्रस्ताव में कहा गया है कि मीडिया में आ रही दिल्ली और उड़ीसा हाईकोर्ट के एक-एक जजों का इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर किए जाने की खबरों का संज्ञान लेते हुए, अध्यक्ष आरडी शाही की अध्यक्षता में आपातकालीन बैठक बुलायी गई। कहा गया है कि खबरों के मुताबिक उक्त दोनों जजों के स्थानांतरण पर हालांकि सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने अंतिम फैसला नहीं लिया है लेकिन यदि उनका इलाहाबाद या लखनऊ स्थानांतरण किया गया तो अदालतों का बहिष्कार किया जाएगा।

संक्षेप

## आप जहाँ भी हैं, बिहार की मिट्टी से आपका नाता अटूट है: प्रमोद कुमार

**कुशीनगर।** वर्षों बिहार पिछड़ेपन, बुनियादी सुविधाओं की कमी और विकास की धीमी गति से जूझता रहा। सड़कों की बदहाली, जंगलराज, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की दयनीय स्थिति ने राज्य की प्रगति पर अंकुश लगा दिया। लेकिन, एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार ने एक नई दिशा पकड़ी है। उक्त बाते पडरौना में बेलवां चुंगी स्थित सृजन द गुरुकुल सभागार में बिहार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार में पूर्व मंत्री व मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कही। उन्होंने प्रवासी बिहारी समाज से संवाद करते हुए कहा कि आप जहाँ भी हैं, बिहार की मिट्टी से आपका नाता अटूट है। हम आपको याद दिलाना चाहते हैं कि आप न केवल अपने प्रदेश के गौरवशाली अतीत का हिस्सा हैं, बल्कि उसके उज्ज्वल भविष्य के भी सृजनकर्ता हैं।

आपके सपनों में, आपकी बोली में, आपके संस्कारों में: हर जगह बिहार जिंदा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध, लोकतंत्र की जननी, ज्ञान और तप की भूमि बिहार और कुशीनगर एक दूसरे के पूरक हैं। कार्यक्रम को बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रविप्रकाश मणि त्रिपाठी, आई टी विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक मुकुल सिंह, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, मदन गोविंद राव पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बा सिंह, ने भी सम्बोधित किया। संचालन जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक सुदर्शन पाल ने किया।

# राज्य के 8 और मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर होंगे कार्यक्रम



जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के आठ वर्ष तथा केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 25, 26 एवं 27 मार्च को जनपद स्तर पर पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज सचिव, नगर विकास एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी श्री अजय शुक्ला की अध्यक्षता में राजकीय आईटीआई ऑडिटोरियम में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नोडल अधिकारी अजय शुक्ला ने बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा को विस्तार से समझाते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पूरी भव्यता और प्रभावशीलता के साथ संपन्न हो, जिससे अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जीआईसी परिसर में किया जाएगा, जहां 25 मार्च को प्रभारी मंत्री द्वारा इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर विकास पुस्तिका का विमोचन होगा और महाकुंभ प्रयागराज पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।

नोडल अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, स्टॉल, फूड कोर्ट, रोजगार मेला, आरोग्य मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही ऋण वितरण किया जाएगा। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, औद्योगिक विकास और विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी फोटो व मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी।

इस आयोजन को कई थीम पर आधारित किया गया है, जिनमें किसान समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प और ओडीओपी, अवसंरचना विकास शामिल हैं। रोजगार मेले में युवाओं के लिए विभिन्न नौकरियों के अवसर उपलब्ध होंगे, वहीं आरोग्य मेले में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाएगा।

नोडल अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता को सरकार की नीतियों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी जाएगी, जिससे विकास कार्यों को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके। नोडल अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और विकास परियोजनाओं की जानकारी जनता तक पहुँचाने के लिए एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ जनपद में लोकार्पित परियोजनाओं को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। इस दौरान किसान समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण आदि विषयों पर विचार गोष्ठियां आयोजित की जाएं। इसके साथ ही, जनपद के उन नागरिकों को सम्मानित किया जाए, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान दिया है। श्री शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस आयोजन के दौरान विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, वृद्धावस्था एवं निराश्रित महिला पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एवं मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना के पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का सीधा लाभ दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपदीय बैंकर्स कमेटी के सहयोग से ऋण और रोजगार मेलों का आयोजन किया जाए, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार एवं नौकरी के अवसर उपलब्ध हो सकें। नोडल अधिकारी ने यह भी कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सेल्फ डिफेंस और एंटी-रोमियो स्क्वाड से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किए जाएं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं बीसी सखियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं। उन्होंने मिशन श्रमिक कल्याण के तहत सभी विकास खंडों में रोजगार मेलों के आयोजन का भी निर्देश दिया, जिसमें श्रमिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए और आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को गोल्डन कार्ड वितरित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में व्यापार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मिशन व्यापारी कल्याण के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया जाए और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी व्यापारियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। श्री शुक्ला ने स्पष्ट निर्देश दिए कि तीन दिवसीय इस आयोजन में प्रत्येक गतिविधि को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए आयोजन को शासन की मंशा के अनुरूप भव्य, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संपन्न करायें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि इस दौरान योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने नोडल अधिकारी को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिये गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, सीवीओ डॉक्टर अरविंद वैश्य, डीपीओ आदिश मिश्रा, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव सहित समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम तैयारियों की समीक्षा




**कुशीनगर।** प्रदेश के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यूपी: भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर तैयारियों को लेकर आयुक्त गोरखपुर मंडल गोरखपुर अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

आयुक्त गोरखपुर मंडल ने कहा कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 25, 26 और 27 मार्च को विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, स्टॉल, फूड कोर्ट, रोजगार मेला, आरोग्य मेला, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम अन्तर्गत सरकार द्वारा किये गये कार्यो व चलायीं जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचा कर लाभान्वित किया जाना ही उद्देश्य है। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी में जनपद की विगत 8 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याण की योजनाओं, स्थापित व निमार्णाधीन परियोजनाओं, नई औद्योगिक इकाईयों आदि के अच्छे फोटोग्राफ्स, मॉडल आदि को प्रदर्शित किया जाये।

उन्होंने कहा कि स्टाल पर सम्बन्धित विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी की पुस्तिका, पम्पलेट आदि रखा जाये, जिन योजनाओं के आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही गतिमान हैं, उनके बारे में लोगों को जानकारी दी जाये और पात्र लाभार्थियों के वहीं पर फार्म भरबाने की व्यवस्था भी करायी जाये। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम को अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, व संरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय आदि थीम पर आयोजित किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम अन्तर्गत लाभार्थियों को टूल किट, ऋण वितरण, चेक आदि का वितरण भी जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाये। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग आवश्यक तैयारी शीघ्र पूरी कर ले और शासन के निर्देशानुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न करायें। इस दौरान डीएम, सीडीओ अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार, अधीक्षक मुख्य चिकित्साधिकारी, डीडीओ, डी आई ओ एस, बीएसए, डीसी मनरेगा, जिला निर्माण खंड/प्रांतीय खंड सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पंचतत्व में विलीन हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. राम अधार गुप्त

**बरहज, देवरिया।** कभाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं मद्धेशिया समाज के पूर्व राष्ट्रिय अध्यक्ष प्रो. राम अधार गुप्त की गुरुवार को ९६ वर्ष की अवस्था में निज निवास पर निधन हो गया था, जिनका सरयू तट पर शुक्रवार को राजकीय सम्मान के साथ दाह संस्कार किया गया, बड़े पुत्र विवेक गुप्त ने मुखाग्नि दी कइस अवसर पर प्रदेश सरकार की तरफ से दीपक मिश्रा शाका व तहसीलदार बरहज अरुण कुमार ने तिरंगे में लिपटे श्री गुप्त के शव पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी वहीं पुलिस के सशत्र जवानों ने ₹गार्ड ऑफ ऑनर₹ की सलामी दी कभाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें कमल के फूल का झंडा ओढाकर पुष्पांजलि अर्पित किया क उनकी शव यात्रा में भाजपा सहित अन्य दलों के नेता व कार्यकर्त्ता सम्मिलित रहें कइस दौरान रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी, पूर्व विधायक स्वामीनाथ यादव, नीरज शाही, प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, मद्धेशिया समाज के पूर्व राष्ट्रिय अध्यक्ष सी.पी. गुप्ता, हियुवा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना राय, नरेन्द्र मिश्रा पप्पू, विजेश्वरी सिंह, राजेश मिश्रा, छट्ठेलाल निगम, गेनालाल यादव, मारकंडेय शाही, अजय दूबे, जितेन्द्र भारत, गोविन्द चौरसिया, जितेन्द्र सागर, प्रणव दूबे, मुन्ना सिंह, दिगंबर तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, दींन बंधू सिंह, सतीश जायसवाल, अजीत जायसवाल, श्यामसुन्दर जायसवाल, वीरेन्द्र गुप्ता, शिव शंकर जायसवाल, अरविन्द जायसवाल, शम्भू जायसवाल, लव कुमार सोनकर, हरिशंकर चौरसिया, प्रदीप गुप्त, प्रदीप जायसवाल, डा. अजय मिश्रा, अवधेश मद्धेशिया, विजय रावत, सचिन सिंह, विजय सिंह रिंकू, धर्मवीर सिंह, अमित यादव, अशोक सोनकर, नरेश प्रसाद आदि मौजूद रहें क

## पनियहवा घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**कुशीनगर।** नमामि गंगे योजना के तहत जिला गंगा समिति द्वारा गंगा घाटो की सफाई और लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को खड्डा के पनियहवा घाट पर कार्यक्रम आयोजित कर मुख्य अतिथि विधायक विवेकानंद पांडेय व विशिष्ट अतिथि छितौनी चेयरमैन अशोक निषाद ने स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करते हुए गंगा संकल्प शपथ दिलाया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि गंगा भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी ही नही हिन्दुओ के लिए आस्था की देवी है, गंगा करोड़ों लोगों को रोजगार के साथ-साथ एक बड़े भाग को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराती है जिसे बचाना नितांत ही आवश्यक है। लंबे समय से प्रचलित इसकी शुद्धिकरण की मान्यता वैज्ञानिक का आधार भी है। जल में ऑक्सीजन को बनाए रखने की असाधारण क्षमता है। चेयरमैन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गंगा में गंदगी न फैलाएं ।कार्यक्रम में गंगा संकल्प शपथ व श्रमदान भी किया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी अमृता चंद व जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नम्रता भट्ट ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विकास तिवारी, वन दरोगा सदानंद यादव, लक्ष्मण प्रसाद, बालकृष्ण कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## 789 दिव्यांगजन निःशुल्क उपकरण के लिए चिन्हित





**देवरिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), देवरिया में दिव्यांगजन लाभार्थियों के चिन्हांकन हेतु आयोजित विशेष शिविर का सफल संचालन किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की पहल पर आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और आवश्यक पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की। शिविर के पहले दिन एलिम्को द्वारा 789 दिव्यांगजनों का चिन्हाकन विभिन्न उपकरणों के लिए गया, जिसका बाजार मूल्य एक करोड़ चालीस लाख रुपये आंकलित है। इन सभी उपकरणों का एलिम्को द्वारा निःशुल्क वितरण बाद में ब्लॉकवार माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त 312 दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाणपत्र बनाये गए तथा लगभग 500 दिव्यांगजनों को ग्राम प्रधान द्वारा आय प्रमाणपत्र जारी किया गया।

दिव्यांगजनों का चिन्हाकन मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट छड़ी, श्रवण यंत्र सहित विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया गया। कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने शिविर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत कर उनकी जरूरतों और सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली शिविर में जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहीं और पूरे आयोजन की निगरानी की। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित कराने में सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में आधार प्रमाणीकरण, एनपीसीआई पंजीकरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था और बैंक खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर दिव्यांगजनों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर न केवल आवश्यक सहायक उपकरण प्राप्त करने में मदद करेगा, बल्कि उनके जीवन को अधिक सुगम बनाएगा। शिविर में उमड़ी भारी भीड़ ने इसकी सफलता को प्रमाणित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन इस लाभ से वंचित न रहे। चिन्हांकित लाभार्थियों की सूची एलिम्को, कानपुर को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर उपकरण जल्द उपलब्ध कराए जाएंगे और ब्लॉक स्तर पर वितरण किया जाएगा। इस दौरान सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, सीएमओ डॉ राजेश झा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/सदर एसडीएम श्रुति शर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

## योगी सरकार ने किसानों के लिये खोला खजाना: पवन मिश्र




**देवरिया।** उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किसान कल्याणकारी बजट और योगी सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूरे होने पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा जनपद के सभी विधानसभाओं में किसानों द्वारा पोस्टकार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और कृषि मंत्री को लिखे गए धन्यवाद और बधाई पत्र को किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने प्रधान डाकघर से भेजा ।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि योगी सरकार ने वर्तमान बजट में किसानों के लिये खजाना खोल दिया है, बजट में सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के करीब 3 करोड़ किसानों को करीब 79,500 करोड़ रुपये देने का प्रावधान करने के साथ ही किसानों के सिचाई सुविधा को बेहतर बनाने के लिये पीएम कुसुम योजना के तहत 22,089 सोलर पंपों की स्थापना का प्रावधान किया गया है ।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले 8 वर्षों में प्रदेश में सभी वर्गों का अभूतपूर्व विकास किया है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से अम्बिकेश पाण्डेय, मुकेश राय, अरुण मिश्र, सुब्रत सिंह, डॉ विनोद पाण्डेय, सुधाकर गोंड़, प्रभुनाथ पाण्डेय, विनोद दूबे, सत्येन्द्र सिंह सोनू, मनोज सिंह उपस्थित रहे।

## गोष्ठी में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता का लिया गया संकल्प

कुशीनगर। विश्व जल संरक्षण दिवस पर निर्वाण सेवा संस्थान कुशीनगर द्वारा बुद्ध मार्ग कुशीनगर स्थित लिंह सन इंटरमीडिएट कॉलेज में गोष्ठी आयोजित कर जल संरक्षण को लेकर जन जागरूकता का संकल्प लिए गया ।शनिवार को आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश सिंह ने जल के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि जल ही जीवन है। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और विकास को लेकर उद्यमी संस्थानों द्वारा भारी मात्रा में जल दोहन हो रहा है। लोग टोटियां खोलकर छोड़ देते हैं। जल स्तर लगातार गिरने से सतही और धरातलीय सुखा बढ़ रहा है। बढ़ते ताप से ग्लेशियर जल प्रदूषण से स्वच्छ जल की मांग बढ़ रही है और आपूर्ति बाधित हो रही है। इस दिवस को मनाने की यूएनओ की मंशा यही है कि आने वाले समय में जल के संकट से बचा जा सके। इसके लिए जल के स्त्रोतों को संरक्षित करने के लिए जागरूक होना होगा। भूगोल के प्रवक्ता मैनेजर सिंह ने पौधारोपण, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर चर्चा की ताकि जल स्तर बढ़ें। शिक्षिका अर्चना ने कहा कि घरेलू कामों में कम से कम पानी खर्च किया जाय। नीलम, मंशा मद्धेशिया, रमेश सिंह ने कहा कि भावी पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संसाधनों को बचाएं।

## हीटवेव से बचाव के लिए बैठक आयोजित

**देवरिया।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, देवरिया, विकास भवन में हीटवेव से संबंधित बीमारियों के प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार वैश्य ने की, जिसमें समस्त उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहेबैठक में हीटवेव के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। डॉ. वैश्य ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है, जिससे पशुओं के बीमार होने और उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित होने का खतरा बढ़ जाएगा। अत्यधिक गर्मी के कारण पशुओं को डिहाइड्रेशन, बुखार और गर्भपात जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी परिस्थितियों से बचाव के लिए पशुपालकों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

पशुओं को हीटवेव से बचाने के लिए कुछ जरूरी उपाय किए जा सकते हैं। पशुओं को ऐसी जगह रखना चाहिए जहां पर्याप्त छाया और हवा हो, जिससे वे गर्मी से राहत पा सकें। भैंसवंशीय पशुओं को शाम के समय नहलाना चाहिए और पशु बाड़ों में लगी टाट पर पानी का छिड़काव करते रहना चाहिए, ताकि वहां ठंडक बनी रहे। पशुओं के लिए शुद्ध पेयजल, सूखा चारा और हरा चारा उपलब्ध कराना आवश्यक है। भार ढोने वाले पशुओं को दोपहर के समय काम में न लगाकर छायादार स्थान पर रखना चाहिए, ताकि वे गर्मी से प्रभावित न होंयदि किसी पशु को लू लग जाए तो उसे तुरंत छायादार स्थान पर ले जाकर उसके शरीर और सिर पर ठंडा पानी डालना चाहिए तथा भीगा हुआ कपड़ा बार-बार रखना चाहिए, जिससे उसे राहत मिले।

## सचिव नगर विकास ने की नगर निकाय, जल निगम और सीएनडीएस की समीक्षा बैठक

**देवरिया।** सचिव नगर विकास श्री अजय शुक्ला ने आज सायं पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नगर निकाय, जल निगम (शहरी) एवं सीएनडीएस के कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित समस्त निर्माण परियोजनाओं को शासन की मंशानुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। इस कार्य में तनिक भी कोताही न बरती जाए। अन्यथा उत्तरदायित्व तय कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन जैनेंद्र सिंह, ईओ नगर पालिका देवरिया संजय तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## समाधान दिवस में 12 शिकायते निपटीं

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम की शुरूआत की जा रही है * जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया ।पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में बेहतर जनसुनवाई एवं पुलिस के उत्तरदायित्व निर्धारण करने, संवेदनशीलता बढ़ाने, एवं बेहतर पारदर्शिता बढ़ाने के लिए थाना दिवस पर डेस्क सिस्टम के तहत समस्त थानों पर हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने-अपने हल्का/ग्राम/बीट की डेस्क लगाकर जनसमस्याओ को सुना गया और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी कराया गया।

इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 112 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 28 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया ।

## संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान में न हो लापरवाही

**ललितपुर।** माह अप्रैल में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के संचालन हेतु शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक एवं सघन टीबी अभियान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए माईक्रोप्लान तैयार कर 27 मार्च तक स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दें। साथ ही क्षेत्रीय कर्मचारियों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ब्लॉक स्तर पर एमओआईसी की अध्यक्षता में एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों के साथ संचारी रोग से सम्बंधित गतिविधियों पर आधारित प्रशिक्षण सत्र आयोजित कराकर प्रश्नपत्र देकर उनकी परीक्षा भी करायी जाए।

# जल ही जीवन: विश्व जल दिवस पर लें पानी बचाने का संकल्प

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। दिनोंदिन बढ़ता जलसंकट चेतावनी है कि अगर हमने अभी से पानी बचाने के उपाय नहीं किए, तो भविष्य में स्थिति और भयावह हो सकती है। धरती पर जितना पानी है, उसका सिर्फ 2.5% ही फ्रेश वॉटर है और इसमें से भी 1% से कम हिस्सा ही आसानी से पीने या इस्तेमाल के लिए उपलब्ध है। बाकी बर्फ के रूप में ग्लेशियरों में या जमीन के नीचे बंद है। इसीलिए हमें अपने अपने स्तर पर पानी बचाने के लिए गंभीर प्रयास करने की जरूरत है ।बताते चले कि जीवन के लिए हवा के बाद सबसे महत्वपूर्ण है पानी। पानी हमारी जिंदगी का आधार है। पीने के अलावा खाना बनाने, नहाने, खेती करने और फैक्ट्रियों को चलाने तक हर चीज के लिए पानी चाहिए। लेकिन आज दुनिया में पानी की कमी एक बड़ी समस्या बन रही है। अगर हम इसे नहीं बचाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है। इसी बात पर ध्यान दिलाने और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ह्यविश्व जल दिवसह्ल मनाया जाता है। पानी की बबार्दी रोकना इसलिए जरूरी है क्योंकि धरती पर जितना पानी है, उसका बहुत कम हिस्सा ही हमारे इस्तेमाल के लायक है। बढ़ती आबादी, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन ने जल संकट को और गंभीर बना दिया है। दुनिया की एक बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। आज का दिन दिवस लोगों को जल संकट और उसके समाधान पर सोचने के लिए प्रेरित करता है।

> ● रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून

धरती का करीब 71% हिस्सा पानी से ढका हुआ है। यानी समुद्र, नदियां, झीलें और ग्लेशियर सब मिलाकर ढेर सारा पानी है। लेकिन इसका 97.5% हिस्सा खारा पानी है जो समुद्रों में है और पीने या रोजमर्रा के काम के लिए इस्तेमाल नहीं हो सकता। इसका मतलब है कि इंसान के उपयोग के लिए सिर्फ करीब 2.5% साफ पानी ही बचता है। हमारी गलतियों जैसे प्रदूषण, पानी की बबार्दी और जलवायु परिवर्तन के कारण ये कीमती पानी दिनों दिन कम होता जा रहा है। इसीलए हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है ताकि जल संरक्षण और सतत जल प्रबंधन की आवश्यकता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

विश्व जल दिवस हमें याद दिलाता है कि पानी हमारी जिंदगी का सबसे अनमोल तोहफा है। बिना पानी के न प्यास बुझ सकती है, न खेत हरे रह सकते हैं, न पेट भर सकता है, न ही हमारा रोज का काम चल सकता है। लेकिन आज दुनिया के कई स्थानों पर जलसंकट एक गंभीर समस्या बन गया है। बढ़ता प्रदूषण, फैक्ट्रियों का गंदा पानी, प्लास्टिक और कचरा नदियों-झीलों में मिल रहा है, जिससे साफ पानी गंदा हो रहा है।

ग्लोबल वॉर्मिंग से ग्लेशियर पिघल रहे हैं और बारिश का पैटर्न बिगड़ गया है। कहीं सूखा पड़ रहा है, तो कहीं बाढ़ आ रही है। पानी का ज्यादा और बेजा इस्तेमाल भी एक बड़ी वजह है। कई लोग पानी को बेकार बहाते हैं, जैसे नल खुला छोड़ना या खेती में जरूरत से ज्यादा पानी इस्तेमाल करना। भूजल का दोहन, जंगलों की कटाई भी पानी की कमी के बड़े कारण हैं।

### विश्व जल दिवस का क्या है थीम

2025 में विश्व जल दिवस की थीम है ग्लेशियर संरक्षण। इसका मतलब है कि ग्लेशियर यानी बर्फ के पहाड़ दुनिया भर में साफ पानी को बनाए रखने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं और हमें इनका संरक्षण करने के हरसंभव प्रयास करने चाहिए। ग्लेशियर हमें पीने का पानी, खेती और नदियों के लिए पानी देते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन की वजह से ये तेजी से पिघल रहे हैं।

इन्हें बचाना बहुत जरूरी है, वरना आने वाले दिनों में पानी की बड़ी समस्या हो सकती है। पानी हम सबकी जिंदगी है और उसे बचाने की जिम्मेदारी को भी हमें समझना होगा। आइए इस विश्व जल दिवस पर हम मिलकर संकल्प लें की बूंद-बूंद पानी बचाएंगे और अपने आस पास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

संक्षेप

## विशाल भंडारा संपन्न

**अमेठी।** शनिवार को भोये बाजार मे श्री गया जगन्नाथ जी का भंडारा मिश्रीलाल के यहां संपन्न हुआ। भंडारे में समाज सेवी रामजी अग्रहरि सहाबागंज ने सैकड़ों लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। भंडारे मे भोये की दो बेटियों सरिता अग्रहरि लेखपाल व ऋचा अग्रहरि को डाक्टर का कोर्स करने के लिए सम्मानित किया गया। इस भंडारे मे पंद्रह हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन शिवपाल अग्रहरि ने किया। इस मौके पर माता प्रसाद वैश्य, धर्मेन्द्र कुमार, सुरेश भट्टा वाले, लालजी, गामा प्रसाद, लल्लू अग्रहरि, पुत्तन लाल, सियाराम, राकेश कुमार, पुन्नू, शुभम अग्रहरि, दिलीप कुमार, सूरज, महेन्द्र कुमार, रामलाल, मल्हू शामिल रहे।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उनि. रघुवंश कुमार यादव थाना पीपरपुर मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुअसं 18/25 धारा 119(2), 108,352,351 (2), 351(3),3(5) बीएनएस व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट थाना पीपरपुर जनपद अमेठी में वांछित 3 नफर अभियुक्त, शिवा पाण्डेय पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद पाण्डेय निवासी ड़डवा मजरे भेवई थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष, संजय यादव पुत्र श्यामलाल यादव निवासी ग्राम भेवई थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 38 वर्ष, रणबीर यादव उर्फ नन्हे यादव पुत्र शिववीर यादव निवासी ग्राम भेवई थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष को रेवड़ा मोड के पास से समय करीब 10:05 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना पीपरपुर पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

## 10 में 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**महराजगंज, रायबरेली।** थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में कुल 10 शिकायती पत्र आए जिसमें 2 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया बताते चले की शनिवार को आयोजित होने वाले थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप जिलाधिकारी सचिन यादव कर रहे वहीं थाना दिवस में कुल 10 शिकायती पत्र आए जिसमें राजस्व के 7 पुलिस के 3 दो शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर एसडीएम सचिन यादव क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र बहादुर पाल, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, दिनेश गोस्वामी, रोहित कुमार, देवेंद्र सिंह भदोरिया सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## समरसता समारोह आयोजित

**बछरावां, रायबरेली।** होली के अष्टमी के दिन होली मिलन, समरसता आयोजन कस्बे के मल्हीपुर गांव के समीप किया गया जिसमें विद्वानों व अधिवक्ताओं तथा गुरुजनों का आगमन हुआ। आयोजन के मुखिया वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद द्विवेदी तथा मां सिद्धेश्वरी महाविद्यालय तिसंधा के संस्थापक अनुपम शुक्ला रहे। आयोजन में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत आयोजक मंडल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने स्वागत गीत गया तथा आए हुए सभी विद्वानों का सम्मान किया। कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र फाग गीत रहा जिसमें कई भाग मंडली ने हिस्सा लिया।

# पानी बचाने के लिए जागरूक हों परिवार : ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** जल संरक्षण की शुरूआत घर से करें। पानी बचाने के लिए हर परिवार को जागरूक होना पड़ेगा। पानी बर्बाद होने से बचाकर कई समस्याओं का समाधान हो सकता है। हमारा छोटा सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित कर सकता है। जल संरक्षण हेतु हम सबको सचेत होने की जरूरत है। यह बातें राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहीं।

वह राणा प्रताप विधि महाविद्यालय धरमदासपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विश्व जल दिवस पर कटका क्लब द्वारा आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। कटका क्लब के गौरैया आओ मेरे देश और जल संरक्षण अभियान के तहत आयोजित इस समारोह में राणा प्रताप पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमाधिकारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि कबूतरों ने गौरैया के ठिकानों पर कब्जा कर लिया है। कबूतरों की बढ़ती संख्या गौरैया के न दिखने की बड़ी वजह है। शहरों में बनने वाले घरों की बनावट में गौरैया के लिए जगह नहीं है। कटका क्लब के अभियान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस अभियान में सबको जुड़ने की जरूरत है। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि जल संरक्षण और प्रबंधन बहुत जरूरी है। जल है तो कल है का नारा हमारे जीवन को समझने के लिए जरूरी है। शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने बताया कि संस्था सोशल मीडिया व स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लगातार जल व गौरैया संरक्षण के मुद्दे उठा रही है। स्वागत कार्यक्रमाधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विभा सिंह व आभार ज्ञापन दिनेश चैरसिया, बृजेंद्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने जल व गौरैया संरक्षण रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया।

## जल दिवस पर दी जानकारी

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कार्यदायी सस्था सेंटर आफ टेक्नोलॉजी एण्ड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सीटेड के बैनर तले शनिवार को विश्व जल दिवस मनाया गया। विकास खंड के ग्राम पंचायत भरतीपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम समन्वयक अनूप तिवारी ने जल बचाने के लिए चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल जीवन का आधार है। यह न केवल हमारे शरीर के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि कृषि उद्योग और अन्य कई क्षेत्रों के लिए भी आवश्यक हैं, लेकिन आज जल संकट गभीर समस्या बन गया है। जलवायु परिवर्तन बढ़ती जनसंख्या और अत्यधिक जल प्रयोग के कारण दुनिया भर में लोगों को जल की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

# अज्ञात बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चैकी अंतर्गत अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर डोडापुर पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। पंचायत नामा भरकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

गोसाईगंज थानाक्षेत्र खेड़ी डोडापुर बाबूगंज निवासी नरेंद्र मोहन(25) पुत्र आनंद मोहन यादव शनिवार को बाइक से निजी कार्य हेतु बाजार जा रहा था। दोपहर करीब तीन बजे वह अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर डोडापुर पेट्रोल पंप के पास पहुँचा था कि अज्ञात बस ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि नरेंद्र मोहन का सर फट गया, और उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं बाइक पूरी क्षतिग्रस्त हो गई। ड्राइवर मौका देखकर बस लेकर फरार हो गया। नरेंद्र मोहन जीवन यापन के लिए परदेश में नौकरी करता था। वह 15 दिन पहले घर आया था। उसकी बीते वर्ष 12 मार्च को फाजिलपुर निवासी लक्ष्मी के साथ शादी हुई थी। नरेंद्र मोहन पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है। उपनिरीक्षक एनामुल हक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिली है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**चांदा, सुलतानपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घरवासपुर के पास अमरजीत यादव पुत्र राम सहाय यादव उम्र 38 निवासी रामपुर कल्याणपुर की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने डायल 112 चांदा थाना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस व ग्रामीणो की मदत से 108 ऐम्बुलेंश से समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गाय जहाँ पर डॉक्टरों ने अमरजीत को मृत बताया। मिली जानकारी के अनुसार अमरजीत घर से विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक मुख्यालय पर होली मिलन समारोह के आयोजन में सामिल होने जा रहे थे कि घर से कुछ ही दूर पर घरवासपुर के पास फोरलेन हाइवे पर पहुँचे ही थे कि इतने में इनकी मोटरसाइकिल सहित ट्रक और इनोवा कार की चापेट में आ गए जिससे बड़ी दुर्घटना के शिकार हो गए और अमरजीत की मौत हो गयी।

# अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन पूरे उत्साह के साथ हो रहा है। जिसमें रेलवे जोन, प्रोडक्शन यूनिटों एवं रेलवे बोर्ड सहित कुल 9 टीमों के खिलाड़ी तथा ऑब्जर्बर, टेक्निकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के पदाधिकारी सहित कुल 210 लोग शामिल होंगे। इसमें बहुत से खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुके हैं। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने सभी खिलाड़ियो को शुभकामानाएं दी। प्रतियोगिता के प्रथम दिन पहली पाली में 2 मैच खेले गये। प्रथम मैच दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता एवं उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के मध्य हुआ जिसमें दोनो टीमें 2-2 गोल के साथ बराबरी पर रही, द्वितीय मैच पश्चिम रेलवे मुम्बई तथा पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, के मध्य खेला गया। जिसमें पश्चिम रेलवे मुम्बई 5-0 से विजित रही। आरेडिका खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना ने बताया कि आगुन्तक खिलाड़ियों, कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने-खाने की उचित व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और एक स्वच्छ प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सके। इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना, आरेडिका खेल-कूद विशेष अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन अवार्डी सुधा सिंह, आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव एवं वित सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दूसरी शादी कर पहली पत्नी को घर से निकाला पांच बच्चों के साथ भटक रही महिला

**अमेठी।** थाना क्षेत्र के ग्राम रणवीर नगर, रामनगर निवासी अनीता सिंह न्याय की गुहार लगा रही हैं, समाधान दिवस पर अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत होकर उन्होंने बताया कि उनके पति प्रीतम सिंह ने दूसरी शादी कर ली है और उन्हें पाँच छोटे-छोटे बच्चों के साथ घर से निकाल दिया है। पीड़िता के अनुसार, कुछ महीनों पूर्व पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हुई, जिसके बाद वह मायके चली गई थीं। इस बीच, उनके पति ने घर में दूसरी महिला को ला लिया और अब पहली पत्नी को अपनाने से इंकार कर रहे हैं। जब अनीता सिंह अपने बच्चों के साथ घर लौटना चाहती हैं, तो पति उन्हें गाली-गलौज व मारपीट कर भगा देते हैं. इतना ही नहीं, पीड़िता ने आरोप लगाया कि उनके पति ने फोन पर उनके पिता और भाई को धमकी दी कि यदि उन्होंने बेटी को नहीं बुलाया, तो उसकी हत्या कर देंगे.डर के कारण अनीता सिंह के मायकेवालों ने उन्हें अपने घर बुला लिया, लेकिन अब वह पाँच बच्चों के पालन-पोषण और शिक्षा को लेकर असमंजस में हैं। पीड़िता ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है. मामले पर नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**महराजगंज रायबरेली।** हलोर गांव के होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों की प्रतिभा देखकर ऐसा लगता है कि हलोर गांव में आयोजित होने वाले होली मिलन समारोह में ऐसे कार्यक्रमों का कराया जाना नितांत आवश्यक है, जिससे कि समाज में लोग एक दूसरे से गले मिलकर व आपसी भाईचारे को मजबूत करें। यह उद्गार क्षेत्र के हलोर गांव में विशाल होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल अकेला व्यक्त कर रहे थे। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हलोर गांव स्थित संगम वीर बाबा के मैदान में विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसके आयोजक संत कुमार चैधरी, पूर्व प्रधान व श्रवण कुमार चैधरी रहे। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा किए गए रामलीला मंचन का आनंद उठाया तो वहीं कलाकारों ने एक से एक कलाएं प्रस्तुत की। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि विगत कई वर्षों से मैं हलोर के होली मिलन समारोह में आता रहा हूं और इस होली मिलन समारोह में आपसी भाईचारे का जो अपनापन देखने को मिलता है वह काबिले तारीफ है। उपस्थित माताओं बहनों भाइयों व बुजुर्गों को होली की बधाई देता हूं तथा आप सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर आपसी भाईचारा बनाए रखें। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक संत कुमार चैधरी, श्रवण कुमार चैधरी, भाजपा नेता अवधेश मिश्रा, जमुना प्रसाद मिश्रा, अरुण कुमार उर्फ दद्दू सिंह, माता फेर सिंह, भरत मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे

## गंगा घाट व ऊंचाहार के बीच चली नयी स्पेशल ट्रेन

**लालगंज, रायबरेली।** कानपुर में रेलवे गंगा पुल पर रेल ट्रैक की मरम्मत के चलते फिलहाल सभी रेलगाड़ियां बंद हो गई हैं। रेल विभाग ने यात्रियों की मुसीबत को देखते हुए गंगा घाट कानपुर रेलवे स्टेशन से ऊंचाहार तक नई स्पेशल ट्रेन चलाई है। यह ट्रेन सुबह 10 बजे गंगा घाट शुक्लागंज से चलेगी और लालगंज 12 बजे पहुंचेगी। लालगंज के बाद ट्रेन ऊंचाहार 1 बजे पहुंचेगी। ऊंचाहार से दोपहर बाद पुनः 2 बजे वापस प्रस्थान कर लालगंज 3 पहुंचेगी। लालगंज से होते हुए गंगा पुल कानपुर ट्रेन 5 बजे पहुंचेगी।

# कमजोर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर शिक्षक करें फोकस : विनोद सिंह



- कार्यक्रम में सेवानृवित्त शिक्षकों को दी गयी बिदाई

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** निपुण भारत के प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत ब्लाक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को कूरेभार के जूनियर हाई स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह ने शिक्षकों से कमजोर बच्चों के सर्वांगीण विकास की अपील की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुँचे गवर्नर काउंसलिंग सामाजिक व अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य संतराम शुक्ला ने ब्लॉक को निपुण बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित नोडल शिक्षक व विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकताओं की ओर से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 एवं निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं प्राथमिक शिक्षक के तहत कक्षा एक, दो व तीन हेतु निर्धारित अधिगम लक्ष्यों एवं उनको प्राप्त करने संबंधी प्रवधि आदि से मौजूद लोगों को अवगत कराया। सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि बाल विकास के एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए प्री स्कूल किट, एक्टिविटी कलेंडर कहानी की पुस्तकों का प्रदर्शन पीपीटी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में सेवानृवित्त हुए आधा दर्जन से अधिक शिक्षक को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी गई। इस मौके पर अटेवा के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह अटेवा, शिक्षक राजीव मिश्रा, वैभव भटनागर, रमेश मिश्रा, राज कुमार यादव, राम भारत वर्मा, राम जियावन कनोजिया, राजेन्द्र दूबे, अंजना त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी, अरुण कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## अपर पुलिस महानिदेशक से लूट के खुलासे की मांग

**लालगंज, रायबरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन से भेंट कर पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा निवासी सरार्फा व्यापारी हरिओम सोनी के साथ हुई लूट की घटना के खुलासा किए जाने की व्यापारियों ने मांग की है। लालगंज सरार्फा एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया कि 2 सितम्बर को हरिओम सोनी प्रो0 बालाजी ज्वेलर्स को गोली मार कर लगभग 15 लाख रुपए के सोने एवं चांदी के जेवरों की लूट की गयी थी। आज लगभग 8 माह व्यतीत हो जाने ले बाद भी पुलिस द्वारा कोई भी अपराधी पकड़ा नहीं गया है ना ही पीड़ित का कुछ भी माल मिल पाया है। पीड़ित पिछले 8 माह से जिंदगी और मौत से लड़ रहा है एवं लगातार अपना इलाज करवा कर आर्थिक रूप से कमजोर हो चुका है।लूट की घटना मे सोना चांदी व अन्य जेवरात चले जाने से पीड़ित की दुकान भी लगातार बंद है।इस सम्बन्ध में आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सोनी के साथ पीड़ित हरिओम सोनी एवं उनके परिवार के लोग अपर पुलिस महानिदेशक (लखनऊ जोन) एस0 बी0 शिरेडकर से उनके कार्यालय में मिले और शीघ्र से शीघ्र दोषियों को पकड़ कर कठोरतम सजा एवं सम्पूर्ण माल बरामदगी की बात की, जिससे पीड़ित अपना व्यापार पुनः प्रारम्भ कर अपना एवं अपने परिवार का जीवन यापन कर सके।

# पीएम श्री विद्यालयों में कायाकल्प के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान : जेपी सिंह



- प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को दी गयी किट और प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानित

**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग के पीएम श्री विद्यालयों के बच्चों की शनिवार को जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन पुलिस लाइंस के मैदान में आयोजित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उपशिक्षा निदेशक एवं डायट प्राचार्य जेपी सिंह ने किया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में 30 विद्यालय पीएम श्री योजना के तहत संचालित हो रहे हैं। यह सभी स्कूल मॉडल स्कूल की तरह विकसित किए जा रहे हैं। पीएम श्री स्कूल के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 30 स्कूलों के बच्चे खेलकूद में प्रतिभाग कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि जेपी सिंह ने कहा कि पीएम श्री स्कूलों में कायाकल्प के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान दिया जा रहा है। इन स्कूल के बच्चों का प्राइवेट स्कूल के बच्चों के साथ कोऑर्डिनेशन बनाया जा रहा है। उनसे ट्रेनिंग भी लेते हैं और इन स्कूलों के बच्चे प्राइवेट स्कूल में भी जाते हैं ताकि एक दूसरे से सीख सकें।क्रीड़ा प्रभारी बीईओ बृजलाल ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि पठन-पाठन के साथ सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते रहें। इस मौके पूर्व बीईओ रामचंद्र यादव, बीईओ अनिल मिश्रा, अविनाश गुप्ता, शीतल श्रीवास्तव, एसआरजी राजवंत, सुनील यादव, राजीव ओझा, जिला खेल प्रभारी रेनू शुक्ला, नीरज, निरुपमा बाजपेई, सुनीता सिंह, विमला, महेंद्र यादव, दीपक, पंकज आदि लोग मौजूद रहे।

# युवा प्रायः यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं : नंदकुमार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सुरक्षित ड्राइविंग सिर्फ आपकी ही नहीं, बल्कि अन्य यात्रियों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करती है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल हमारी, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए इन नियमों और जागरूकता अभियानों को समझना जरूरी है। यह बातें एआरटीओ नंदकुमार ने राणा प्रताप पी. जी.कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में कही। उन्होंने आगे कहा कि वाहन चलाते समय सतर्कता और नियमों का पालन बेहद जरूरी है। ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। नीचे कुछ महत्वपूर्ण बातें दी गई हैं। जो वाहन चलाते समय ध्यान रखनी चाहिए। वाहन चलाने के नियम स्पीड लिमिट का पालन करें, निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन न चलाएं। प्रायः युवा यातायात नियमों की अनदेखी करते है। आकड़े यही दशार्ते हैं। गाड़ी चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। बाइक चलाते समय हेलमेट पहनें और कार में सीट बेल्ट लगाएं। मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल दुर्घटना का मुख्य कारण बन सकता है। नशे में वाहन न चलाएं। शराब या किसी अन्य नशीले पदार्थ के सेवन के बाद ड्राइविंग न करें। सिग्नल और संकेतों का पालन करें। ट्रैफिक लाइट और अन्य संकेतों का पालन। एआरटीओ नंदकुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस मौके पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, डॉ. विभा सिंह, डॉ. वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, डॉ. संतोष अंश, डॉ. प्रीति प्रकाश, डॉ. शिल्पी सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जतायीं खुशियां



**लालगंज, रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लालगंज कार्यालय में होली मिलन समारोह का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ऐहार गांव के भगुवारों ने ढोल मजीरों के साथ होली गीतों पर थाप लगाई। होली खेले रघुवीरा फाग पर लोग वाह-वाह कर उठे। महिला मंडल ने भी होली त्यौहार के गीत गाकर समा बांध दिया।जिला प्रचारक आशुतोष ने कहा कि होली का त्योहार हिंदुओं का पारंपरिक हर्ष एवं उल्लास का पर्व है। होली मिलन समारोह कार्यक्रमों से समाज में सामाजिक समरसता की भावना जागृत होती है। जिला कार्यवाह अनंत वाजपेई ने कहाकि होली मिलन समारोह कार्यक्रम मेल मिलाप एवं सद्भाव जागृत करने का संदेश देते है। जिला व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी ने कहा कि होली मिलन समारोह कार्यक्रम बढ़-चढ़कर होने चाहिए ऐसे कार्यक्रमों से सनातन धर्म मजबूत होता है। समारोह में विभाग कार्यवाह उधम जायसवाल, नगर प्रचारक पुष्पम, शीतला प्रसाद, पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह, प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, राजेश सिंह फौजी धर्म जागरण के जिला संयोजक शिव कैलाश, सहसंयोजक सुशील शुक्ला, भाजपा नेता शिवराम सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, जिला विधि प्रमुख अशोक शुक्ला, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, लक्ष्मी शंकर त्रिपाठी, निर्भय सिंह, राजेश सोनी, गणेश वाजपेई, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल, डॉ एलएस त्रिवेदी, विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक नीलेश शुक्ला, संगठन मंत्री अभय समेत कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# विधायक ने दर्जनों दिव्यांगजनों को निःशुल्क वितरित किये कृतिम यंत्र



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार दोपहर कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर दिव्यांगजनों को कृतिम यंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुँचे सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह ने 18 ट्राई साइकिल, 4 ह्वील चेयर, 5 कान की मशीन, 8 बैशाखी का वितरण जरूरतमंद दिव्यांगजनों को माला पहनाकर किया। इस दौरान बीडीओ श्रीकांत तिवारी, विकलांग विभाग से प्रमोद कुमार पाण्डेय, एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा, एडीओ समाजकल्याण मुदित शंकर, राम केवल वर्मा, पंकज कुमार कनोजिया, रंजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्व कल्याण के लिए आज अमेठी ने रख दी नींव

**अमेठी।** संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए अमेठी में अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित राष्ट्र जागरण दो सौ इक्यावन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन की शाम अमेठी चौबीस हजार दीपों से जगमगा उठी। देर रात तक चले इस कार्यक्रम से हर पहुंचने वाले के चेहरे पर उल्लास और नव निर्माण की मुस्कान और उत्साह दिखाई दे रहा था। हजारों की तादाद में यज्ञस्थल पर जमा भीड़ अमेठी में विकासात्मक बदलाव की गवाही दे रही थी।



शुक्रवार देर देर शाम रात तक राष्ट्र जागरण को लेकर हुए दीप यज्ञ कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कार्यक्रम स्थल पर जिले के आलाकमान अधिकारियों समेत मंत्री, विधायक सहित तमाम संगठनों के लोगों समेत हजारों लोगों ने दीप यज्ञ का हिस्सा बनकर राष्ट्र के उत्थान की कामना की। शुक्रवार शाम गायत्री परिवार की ओर से चौबीस हजार दीपों के साथ दीप यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे देव संस्कृति विश्व विद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति एवं आज के विवेकानंद कहे जाने वाले डॉ चिन्मय पांड्या ने जन समूह को संबोधित किया। डॉ चिन्मय पांड्या ने गायत्री मंत्र को महामंत्र बताते हुए कहा कि इस मंत्र में विशिष्ट शक्ति विद्यमान है। स्वाहा शब्द के अलग अलग अर्थ को बताते हुए कहा कि भगवान के सामने हम बिना किसी दबाव के अपनी इच्छा से बैठे हैं। उत्तर प्रदेश में अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ अमेठी को भी नव युग निर्माण में जोड़ते हुए कहा कि विश्व कल्याण और मानव कल्याण के लिए अमेठी ने नींव रख दी। बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे प्रसिद्ध गीतकार और युवाओं की धड़कन मनोज मुंतशिर ने अमेठी में गायत्री शक्तिपीठ की नींव रखने वाले स्व० डॉ० सुरेंद्र प्रताप सिंह को याद करते हुए कहा कि उनके संकल्पों का सुखद परिणाम है कि आज अमेठी गायत्रीमय हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत एक बार फिर विश्व गुरु बनेगा और उसकी आधारशिला पर स्वर्णिम अक्षरों में जिनका नाम लिखा है वो है पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य। कहा कि अमेठी की धरा पर उमड़ा जन सैलाब देश को विकास की राह पर लाने के लिए तत्पर दिख रहा है। कार्यक्रम में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, विधायक राकेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी अमेठी निशा अनंत, पुलिस अधिक्षिका अपर्णा रजत कौशिक, सीडीओ सूरज पटेल की भी मौजूदगी रही।

## जरूरतमंदों को रोशनी देना ही उद्देश्य : राकेश राना

**जगतपुर, रायबरेली।** जगतपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा सिद्धौर में जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना के नेतृत्व में आर्यावर्त आई हॉस्पिटल रायबरेली के सौजन्य से डॉ धर्मेंद्र सिंह की टीम डॉ प्राची गुप्ता, डॉ शिवानी सिंह व डॉक्टर शिवम द्वारा नेत्र शिविर कैंप संपन्न हुआ। शिविर कैंप का संयोजन त्रिलोकी सिंह ने किया। त्रिलोकी सिंह ने कहा कि इन कैंपों के जरिए गरीबों से गरीब लोगों की भी सेवा की जा रही है जिससे अपनी दुनिया देख सके, शिविर कैंप में 124 मरीजों की ओपीडी हुयी, 35मरीजों को चश्मा दिया गया, 20 मरीजों को ऑपरेशन हेतु पंजीकरण किया गया। जिनको तुरंत ऑपरेशन है अस्पताल ले जाया गया, जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने बताया कि नेत्र चिकित्सा शिविर कैंप का उद्देश्य हर गरीब, असहाय, किसान परिवारों को रोशनी देकर मदद करने का है। इस तरह के नेत्र जांच शिविरों का आयोजन कर, हर ग्राम पंचायत में जरूरतमंदों को रोशनी की ओर ले जाने का काम जारी है। वहीं दूसरा कैंप धोबहा गांव में आयोजित किया गया जिसमें 70 लोगों ने आंखों का इलाज कराया और आठ लोगों को ऑपरेशन है चयनित किया गया इस ऑपरेशन इस कैंप को आशापाल सिंह, पिंकू सिंह की देखरेख में कराया गया।

संक्षेप

## आयकर निरीक्षक बने प्रशांत धनगर

**मथुरा।** केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर छाता के प्रशांत धनगर बने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर। केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर छाता के प्रशांत धनगर ने आयकर विभाग में इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त होकर अपने कस्बा एवं जिले का नाम रोशन किया है।इस उपलब्धि पर लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया और हर्ष व्यक्त किया। छाता के हरनाथिया थोक निवासी चंद्रभान सिंह एडवोकेट के पुत्र प्रशांत पाल सिंह धनगर ने सीजीएल की परीक्षा में यह उपलब्धि हासिल की है। प्रशांत ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है और कहा है कि यदि दृढ़ संकल्प लेकर लग्न के साथ मेहनत की जाए तो अभावों में भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## तीन मोबाइल चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा तीन मोबाइल चोरों को चोरी के 05 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा 03 मोबाइल चोर कर्मवीर उर्फ सोनू पुत्र रामशरन निवासी बिल्टीगढ थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद,गौरव पुत्र श्यामसिंह निवासी बिल्टीगढ थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद, शिवम पुत्र माताप्रसाद निवासी हनुमान गली रामबाग थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा हाल पता बिल्टीगढ थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद को 05 अलग-अलग कम्पनी के चोरी किये हुए मोबाइलों के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मक्खनपुर पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तगम के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा एक वाँछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना पचोखरा पर पंजीकृत धारा 87 बीएनएस से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्त विशू उर्फ विशाल पुत्र मुन्दर निवासी याकूबपुर थाना फेज-2 जनपद गौतमबुद्ध नगर को टूण्डला ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# लता-पता से भी निकलते राधा कृष्ण के नाम के स्वर



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** दक्षिण भारत के कर्नाटक से उतर भारत के धार्मिक भ्रमण पर लगभग दो सौ श्रद्धालु भक्तों के साथ निकले शिराली चित्रापुर के ग्यारहवें मठधिपति सद्दोजात शंकराश्रम स्वामी महाराज ने तीन दिन ब्रज के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर बताए। शनिवार उन्होंने कहा कि बृज में प्रिया प्रीतम राधा कृष्ण का उदघोष लता पटाओ से आज भी सुनाई देता है जिससे श्रद्धालुओं में भक्ति का भाव जागृत होता है। जो मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। गौरतलब हो कि कर्नाटक के शिराली स्थित चित्रापुर मठ के ग्यारहवें मठधिपति सद्दोजात शंकराश्रम स्वामी महाराज तीन दिवसीय धार्मिक भ्रमण पर वृंदावन आए। जिनके साथ कर्नाटक के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग दो सौ श्रद्धालु भक्त साथ आए।इनके द्वारा वृंदावन में अटाला चुंगी स्थित एक आश्रम में यात्रा का पड़ाव रखा गया ।जहां उनके द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ महादेव बाबा की आराधना की गई। अगले दिन वृंदावन के बांकेबिहारी लाल के दर्शन किए। मथुरा में श्री कृष्ण जन्म स्थान के दर्शन किए। गोकुल में यमुना मईया की आरती की गई। यात्रा के दौरान उनके द्वारा अलीगढ के विवेकानंद महाविद्यालय में धार्मिक प्रवचन भी किए गए ।यात्रा के अगले पडाव में महाराज जी के साथ भक्तों ने गिर्राज महाराज की परिक्रमा की । और सभी यात्रियों ने धार्मिक यात्रा के दौरान बरसाने में राधारानी के दर्शन किए। इस अवसर पर महाराज सद्दोजात शंकराश्रम स्वामी ने कहा कि बृज में प्रिया प्रीतम के नाम का उदघोष वृक्षों की लता पटाओ से भी सुनाई देता है। बृज का कण कण भगवान कृष्ण और राधारानी जी की लीलाओं का गवाह है।बड़े पुण्यों का उदय होने से ही ब्रज में जन्म मिलता है। महाराज जी ने धार्मिक यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि देश के लोगों को धर्म के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है जो मानव कल्याण के लिए आवश्यक है । बृज के मंदिरों का सौंदर्य और और स्थलीय विकास सराहनीय है।शनिवार को यात्रा वृन्दावन से अयोध्या के लिए रवाना हुई।इस अवसर पर महाराज सद्दोजात शंकराश्रम स्वामी जी एवं उनके साथ आए श्रदालुओं का स्वागत कर विदाई दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ओ पी उपाध्याय लंकेश भक्त मंडल के अध्यक्ष ओमवीर सारस्वत एडवोकेट, ब्रजेश सारस्वत एडवोकेट, नत्थीलाल पाठक, हरिश्चंद सारस्वत , के पी सारस्वत प्रवीण पाठक आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मणों पर अत्याचार करने वालों पर कठोर कार्यवाही की मांग

**वृन्दावन।** धर्म रक्षा संघ के तत्वावधान में एक संगोष्ठी महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में भागवत मंदिरम में आयोजित की गई।संगोष्ठी में कुरुक्षेत्र में वेदपाठी कर्मकांडी ब्राह्मणों को बासी भोजन परोसने का विरोध करने पर स्वामी हरिओम बाबा के आदेश पर उनके अंगरक्षकों द्वारा की गयी गोलीबारी और लाठीचार्ज के विरोध में रोष व्यक्त करते हुए कड़े शब्दों में निन्दा की गयी।कुरुक्षेत्र में हुई गोलीबारी में वृन्दावन के श्रीमद्भागवत मंदिरम का एक छात्र आशीष तिवारी भी शामिल है।धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र में जिस प्रकार स्वामी हरिओम बाबा ने अपने पाखंड का परिचय देते हुए भोले भाले कर्मकांडी ब्राह्मणों पर जिस प्रकार का अत्याचार किया है पूर्णतः अमानवीय कृत्य है। आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि कुरुक्षेत्र में हुआ घटनाक्रम सनातन समाज पर एक कलंक की तरह है इसके षड्यंत्रकारी स्वामी हरिओम बाबा को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।




महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि स्वामी हरिओम बाबा जैसे पाखंडी बाबा सनातन समाज को बदनाम कर भोले वाले सनातनियों से यज्ञ के नाम पर पैसा इकट्ठा करते हैं और उसका दुरुपयोग अपने महिमा मंडल के लिए करते हैं। महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि आजकल यज्ञ के नाम पर ब्राह्मणों के साथ जिस प्रकार अत्याचार दिखाई दे रहा है यह सनातन धर्म के लिए अत्यंत चिंता का विषय है ब्राह्मणों के ऊपर अत्याचार करने वाले अंगरक्षकों और उनके स्वामी हरिओम बाबा पर कठोर कानूनी कार्रवाई हो। संगोष्ठी में महंत अतुल कृष्ण दास, श्रीदास प्रजापति, विकास शर्मा, आयुष नारायण, अंश वैष्णव, क्षितिज शर्मा, तेज शर्मा, ध्रुव शर्मा, अथर्व खट्टर, सुखदेव शर्मा, राम त्रिपाठी, सिद्धार्थ त्रिपाठी, सक्षम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# भगवान गोदा रंगमन्नार ने भक्तों संग खेली होली



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** वृंदावन में होली की खुमारी अब भी श्रद्धालुओं के सिर चढ़ कर बोल रही है। श्री रंगनाथ मंदिर के दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव के में कांच के विमान पर सवार होकर शनिवार जब ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान भक्तो के संग होली खेलने निकले तो वातावरण में अबीर गुलाल की बदरी छा गई। होली की मस्ती में सराबोर होकर भक्तो ने भी अपने आराध्य के साथ जमकर होली खेली। ब्रज के विशालतम श्री रंगनाथ मंदिर के ब्रह्मोत्सव के छठवें दिन भगवान गोदा रंगमन्नार कांच के विमान पर विराजित होकर भक्तो के साथ होली खेलने निकले। धवल श्वेत वस्त्र धारण किए ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान को वेदमंत्रों के साथ अर्चन कर प्राकृतिक अबीर गुलाल निवेदित किए गए। उसके बाद मंदिर के जगमोहन में चांदी की पिचकारी से भक्तो पर टेसू के फूलों से बने रंगों की बौछार की गई तो मंदिर परिसर रंगनाथ भगवान की जय जयकार से अनुगुंजित हो गया। तदोपरांत ठाकुर जी कांच के विमान में सवार होकर मंदिर के सिंह द्वार पर पहुंचे तो भक्तों में गजब का उल्लास छा गया। जहां विमान से पुजारियों ने पिचकारी से रंग बरसाया वहीं अबीर गुलाल की बदरी के बीच गोविंदघेरा के क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने भक्तो पर प्रेम पगी लाठियों बरसानी शुरू कर दी। ब्रज के पारंपरिक वस्त्रों में सजी महिलाओं की लाठियों से निकले प्रेम रस में भक्त सराबोर हो गए। भगवान भास्कर की तपिश में कमी से मौसम का सर्द अहसास भी रस रंग में डूबे भक्तो के उल्लास को कम नहीं कर सका था। जैसे जैसे सवारी बड़े बगीचे की तरफ बढ़ रही थी। रंगों की खुमारी भी अपने चरम पर पहुंच रही थी। लगभग दो घंटे के बाद जब सवारी मंदिर परिसर वापस पहुंची तो मंदिर प्रबंधन द्वारा हुरंगा खेलने आई महिलाओं को ठाकुर जी का प्रसादी फगुआ भेंट किया गया।

## इंजीनियरिंग ने एसएंडटी को 89 रन से हराया

**टूंडला।** अंतर रेलवे क्रिकेट टूनामेंट 2025 के अंतर्गत शनिवार को मैच इंजीनियरिंग एवं एसएंडटी और के बीच खेला गया। जिसमें टॉस एसएंडटी की टीम ने जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। इस दौरान इंजीनियरिंग की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। सवार्धिक रन सत्या ने 4 छक्के एवं 8 चौके की मदद से 105 रन बनाए।इंजीनियरिंग की तरफ से राहुल कुमार ने 4 ओवर में 5 विकेट लिए। जवाब मै उतरी एसएंडटी की टीम ने 14 ओवर में सभी विकेट खोकर 91 रन पर ऑल आउट हो गई। इसी के साथ इंजीनियरिंग की टीम ने क्रिकेट टूनामेंट में फाइनल में प्रवेश कर लिया और इंजीनियरिंग के कप्तान प्रवीन कुमार के साथ साथ इंजीनियरिंग के अधिकारी सहायक मंडल अभियन्ता टूंडला रिहान शाहीद ने टीम को बधाई दी। मैच के दौरान आयोजक डिप्टी सीटीएम अमित सुदर्शन, कार्यालय अधीक्षक रहीश पाल एवं स्टेनो यश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## डीएम/डीआईजी ने थाने में सुनीं फरियादियों की शिकायतें

**मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह तथा एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना सदर में फरियादियों की शिकायतें सुनी। शिकायत लेकर आए एक व्यक्ति ने शिकायत की कि कुछ लोग रास्ते में कार खड़ी कर देते हैं, जिससे निकलने में परेशानी होती है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सदर थाना प्रभारी विदिश कुमार को निर्देश दिए कि मौके पर जाकर जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने थाने के विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया। थाना दिवस में पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया, जिसमें दोनों उच्च अधिकारियों ने वन जेल वन प्रोडक्ट के अंतर्गत संचालित पोशाक सिलाई केंद्र का जायजा लिया। केंद्र में कार्य कर रहे व्यक्तियों से जानकारी ली कि क्या क्या प्रोडक्ट बनाए जाते हैं, कार्य कर रहे व्यक्ति ने जानकारी देते अवगत कराया कि भगवान जी की पोशाक, मुकुट, माला आदि का कार्य किया जाता है। उन्होंने एक विशेष जानकारी दी कि श्रीकृष्ण की एक आर्टिफिशियल जेल बनाई गई है, जिसमें 3डी पिक्चर लगाकर उसे आकर्षक बनाया जाएगा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि उक्त प्रोडक्ट के लिए अच्छी व्यवस्था की जाए और उसे बेहतर साज सज्जा कर सुंदर बनाने पर जोर दिया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने चैधरी भरत सिंह स्वतंत्र संग्राम सेनानी कारागार चिकित्सालय में जाकर बंदी मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने पाकशाला में जाकर बंदियों के लिए बन रहे भोजन में दाल, रोटी, सब्जी आदि को देखा। उन्होंने कारागार चिकित्सालय का निरीक्षण किया, कारागार में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी और पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से क्राइम और केस के बारे में जानकारी ली, जेल में सुविधा, असुविधा के बारे में पूछा, किस जिले से हैं आदि संबंधी पूछताछ की।

# सदैव कार्यकर्ताओं की आवाज बनकर काम करूंगा : राजू यादव



**मथुरा।** भाजपा द्वारा गोवर्धन रोड स्थित खंडेलवाल सेवा सदन में भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वागत सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद हेमा मालिनी राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी महापौर विनोद अग्रवाल पूर्व मंत्री रविकान्त कांत गर्ग महानगर अध्यक्ष राजू यादव जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वाशी श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यकताओं को संबोधित करती सांसद हेमा मालिनी ने कहा कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं। इसलिए वे सदैव सम्मान के पात्र होते हैं। कार्यकर्ता जिन्होंने पार्टी को अपने परिश्रम के बल पर सींच कर इतना बड़ा रूप दिया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ के परिश्रम का ही परिणाम है कि आज भाजपा का स्वरूप इतना बड़ा हुआ है। वही कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण चौधरी ने कार्यकताओं से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य पर पूरी निष्ठा के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की ।वहीं नवयुक्त महानगर अध्यक्ष राजू यादव ने कहा मंच से मैं कार्यकताओं को विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे कार्यकताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। कार्यकर्ताओं का उत्साह मेरे लिए ऊर्जा के समान है। कार्यकर्ताओं का सम्मान ही मेरा सम्मान है ।वहीं महानगर अध्यक्ष राजू यादव ने बताया कि भाजपा का मूल मंत्र सेवा, समर्पण और विकास है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की। जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने पार्टी की जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने का वादा किया। संचालन रामकिशन पाठक व हरिओम शर्मा ने किया। इस अवसर पर विधायक राजेश चैधरी पूर्व विधायक कारिंदा सिंह श्याम सिंह अहेरिया बाल संरक्षक आयोग अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा राष्ट्रीय ओबीसी आयोग सदस्य भुवन भूषण कमल पूर्व महापौर मुकेश आर्य पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर घनश्याम लोधी मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी अंकुर अग्रवाल विजय शर्मा जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी सह मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा लोकेश अग्रवाल अमन ठाकुर नरेंद्र गौतम सुरेश तरकर ज्ञानेंद्र चौहान देवेंद्र परिहार आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में 150 मरीजों की जांच की गयी

**टूंडला।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम जनपद फिरोजाबाद द्वारा 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान अंतर्गत मस्जिद रोड टूंडला पर स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया। जिसमें लगभग 150 मरीजों की चिकत्सको ने बिभिन्न जाँच की गई। राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम जनपद फिरोजाबाद द्वारा 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का शुभारंभ जिला क्षयरोग अधिकारी डा. ब्रजमोहन ने किया। इस दौरान टीबी एचआईबी, शुगर, सर्दी, जुकाम, बुखार आदि की जाँच की गई तथा आयुष्मान कार्ड बनबाये गये। इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी डा. ब्रजमोहन ने बताया कि जैसे कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय से लगातार खांसी आना, खांसी के साथ बलगम का आना बुखार आना, वजन घटना, भूख कम लगना, सीने में दर्द, बलगम के साथ ब्लड आना आदि लक्षण पाये जाते है तो तुरंत चिकत्सक को दिखाना चाहिए। रोगी की शीघ्र जांच व पूर्ण अवधि तक इलाज करवाये, रोगी खासते तथा छीकते समय मुंह पर रूमाल या साफ कपड़ा रखें। इधर-उधर ना थू के इससे बीमारी फैलने का खतरा रहता है, बलगम हमेशा ढक्कनदार डिब्बे में इकट्ठा करें तथा बलगम को जला दें या जमीन में गाड़ दे। 15 दिन के ईलाज से ही रोगी को टीबी फैलाने की क्षमता बिल्कुल कम हो जाती है, 6 से 8 महीने या चिकित्सकों द्वारा बताए समय तक इलाज लेने से रोगी पूरी तरह से स्वस्थ एवं रोग मुक्त हो जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉट्स केंद्र के डा. रमेश यादव ने की। इस दौरान लगभग 150 मरीजों का चिकत्सको द्वारा परीक्षण किया गया। इस मौके पर डॉ. ललित कुमार, डॉ.सरिता गौतम, डॉ. प्रशांत वर्मा, डॉ. हिरन पाल सिंह, डॉ. राजेंद्र शर्मा, डॉ. मोहम्मद आरिफ, डा. दीपक लवानिया, डा. रमेश यादव, डा. एसपी तिवारी, डा. नागेंद्र कुमार, लक्ष्मी देवी, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# उभर कर सामने आये फिरोजाबाद का आधारभूत चरित्र : नोडल अधिकारी



**फिरोजाबाद।** प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा, सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संयुक्ता समद्दार प्रमुख सचिव राजनैतिक पेंशन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता और डीएम रमेश रंजन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किया गया। नोडल अधिकारी ने 25, 26 एवं 27 मार्च को विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से समीक्षात्मक विवेचना की, उन्होंने कहा कि यह रूटीन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह विशिष्ट कार्यक्रम है, इसमें सभी विभागों द्वारा आने वाली जनता को यह आभास दिलाना है कि शासन द्वारा जारी की गई जनकल्याणकारी योजनाऐं आप तक सुचारू रूप से पहुंच रही हैं, योजनाओं का लाभ केवल और केवल पात्र लाभार्थियों को ही दिलाया जा रहा है, इसीलिए इस दौरान जो भी कार्यक्रम आप द्वारा किए जा रहे हैं, इनको गंभीरता के साथ आप सभी कार्यान्वित करें, खासकर इस कार्यक्रम में मुख्य-मुख्य चीजों पर फोकस करें, साथ ही यह प्रयास करें कि जो फिरोजाबाद का आधारभूत चरित्र है वह उभर कर सामने आए। उन्होंने विभागवार प्रस्तुतिकरण के विषय में जानकारी ली, उपनिदेशक कृषि ने बताया कि हम मोटे अनाज की उपयोगिता के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने के लिए श्री अन्न पर एक कार्यशाला का आयोजन करेंगे, नोडल अधिकारी ने कहा कि उन चीजों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करें,जो कृषि के क्षेत्र में शासन द्वारा किसानों के हितार्थ सरकार ला रहीं है, शासन की योजनाओं की एक प्रदर्शनी भी लगाई जाए, किसानों को फूड प्रोसेसिंग जैसी चीजों से भी परिचित कराया जाए, साथ ही किसानों को आय के अन्य साधन अपनाने हेतु प्रेरित करने वाले बैनर भी जगह-जगह लगाए जाएं।

उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि आपके यहां जो रोजगारपरक योजनाएं चल रही हैं, इनके लाभार्थियों को बुलाकर उन्हें लाभांवित किया जाए, जिसमें महिलाएं और पुरुष दोनों हो, ए0एल0सी0 को निर्देशित करते हुए उन्होंने ने कहा कि श्रमिकों के लिए चल रहीं योजनाओं के प्रदर्शन के साथ-साथ कुछ श्रमिकों को मौके पर बुलाकर, उन्हें चल रहीं योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाए, नोडल अधिकारी को अवगत कराया गया कि यहां पर कुछ चूड़ी उद्योग बंद थे, जिन्हें पुनः चालू कराया गया हैं, । मजदूरों की जो समस्याएं जो भी थी, उनका भी हल किया गया है, नोडल अधिकारी भी ने कहा कि इन सब लाभार्थियों को बुलाकर उनके मुख से सफलता की कहानी लोगों के सामने रखी जाए, प्रधानमंत्री आवास सर्वे योजना के तहत जो भी बड़े कार्य हुए हैं, उनका प्रदर्शन भी यहां किया जाए, खासकर सिरसा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य हो रहें हैं,परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि आवास मुख्यतः महिला लाभार्थियों को प्रदान किया जा रहा है,इस पर नोडल महोदया ने कहा कि महिला लाभार्थियों को बुलाकर उनके मुख से आवास मिलने के पश्चात उनके जीवन में आए हुए उनके परिवर्तन को सुना जाये।

## रंगोत्सव में रासलीला अकादमी के प्रशिक्षु कलाकारों ने की नित्य रास की प्रस्तुति

**मथुरा।** उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित रंगोत्सव-2025 के अंतर्गत वृंदावन गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी परिसर स्थित ओपन एयर थिएटर में नृत्य रास का आयोजन हुआ। ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ उमेश चंद्र शर्मा की देखरेख और निदेशक प्रो दिनेश खन्ना के निर्देशन में अकादमी के प्रशिक्षुओं द्वारा नृत्यरास की मनोहारी प्रस्तुति का आयोजन किया गया। गीता शोध संस्थान वृंदावन के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार के संचालन में नित्य रासहुआ। नृत्य में अष्ट-सखियां सुंदर वाद्यों के साथ अद्भुत मनोहारी नृत्य संरचना देख सभी दर्शक मंत्रमुग्ध होकर आनंदित हुए। नृत्य रास के साथ ही स्वामी घनश्याम शर्मा रासाचार्य द्वारा होली के गीत आज बिरज में होरी रे रसिया एवं होरी खेलन आयो श्याम आज याय रंग में बोरो री गायन ने दर्शकों को होली के रंग में सराबोर कर दिया। प्रशिक्षुओं में कीर्ति गोस्वामी, पारुल किशोरी, प्राची डे, नीलम, राधा सिंह, प्रियंका, आकांक्षा, रोशनी, अंजलि, कविता, मोहिनी कृष्णदासी, पायल आदि ने भाग लिया। अकादमी के प्रशिक्षकों में जगदीश पथरिया, रासलीला सिद्धांत, आकाश शर्मा, स्वर संयोजन, सुनील कुमार पाठक तबला/पखावज, कृष्णा पांडे, बांसुरी वादक, मनमोहन कौशिक, सारंगी वादक, रासाचार्य घनश्याम भारद्वाज, हारमोनियम, रचना शर्मा नृत्य संयोजन रितु सिंह, परिधान, मोना ब्रजवासी, मेकअप रितु ने कराया। अकादमी के समन्वयक श्री सिकरवार ने स्टेज की व्यवस्था संभाली। रंगोत्सव में हुए नित्य रासमें डॉ विजय पंडित, डॉ देवी पंथी, शीतल देवयानी, कपिल उपाध्याय, नेपाल के कुलपति घनश्याम परिश्रमी, ब्रज कला केन्द्र से राजेंद्र अग्रवाल मथुरा, ममता मृदुल आदि के साथ भारत-नेपाल से बुद्धिजीवी विद्वानों की उपस्थिति रही।

## महाबोधि महाविहार को मुक्त कराने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन तहत निकाली रैली




**मथुरा।** बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयुक्त बैनर तले आज महाबोधि महाविहार को मुक्त कराने के लिए राष्ट्रव्यापी आन्दोलन के अंतर्गत मथुरा में भी एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बहुजन मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, आदि संगठनों के कार्यकताओं व बहुजन समाज के लोगों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य महाबोधि महाविहार को ब्राह्मणों के कब्जे से मुक्त कराने, ओबीसी की जातिगत जनगणना की मांग, बैलेट पेपर से चुनाव कराने और बहुजन महापुरुषों के अपमान के खिलाफ विरोध दर्ज कराना था। क्षेत्रपाल सिंह निषाद के नेतृत्व में शनिवार रैली दोपहर 12:30 बजे अंबेडकर भवन, डीग गेट से प्रारंभ होकर भरतपुर गेट, कोतवाली रोड, होली गेट, विकास बाजार होते हुए डैंपियर नगर स्थित शहीद भगत सिंह पार्क पर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली का नेतृत्व कर रहे क्षेत्रपाल सिंह निषाद ने स्पष्ट किया कि बौद्ध धरोहरों पर हो रहे अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस दिशा में संघर्ष जारी रहेगा। रैली में नारों के माध्यम से सरकार से महाबोधि महाविहार को मुक्त कराने की, ओबीसी जातिगत जनगणना शीघ्र कराने की म्टड को बन्द करने की पुरजोर मांग की गई। बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी चै.इसराइल मलिक ने कहा कि म्टड में चुनाव प्रक्रिया पर संदेह बना हुआ है, इसलिए पारदर्शिता के लिए बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं। बहुजन महापुरुषों का अपमान निरंतर सांप्रदायिक सोच के लोग करते रहते हैं। लेकिन अब और सहन नहीं किया जाएगा, इसके लिए कानूनी व लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रखने की घोषणा की गई। रैली में शामिल समस्त संगठन के कार्यकताओं ने स्पष्ट किया कि यदि इन मांगों पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो 09 अप्रैल 2025 को जेल भरो आन्दोलन होगा और भविष्य में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। बुद्धिस्ट इंटरनेशनल नेटवर्क एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने इस रैली में शामिल होने वाले सभी बहुजन समाज के साथियों का आभार व्यक्त किया और संघर्ष को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर क्षेत्रपाल सिंह निषाद, चैधरी इसराइल मालिक, मैराज अली, मोहन सिंह, महताब सिंह, डॉ.गिरिराज प्रसाद, भोला निषाद, हाशिम कुरैशी, बबलू कुरैशी, फरीद, अब्दुल रशीद, अजय सिंह, शाकिर हुसैन, आरिफ कुरैशी, जाबिर, हरिकेश निषाद, तौफीक आढ़ती, चै.आसिफ, मुन्ना, दाऊदयाल भारती, शेखर, निजाम, नन्हे अब्बास, आदि लोग शामिल रहे।

## ब्रज तीर्थ विकास परिषद उपाध्यक्ष ने किया देवरहा बाबा घाट सहित परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माननीय उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्रा की मौजूदगी में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त मथुरा वृंदावन नगर निगम शशांक चैधरी तथा अपर नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार ने देवरहा बाबा घाट का निरीक्षण किया। सभी उच्च अधिकारियों ने संयुक्तरूप से कुंभ मेला क्षेत्र परिसर का जायजा लिया और वृक्ष, फुलवारी आदि को भी देखा। कुंभ क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं नियोजित विकास पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में वृन्दावन परिक्रमा मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु पैदल निरीक्षण किया गया। अवैध अतिक्रमणों को नगर निगम द्वारा तुड़वाया गया। पुलिस फोर्स के साथ परिक्रमा मार्ग में विभिन्न स्थानों से अतिक्रमण हटवाया गया। कई बार अतिक्रमणकारियों को प्रशासन की ओर से नोटिस जारी कर खुद हटाने के लिए आगाह किया जा चुका था। सभी अधिकारियों ने स्वयं पैदल चलकर परिक्रमा मार्ग पर हो रहे अतिक्रमण की जानकारी ली और स्वयं देखा, जिसको लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं संयुक्त रूप से पैदल भ्रमण कर सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाए और हटाने के साथ साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि पुनः अतिक्रमण न हो। प्रशासन ने स्थाई व अस्थाई तौर पर अतिक्रमण करने वालों को चिन्हित किया था, जिसमें अस्थाई तौर पर परिक्रमा मार्ग में अतिक्रमण कर टीन-टप्पर लगाने वालों को हटा दिया गया। वहीं दूसरी तरफ काफी दुकानदारों ने स्वयं ही अपनी दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटा लिया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग से विद्युत खंभों को हटाकर किनारे पर शिफ्ट किया जाए।

# मेला को लेकर मंडलायुक्त, डीएम, डीआईजी ने की बैठक



**मथुरा।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद नोडल अधिकारी / मंडलायुक्त श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

केन्द्र सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों तथा प्रदेश सरकार ने विगत 8 वर्ष में सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की है, जिसे जनसामान्य को अवगत कराए जाने हेतु 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 को समारोह आयोजित कर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी देने का निर्णय लिया गया है। बैठक में नोडल अधिकारी / मंडलायुक्त ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की और कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु रणनीतियों पर चर्चा की। नोडल अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम के समयबद्ध व व्यवस्थित क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रमों के आयोजन में जनसहभागिता को बढ़ावा दिए जाने और केन्द्र सरकार/राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों में जागरूकता करने को कहा। नोडल अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी माननीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर उत्कृष्ट साफ-सफाई एवं साज सज्जा सुनिश्चित करें। मंडलायुक्त ने कहा कि यह आयोजन प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण है। किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक व्यक्तियों, गणमान्य व्यक्तियों, उद्यमियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, खिलाडियों, किसानों, अधिकारियों / कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं आदि को सम्मानित कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने प्रस्तावित जनपद / तहसील/ब्लाक स्तर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन वेटनरी विश्वविद्यालय में किया जायेगा। जिसमें 2 फिल्में दिखाई जाएंगे, जिसमें महाकुंभ 2025 एवं सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। नव नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों के संबंध में किताब का विमोचन किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त शशांक चैधरी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नागपुर हिंसा : कर्फ्यू में दी गयी ढील

एजेंसी

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद यहां 11 में से 10 पुलिस थाना क्षेत्रों में लगाया गया कर्फ्यू या तो हटा दिया गया है या उसमें ढील दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस आयुक्त रवींद्र कुमार सिंघल ने शुरू में नंदनवन और कपिलनगर में प्रतिबंध हटा दिए थे, लेकिन आज शाम उन्होंने जोन 3 के अंतर्गत पंचपावली, शांतिनगर और लकड़गंज तथा जोन 4 के अंतर्गत सक्करदरा और इमामवाड़ा से कर्फ्यू हटाने का आदेश दिया।

उन्होंने बताया कि हालांकि जोन 3 के अंतर्गत आने वाले कोतवाली, तहसील और गणेशपेठ पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू जारी रहेगा तथा लोगों को आवश्यक खरीदारी के लिए कर्फ्यू में



शाम सात बजे से रात 10 बजे तक ढील दी जाएगी। अधिकारी ने बताया, 17 मार्च की हिंसा में घायल इरफान अंसारी की मौत के बाद जोन 5 के यशोधरा नगर पुलिस थाना क्षेत्र में कर्फ्यू में कोई ढील नहीं दी गई है। पुलिस ने बताया कि वेल्डिंग का काम करने वाले अंसारी (40) की शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। अंसारी सोमवार रात लगभग 11 बजे घर से नागपुर रेलवे स्टेशन से इटारसी के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए निकले थे। यह इलाका हिंसा से प्रभावित था। अधिकारी ने कहा कि कर्फ्यू के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 (लोक सेवक के आदेशों की अवहेलना) के तहत कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा आवश्यक सेवाओं, सरकारी कर्मचारियों और परीक्षा देने वाले छात्रों को इससे छूट दी गई है।

गत 17 मार्च को नागपुर के कई हिस्सों में उस समय बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की खबरें आईं, जब यह अफवाह फैली कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान एक पवित्र पुस्तक की पंक्तियां लिखी एक चादर जलाई गई। हिंसा में पुलिस उपायुक्त स्तर के तीन अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए। हिंसा के सिलसिले में शनिवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिससे हिरासत में लिए गए लोगों की कुल संख्या 112 हो गई।

# भारत का विकास मॉडल अपनाना चाहते हैं कई देश : पीयूष गोयल

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यहां कहा कि कई देश भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं, जिसमें स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों को प्रमुखता दी गई है। उन्होंने वेजलपुर स्टार्टअप उत्सव के समापन समारोह में कहा कि भारत का लक्ष्य यूनिकॉर्न की संख्या को मौजूदा 118 से बढ़ाकर 1,000 और 5,000 करना है।

जिन स्टार्टअप का मूल्यांकन एक अरब डॉलर से अधिक होता है, उन्हें यूनिकॉर्न कहते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने जोर देकर कहा कि देश में बनाए गए स्टार्टअप परिवेश ने नौकरी चाहने वालों को नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रोत्साहित किया



है। गोयल ने कहा गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने तेज गति से राज्य के विकास को सुनिश्चित किया।

गुजरात का विकास तब देश का विकास बन गया। आज कई देश, विशेष रूप से विकासशील देश, भारत के विकास मॉडल को अपनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विकास मॉडल में स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, आयुष्मान भारत जैसी कई पहल जोड़ी हैं। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप ने अपने नए और अभिनव विचारों, कामकाज के नए तरीकों से भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद की है।

## संक्षेप

### जूतों के शोरूम में लगी आग, कोई हताहत नहीं

नयी दिल्ली। दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में शनिवार सुबह जूतों के एक शोरूम में आग लग गई, जिससे इलाके में यातायात बुरी तरह बाधित हो गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना पूर्वाह्न 11 बजकर 17 मिनट पर मिली। उन्होंने बताया कि बाटा के शोरूम से काला धुआं निकलता दिखाई दिया और दमकल की छह गाड़ी घटनास्थल पर भेजी गईं। आग बुझाने का काम अभी जारी है और इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। अधिकारी ने कहा, हम इमारत ढहने की आशंका के मद्देनजर प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। हमने इलाके की घेराबंदी कर दी है, ताकि कोई घायल न हो।

### सोशल मीडिया पर व्यक्ति ने की आत्महत्या

रीवा (मप्र)। मध्यप्रदेश के रीवा जिले में एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लाइव आकर आत्महत्या कर ली और अपनी पत्नी तथा सास को जिम्मेदार ठहराया जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के उपमंडल अधिकारी उमेश प्रजापति ने बताया कि शिव प्रकाश त्रिपाठी ने 16 मार्च को यह कदम उठाया, जिसे उसकी पत्नी ने भी देखा। अधिकारी ने बताया कि त्रिपाठी ने दो साल पहले प्रिया शर्मा से शादी की थी। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद त्रिपाठी को पता चला कि उसकी पत्नी का किसी और व्यक्ति के साथ संबंध है।

### पूर्व विधायक पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

शिमला। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर और उनके निजी सुरक्षा कर्मी पर गोली चलाने वाले चार शूटर में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ठाकुर पर 14 मार्च को बिलासपुर में उनकी पत्नी के सरकारी आवास पर चार हमलावरों ने उस समय गोलीबारी की थी, जब वह आंगन में बैठे थे। इस दौरान, ठाकुर के पैर में एक गोली लगी थी, जबकि उनके निजी सुरक्षा कर्मी संजीव कुमार को कई गोलियां लगी थीं। बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संदीप धवल ने बताया कि सागर नामक एक आरोपी को नयी दिल्ली के नजफगढ़ से गिरफ्तार कर स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### सुरक्षा गार्ड ने चलायी गोली मासूम घायल


कुरुक्षेत्र (हरियाणा)। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित एक महायज्ञ में भोजन की गुणवत्ता को लेकर हुए विवाद के दौरान सुरक्षा गार्ड द्वारा कथित तौर पर गोली चलाए जाने से एक नाबालिग लड़का गोली लगने से घायल हो गया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

# कांग्रेस सरकार में आत्मनिर्भर था भारत

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विनिर्माण क्षेत्र में कथित गिरावट को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अब शायद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बात का अहसास होगा कि असली आत्मनिर्भर भारत कांग्रेस एवं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार के समय था।

उन्होंने यह दावा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी ने भारत को विनिर्माण का केंद्र बनाने के लिए जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का मेक इन इंडिया जमीन पर क्रियान्वयन के बजाय प्रचार को महत्व देने का एक उत्कृष्ट मामला है। अपने 2014 के



घोषणापत्र में, भाजपा ने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 10 वादे किए थे, जिनमें से एक भी पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया कि विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार और सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी में भारी गिरावट से स्थिति और भी बदतर हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा पीएसयू बेचे जा रहे हैं। एमएसएमई को नुकसान हो रहा है। नौकरशाही बाधाएं आजकल आम बात हो गई हैं। भारतीय उद्यमी भारत को प्राथमिकता देने के बजाय विदेश जा रहे हैं और वहां कंपनियां स्थापित कर रहे हैं। निर्यात में भारी गिरावट आ रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मोदी सरकार ने चिह्नित किए गए 14 क्षेत्रों में से 12 के शुरुआत में ही विफल रहने के बाद 1.97 लाख करोड़ रुपये की बहुप्रचारित पीएलआई योजना के चरण एक को बंद कर दिया है? मोदी सरकार के तहत भारत के कुल निर्यात में माल की हिस्सेदारी कम से कम 50 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर क्यों गिर गई है? खरगे ने कहा कि यह एक तथ्य है कि कांग्रेस-संप्रग के तहत भारतीय इतिहास में विनिर्माण की गति सबसे तेज रही।

# रांची में बंद से आम जनजीवन प्रभावित

एजेंसी

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में सरना स्थल (आदिवासियों के धार्मिक स्थल) के पास फ्लाईओवर के निर्माण के विरोध में शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के कार्यकर्ताओं की ओर से बुलाए गए 18 घंटे के बंद के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों को अवरूद्ध किया, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। उन्होंने सड़कों पर टायर जलाए और शहर के बाजार बंद करा दिए। आदिवासी संगठन सिरम टोली में बनाए जा रहे रैंप को हटाने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि इससे धार्मिक स्थल तक पहुंच बाधित होती है और वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण इसकी पवित्रता भंग हो सकती है। शहर के हिनू और अरगोड़ा सहित विभिन्न इलाकों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हुई। परीक्षार्थियों और पत्रकारों ने दावा



किया कि प्रदर्शनकारियों ने उन्हें परेशान किया। प्रदर्शनकारियों ने हरमू, कांके, हिनू, कोकर-लालपुर, कांटाटोली और अन्य सड़कों पर बांस के डंडे व टायर जलाए, जिससे वहां यातायात बाधित रहा। आदिवासी संगठनों का बंद सुबह छह बजे शुरू हुआ। रांची में टिटला चौक के पास प्रदर्शनकारियों ने रांची-लोहरदगा रोड को जाम कर दिया। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ।

# हिन्दुस्तान जिंक ने 1,800 करोड़ लीटर पानी का किया पुनर्चक्रण

एजेंसी

जयपुर। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1,800 करोड़ लीटर से अधिक पानी का पुनर्चक्रण किया है, जो राज्य में लगभग एक लाख घरों के सालाना जल उपयोग के बराबर है। कंपनी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।


हिंदुस्तान जिंक के एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने पानी के उपचार, पुनर्चक्रण और फिर से उपयोग करने पर जोर दिया है, ताकि पानी की निकासी को खत्म करके शुद्ध जल पर निर्भरता को काफी हद तक कम किया जा सके। कंपनी ने विश्व जल दिवस से पहले राजस्थान के विभिन्न जिलों में परिचालन और सामुदायिक स्तर पर चल रही प्रमुख जल प्रबंधन पहलों का अनावरण किया। कंपनी आने वाले सप्ताह में दुनिया के सबसे बड़े भूमिगत जिंक खनन केंद्र रामपुरा आगुचा में 4,000 किलोलीटर प्रति दिन (केएलडी) क्षमता वाले शून्य तरल निकासी संयंत्र का उद्घाटन करेगी। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, हमारा जल प्रबंधन दृष्टिकोण परिचालन दक्षता से आगे बढ़कर समुदायों और उद्योगों, दोनों के लिए दीर्घकालिक जल सुरक्षा को सुनिश्चित करता है। उन्होंने बताया हम स्थायी जल प्रबंधन को अपनाकर औद्योगिक वृद्धि और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को निभाते हुए एक साथ टिकाऊ विकास की ओर अग्रसर है।

# प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क वापस

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने एक अप्रैल से प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क को वापस ले लिया है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया कि यह कदम किसानों के हितों की रक्षा के लिए उठाया गया है।

बयान में कहा गया कि उपभोक्ता मामलों के विभाग से पत्र मिलने के बाद राजस्व विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा यह फैसला किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की वाजिब कीमत बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। रबी फसलों की अच्छी मात्रा



में आवक की उम्मीद के बाद थोक और खुदरा कीमतों में गिरावट हुई है। निर्यात शुल्क सितंबर 2024 से लागू है। हालांकि, इसके बावजूद चालू वित्त वर्ष में 18 मार्च तक प्याज का निर्यात 11.65 लाख टन पर पहुंच गया। सितंबर 2024 में प्याज का मासिक निर्यात 0.72 लाख टन से बढ़कर इस साल जनवरी में 1.85 लाख टन हो गया। रबी फसल की आवक बढ़ने के कारण प्रमुख उत्पादक राज्यों में प्याज की कीमतों में गिरावट आई है।

# सरकार ने 10 पीएलआई योजनाओं में जारी किये 14020 करोड़ रुपये

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई पीएलआई योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा सहित दस क्षेत्रों के लिए 14,020 करोड़ रुपये जारी किए हैं। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

सरकार ने 2021 में दूरसंचार, व्हाइट गुड्स, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों, वाहन, विशेष इस्पात, खाद्य उत्पादों, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल बैटरी, ड्रोन और फार्मा जैसे 14 क्षेत्रों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, 10 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाओं के तहत लगभग 14,020 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है। ये क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, आईटी हार्डवेयर, थोक दवाएं, चिकित्सा उपकरण, फार्मास्यूटिकल्स, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, व्हाइट गुड्स, वाहन और ऑटो घटक तथा ड्रोन हैं। मंत्रालय ने बयान में कहा कि पारदर्शी तंत्र के जरिये समय-समय पर अलग-अलग मामलों को मंजूरी दी गई है। परियोजनाओं को विनिर्माण की प्रकृति के आधार पर दो-तीन वर्षों में कार्यान्वित किया जाता है।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश में

ऊपर रखी ईंटें महिला पर गिर जाने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर तत्काल ही नायब तहसीलदार व पुलिस मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि महिला की मौत होने पर दैवीय आपदा के तहत नियमानुसार मिलने वाली धनराशि उसके परिजनों को दी जाएगी।

### यूपी को

कि यह पार्क देश का एकमात्र ऐसा पीएम मित्र पार्क है जो किसी राज्य की राजधानी जिले में स्थित है। इसका मुख्य प्रवेश द्वार मलिहाबाद तहसील के माल ब्लॉक के अटारी गांव में होगा। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है और यहां कुशल व अर्द्धकुशल श्रमिकों की भरमार है। पार्क की स्थिति इसे सड़क, रेल और हवाई मार्ग से देश के प्रमुख शहरों से जोड़ती है। यह मलिहाबाद रेलवे स्टेशन से 16 किलोमीटर, लखनऊ रेलवे स्टेशन से 40 किलोमीटर और लखनऊ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 45 किलोमीटर की दूरी पर है। साथ ही, चार-लेन लखनऊ-सीतापुर नेशनल हाइवे, चार-लेन लखनऊ-हरदोई स्टेट हाइवे और छह-लेन आउटर रिंग रोड 20 किलोमीटर के दायरे में हैं। इन सड़कों को पार्क से जोड़ने के लिए एक चार-लेन कनेक्टिंग रोड का निर्माण भी चल रहा है। इस टेक्सटाइल पार्क में स्थापित होने वाली इकाइयों को उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग नीति-2022 के तहत कई लाभ मिलेंगे। इसमें 25 प्रतिशत भूमि लागत अनुदान, प्रति यूनिट 2 रुपये की दर से बिजली सब्सिडी और स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट शामिल है। इसके अलावा, केंद्र सरकार 'पहले आओए पहले पाओ' के आधार पर कुल बिक्री का 3 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि देगी। नीति के तहत अन्य सुविधाओं में प्लांट और मशीनरी पर 25 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी (पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 10 प्रतिशत अतिरिक्त), बैंक ऋण पर 60 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी और बुनियादी ढांचे के लिए 50 प्रतिशत परियोजना लागत तक की सहायता शामिल है। नई इकाइयों को 10 साल तक इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी से 100 प्रतिशत छूट और मेगा व सुपर मेगा गारमेंटिंग इकाइयों को प्रति श्रमिक 3,200 रुपये प्रति माह की रोजगार सृजन सहायता भी दी जाएगी। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठाए गए। उप्र हैण्डलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2017 के तहत 80 निवेशकों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। उप्र टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 के तहत 44 निवेशकों को 768 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किए गए, जबकि दो निवेशकों को 8 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। पहले से हस्ताक्षरित 80 समझौता ज्ञापनों में 4,200 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इस बार दो नए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए, जिनमें आरआर जैन इंडस्ट्रीज और ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर ने 700 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया। एक लघु फिल्म के जरिए पार्क में निवेश के अवसर दिखाए गए। नोएडा अपैरल एक्सपोर्ट क्लस्टर के अध्यक्ष ललित ठुकराल और जियोसिस इंडिया के प्रबंध निदेशक राजीव अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वस्त्र उद्योग के भविष्य के लिए सरकार की रणनीति बताई। सीआईआई यूपी स्टेट काउंसिल की अध्यक्ष डॉ. उपासना अरोड़ा ने स्वागत भाषण दिया और दो ज्ञान सत्र आयोजित हुए। पहला सत्र पीएम मित्र पार्क के रणनीतिक लाभ और दूसरा सत्र सस्टेनेबल टेक्सटाइल्स पर केंद्रित था। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिए गए और विशेष सचिव शेष मणि पांडेय ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ वस्त्र क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

### आठ वर्षों में

यूपीएसएसएससी ने 46,032 अभ्यर्थियों का चयन किया। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवंबर 2020 से नवंबर 2024 तक चार वर्षों में 35 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रमों के जरिए नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। यही नहीं, भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाने के लिए ई-अधियाचन पोर्टल की शुरुआत की गई, जिससे समूह क, ख और ग के पदों पर चयन प्रक्रिया में तेजी आई।

### साहित्यकार विनोद

में, बातचीत में, कहते थे कि अब आपको ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलना चाहिए, मैं उनको संकोच में जवाब दे नहीं पाता। उन्होंने कहा कि वह इस उम्र में भी लेखन के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने कहा, बहुत बड़ा लिखने की अब मेरी हिम्मत नहीं होती है। मुझे लगता है कि जो भी काम करूं इस उम्र में पूरा कर लूं। बच्चों के लिए छोटा-छोटा लिखता हूं और मुझे आसान सा आधार मिल गया है कि मैं इस तरह के छोटे-छोटे काम करता रहूं। बच्चों के लिए लिखना मुझे बड़ा अच्छा लगता है। बयान के मुताबिक, प्रसिद्ध कथाकार एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रतिभा राय की अध्यक्षता में हुई प्रवर परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में चयन समिति के अन्य सदस्य के रूप में माधव कौशिक, दामोदर मावजो, प्रभा वर्मा और डॉ. अनामिका, डॉ ए. कृष्णा राव, प्रफुल्ल शिलेदार, जानकी प्रसाद शर्मा और ज्ञानपीठ के निदेशक मधुसूदन आनंद शामिल थे। लेखक, कवि और उपन्यासकार शुक्ल (88 वर्ष) की पहली कविता 1971 में लगभग जयहिंद शीर्षक से प्रकाशित हुई थी। उनके प्रमुख उपन्यासों में नौकर की कमीज, दीवार में एक खिड़की रहती थी और खिलेगा तो देखेंगे शामिल हैं। शुक्ल के उपन्यास नौकर की कमीज पर प्रसिद्ध फिल्मकार मणि कौल ने 1999 में इसी नाम से एक फिल्म बनायी थी। उनका लेखन सरल भाषा, गहरी संवेदनशीलता और अद्वितीय शैली के लिये जाना जाता है। वह मुख्य रूप से हिंदी साहित्य में अपने प्रयोगधर्मी लेखन के लिये प्रसिद्ध हैं।

### अवैध घुसपैठ

तौर पर काम करता था। अधिकारी ने बताया कि उसने एक भारतीय महिला से शादी कर ली थी और उसके दो बच्चे (13 और 9 साल) हैं। अधिकारी ने बताया कि मोहम्मद आलमगीर का छोटा भाई मोहम्मद ज्वेल इस्लाम (27) 2021 में आया था और वह भी कबाड़ी के धंधे में लगा हुआ था। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य आरोपी, मोहम्मद रिजाउल, वर्ष 2000 से भारत में रह रहा था और उसने भारतीय पासपोर्ट प्राप्त कर लिया था। उन्होंने बताया कि इससे मोहम्मद रिजाउल भारत और बांग्लादेश के बीच अक्सर यात्रा करता था। चौहान ने बताया कि वह अपनी यात्राओं का इस्तेमाल कथित तौर पर धन और अन्य सामान लाने-ले जाने के लिए करता था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कमरुज्जमां की भी पहचान कर ली है, जिसने 2014 में भारत में प्रवेश किया था और जाली पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके एक ऑनलाइन खाद्य वितरण मंच के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहा था। इस बीच, मोहम्मद नदीम शेख दिल्ली में सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत था और मोहम्मद लतीफ खान (37), 2015 से यहां रह रहा था और कूड़ा बीनने का काम करता था और अक्सर धनराशि अनौपचारिक माध्यमों से बांग्लादेश भेजता था। डीएसपी ने कहा कि मोहम्मद मिजानुर रहमान (43) 2022 में भारत आया था, कोटला मुबारकपुर में एक कबाड़ी के रूप में काम कर रहा था, जबकि रबीउल, भी उसी वर्ष आया था। वह डिफेंस कॉलोनी में एक अस्पताल परिचारक के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने बताया कि अवैध प्रवासियों के अलावा, उनकी सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कई भारतीय नागरिकों को भी गिरफ्तार किया गया है।

### कई महिलाओं

एक मंदिर में शादी की और दो साल तक साथ रहे। इस दौरान राजन ने किरण को कथित तौर पर 42 लाख रुपये का कर्ज लेने के लिए राजी किया और कहा कि उसे घर बनाने के लिए इसकी जरूरत है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कर्ज लेने के कुछ दिनों बाद आरोपी ने बताया कि उसका स्थानांतरण ललितपुर हो गया है। पीड़िता उसे खोजते जब ललितपुर गई तो आबकारी विभाग में जाने पर उसे पता चला कि उस नाम का कोई कर्मचारी नहीं है।

### जनता के बीच

कि महिलाओं के लिए 30 फीसदी आरक्षण समेत लखपति दीदी जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन से मातृ शक्ति के कल्याण के लिए ठोस कदम आगे बढ़ाए गए हैं। आंदोलनकारियों के लिए 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रवासी उत्तराखण्डियों के सम्मेलन के माध्यम से प्रवासियों को राज्य के साथ जोड़ा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में राज्य का पूरे देश में 13 वां स्थान पर आना सुखद संकेत है। उन्होंने कहा कि रजत जयंती वर्ष में राज्य का सालाना बजट एक लाख करोड़ को पार कर जाना बताता है कि चुनौतियों के बावजूद हम सही राह पर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2027 में कुंभ और इसके बाद नंदा राजजात का भी जिक्र किया और कहा कि सरकार इसके लिए तैयारी कर रही है। उन्होंने राष्ट्रीय खेलो के आयोजन से जुड़ी सफलता की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने चारधाम यात्रा, शीतकालीन यात्रा समेत राज्य के कई स्थानों पर पहुंचकर पर्यटन विकास में अभूतपूर्व योगदान किया। इस अवसर पर विधायक खजान दास, विधायक महंत दिलीप रावत, विधायक राजकुमार पोरी और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

### अप्रैल से शुरू

निर्माण कुकरैल नाइट सफारी में होगा उनमें भारतीय शेर, कैराकल, तेंदुआ, नीलगाय, काला हिरण, चिंकारा, स्लॉथ भालू, बारहसिंघा, हिरण, हॉग डियर, सियार, हिमालयन काला भालू, धारीदार लकड़बग्घा प्रमुख हैं। इनके अतिरिक्त, घड़ियाल, जंगली सूअर, बंगाल टाइगर, फिशिंग कैट, ऊदबिलाव, मगरमच्छ, जेब्रा, सीतातुंगा, दरियाई घोड़ा, अफ्रीकी भैंसे, उल्लू, अजगर, कोबरा, वाइपर, फ्लाइंग फॉक्स, फ्लाइंग स्क्विरिल, पाम लिवेट, जंगली बिल्ली, भेड़िये, स्लो लोरिस तथा भारतीय सेही आदि जैसे 38 जीवों के एनक्लोजर्स का निर्माण किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत, विभिन्न प्रकार की सेवाओं और सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इनमें बागवानी, भूनिर्माण, सड़कें व फुटपाथ, पार्किंग, रास्ते, क्रीडा सुविधाएं, परिसर की दीवारें, चौकीदार केबिन, सभी द्वार (आंतरिक और बाहरी), बाहरी विकास, जल निकासी तथा साइनेज इंस्टॉलेशन जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा। मास्टर प्लान के मुताबिक, नाइट सफारी में ट्राम सर्विस की भी विकसित की जाएगी तथा इसके अंतर्गत विभिन्न एनक्लोजर्स पर ट्राम स्टोरेज व रनिंग लाइन को भी निर्मित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 200 व्यक्तियों की क्षमता वाला अत्याधुनिक सुविधाओं 7डी थिएटर निर्मित किया जाएगा। परिसर में एक आर्ट गैलरी का भी निर्माण किया जाएगा। 3 एंट्री गेटवे और टिकट काउंटर व एंट्रेंस समेत एंट्रेंस प्लाजा भी निर्मित किया जाएगा। प्रक्रिया के अंतर्गत, 10 टॉयलेट ब्लॉक तथा 4 कियोस्क ब्लॉक्स का भी निर्माण किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत, एक डायरेक्टर बंगले समेत 5 प्रकार के आवासीय ब्लॉक का निर्माण होगा। आवासीय ब्लॉक्स में पशु चिकित्सकों के बंगले, फायर फाइटिंग यूनिट, स्टाफ रेजिडेंस व ऑडिटोरियम जैसी सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इन निर्माण कार्यों के पूरा होने पर आधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, पब्लिक एड्रेस सिस्टम तथा इंटीग्रेटेड बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम (आईबीएमएस) जैसी सुविधाओं को स्थापित व संचालित किया जाएगा।

### भाजपा नेता ने

लिए भेज दिया गया है। सजवान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इस बीच, गंगोह विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक किरत सिंह ने कहा मुझे नहीं पता कि घटना किस वजह से हुई। यह दर्दनाक है। यह पूछे जाने पर कि क्या रोहिल्ला किसी पार्टी पद पर थे, सिंह ने कहा, वह भाजपा कार्यकर्ता था, लेकिन यहां सवाल यह नहीं है कि आरोपी भाजपा से है या किसी अन्य राजनीतिक दल से, यह घटना अमानवीय है।




# आईपीएल : आरसीबी ने केकेआर को हराया

## ओपनिंग मैच : कोलकाता को 7 विकेट से हराया, कोहली-सॉल्ट ने अर्धशतक लगाये, क्रुणाल को 3 विकेट

एजेंसी

कोलकाता। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल-18 का ओपनिंग मैच जीत लिया है। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया। आरसीबी ने केकेआर को 3 साल बाद हराया है। टीम को लगातार 4 हार के बाद जीत मिली है। बेंगलुरु ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम में 175 रन का टारगेट 16.2 ओवर में चेज कर लिया।

विराट कोहली 59 रन बनाकर नाबाद लौटे। कप्तान रजत पाटीदार ने 34 और फिल सॉल्ट ने 56 रन बनाए। कोलकाता से वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी कोलकाता ने 8 विकेट खोकर 174 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (56 रन) ने फिफ्टी लगाई। जबकि सुनील नरेन ने 44 और अंगकृष रघुवंशी ने 30 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु से क्रुणाल पंड्या ने 3 विकेट लिए। जोश हेजलवुड को 2 विकेट मिले। यश दयाल, रसिख सलाम और सुयश शर्मा को एक-एक विकेट मिला। विराट कोहली 59 रन बनाकर नाबाद लौटे।

उन्होंने 36 गेंद की पारी में 4 चौके और 3 छक्के लगाए। आरसीबी ने आईपीएल-18 का पहला मैच जीत लिया है। टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया। लियम लिविंगस्टन ने 17वें ओवर की दूसरी बॉल पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। 16वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां रजत पाटीदार 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वैभव अरोड़ा ने रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। 15वें ओवर में बेंगलुरु ने 150 रन का स्कोर पार कर लिया है। कप्तान रजत पाटीदार ने हर्षित राणा के ओवर







में 4 चौके लगाए। इस ओवर से 19 रन आए हैं। 13वें ओवर में विराट कोहली ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 30 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। यह कोहली की कढछ में 56वीं फिफ्टी है। इसी ओवर में एक फैन मैदान पर घुस आया और कोहली के पैर छुए। 12वें ओवर में बेंगलुरु ने दूसरा विकेट गंवाया। देवदत्त पडिक्कल (10 रन) को सुनील नरेन ने रमनदीप सिंह के हाथों कैच कराया।

क्रुणाल पंड्या ने अजिंक्य रहाणे, वेंकटेश अय्यर और रिंकू सिंह के विकेट लिए। आईपीएल-18 के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 175 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। कोलकाता ने 8 विकेट खोकर 174 रन बनाए। केकेआर से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 31 बॉल पर 56 रन की पारी खेली। जबकि सुनील नरेन ने 26 बॉल पर 44 रन बनाए। अंगकृष रघुवंशी ने 30 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु से क्रुणाल पंड्या ने 3 विकेट लिए। जोश हेजलवुड को 2 विकेट मिले। यश दयाल, रसिख सलाम और सुयश शर्मा को एक-एक विकेट मिला। पारी के आखिरी ओवर में जोश हेजलवुड ने 5 रन खर्च किए।

इस ओवर में एक विकेट भी आया। हेजलवुड ने हर्षित राणा को पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में कोलकाता ने 7वां विकेट गंवाया। यहां अंगकृष रघुवंशी 30 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें यश दयाल ने विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर के बाद फउइ ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का उपयोग किया। यहां सुयश शर्मा की जगह देवदत्त पडिक्कल को बुलाया गया। 16वें ओवर में कोलकाता ने छठा विकेट गंवाया। सुयश शर्मा ने आंद्रे रसेल (4 रन) को बोल्ड कर दिया। इसी ओवर में टीम ने 150 रन का आंकड़ा भी हासिल कर लिया। 15वें ओवर में कोलकाता ने 5वां विकेट गंवाया। क्रुणाल पंड्या ने रिंकू सिंह (12 रन) को बोल्ड कर दिया। उन्होंने वेंकटेश अय्यर (6 रन) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (56 रन) के विकेट भी लिए।

13वें ओवर में कोलकाता का चौथा विकेट गिरा। यहां वेंकटेश अय्यर (6 रन) को क्रुणाल पंड्या ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने कप्तान अजिंक्य रहाणे (56 रन) को रसिख सलाम के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान अजिंक्य रहाणे 31 बॉल पर 56 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें क्रुणाल पंड्या ने रसिख सलाम के हाथों कैच कराया।

## आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी में शाहरुख, कोहली और रिंकू का डांस : दिशा पाटनी ने मलंग-मलंग पर परफॉर्म किया; करण ने 'हुस्न तेरा तौबा-तौबा' गाया

कोलकाता। आईपीएल के 18वें सीजन का शनिवार को धमाकेदार आगाज हुआ। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में आयोजित ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान, विराट कोहली और रिंकू सिंह ने एक साथ डांस किया। कोहली ने झूमे जो पठान और रिंकू सिंह ने मैं लुट गया गाने पर शाहरुख के साथ स्टेप किए। सेरेमनी को शाहरुख खान ने होस्ट किया। उन्होंने पठान फिल्म के डायलॉग 'पार्टी पठान के घर में रखोगे। तो मेहमान नवाजी के लिए पठान तो आएगा और साथ में पटाखे भी लाएगा। पहली प्रस्तुति श्रेया घोषाल ने दी। उन्होंने भूल भुलैया फिल्म के गाने मेरे ढोलना सुन पहला गाना गाया। उसके बाद घूमर-घूमर और कर हर मैदान फतह जैसे गाने गए। फिर बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने मलंग-मलंग गाने पर डांस किया। पंजाबी सिंगर करण औजला ने माहौल पूरा वेवी, हुस्न तेरा तौबा-तौबा गाया। औजला की प्रस्तुति पर दिशा पाटनी ने भी परफॉर्म किया। सेरेमनी के आखिर में होस्ट शाहरुख खान ने विराट कोहली और रिंकू सिंह को मंच पर बुलाया। कोहली ने झूमे जो पठान और रिंकू सिंह ने मैं लुट गया गाने पर शाहरुख के साथ स्टेप किए। श्रेया घोषाल की धमाकेदार परफॉर्मेंस के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने मलंग-मलंग में जबर्दस्त डांस किया। श्रेया घोषाल ने ओम शांति ओम फिल्म का देखो ये शाम दिवानी, नगाड़े संग ढोल बाजे और मां तुझे सलाम, वंदे मातरम्‌जैसे गाने गए। श्रेया घोषाल ने भूल भुलैया फिल्म के गाने मेरे ढोलना सुनगाना गाया। उसके बाद घूमर-घूमर और कर हर मैदान फतह गाना गया। फिर पुष्पा-2 का गाना गया। आईपीएल-18 की ओपनिंग सेरेमनी शुरू हो चुकी है। सबसे पहले पिछले 17 चैंपियन टीमों के नाम के आए। फिर शाहरुख ने पठान फिल्म के डायलॉग 'पार्टी पठान के घर में रखोगे तो मेहमाननवाजी के लिए पठान तो आएगा और साथ में पटाखे भी लाएगा' से सेरेमनी की शुरूआत की।

## संक्षेप

### दीक्षा और प्रणवी फोर्ड वुमैन्स एनएसडब्ल्यू के शीर्ष 10 में

वोलोंगोंग (ऑस्ट्रेलिया)। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में फोर्ड वुमैन्स एनएसडब्ल्यू ओपन में तीसरे दौर में शानदार कार्ड खेलकर शीर्ष 10 में हमवतन दीक्षा डागर के साथ शामिल हो गईं। दीक्षा ने 67-68 के दौर में दो अंडर69 का कार्ड जोड़ा जिससे 54 होल में उनका स्कोर नौ अंडर हो गया और वह संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर बनी हुई हैं। प्रणवी ने 71-68 के दौर के बाद पांच अंडर 66 का कार्ड बनाया जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर बनी हुई हैं। एक अन्य भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने एक अंडर 70 का कार्ड खेला। अवनि ने इस तरह तीन टूर्नामेंट में तीसरा कट हासिल किया।

### पंजाब किंग्स को सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ टीम बनाना है : पोंटिंग

नयी दिल्ली। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनका तात्कालिक लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताब का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार खत्म करना है लेकिन उनका दीर्घकालिक लक्ष्य इस टीम को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ टीम बनाना है। पंजाब ने इस सत्र के लिए पोंटिंग को मुख्य कोच और श्रेयस अय्यर को कप्तान नियुक्त किया है और वह पहली बार चैंपियन बनने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरेगा। पंजाब किंग्स अपना पहला मैच 25 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद में खेलेगा। पोंटिंग ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, अभी हमारा लक्ष्य आईपीएल जीतना है। जब मैं पहली बार धर्मशाला में शिविर में खिलाड़ियों से मिला था तो मैंने उनसे कहा था कि हम पंजाब किंग्स को उसकी सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ टीम बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा ऐसा रातों रात नहीं होगा। हम इसके लिए सफर पर हैं। आपको इसे बनाना होता है।

### मुंबई के सामने होगी चेन्नई की स्पिन चुनौती

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स अपने मजबूत स्पिन आक्रमण के दम पर रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस पर शिकंजा कसने की कोशिश करेगा। मुंबई की टीम इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना उतरेगी और ऐसे में उसे एम ए चिदंबरम स्टेडियम की स्पिनरों की मददगार पिच पर कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पांच बार के चैंपियन चेन्नई ने यहां की पिच का व्यवहार देखते हुए पिछले साल मेगा नीलामी में रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, श्रेयस गोपाल और दीपक हुड्डा को अपनी टीम से जोड़कर अपने स्पिन आक्रमण को मजबूत किया। टीम के पास पहले से ही अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा थे। चेन्नई के टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उठाए गए इस कदम से पता चलता है कि यहां की पिच का धीमी गति के गेंदबाजों को मदद पहुंचाना किसी टीम की रणनीति में कितना महत्वपूर्ण हो सकता है। चेन्नई पांच बार के अन्य चैंपियन मुंबई के खिलाफ अपनी इस ताकत का भरपूर उपयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

### दलीप ट्रॉफी की पारंपरिक प्रारूप में वापसी

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की शीर्ष परिषद ने शनिवार को दलीप ट्रॉफी के लिए पारंपरिक अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप को फिर से शुरू करने का फैसला किया जिसमें प्रथम श्रेणी स्तर के टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच मुकाबला होगा। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने पिछले साल रणजी ट्रॉफी (38 टीम) में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर चार टीमों ए, बी, सी और डी का चयन किया था जिसने चैलेंजर ट्रॉफी प्रारूप में प्रतिस्पर्धा की थी। अब चार टीमों के प्रारूप की जगह उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व क्षेत्र दलीप ट्रॉफी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दलीप ट्रॉफी अंतर-क्षेत्रीय प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता के तौर पर 1961-62 से 2014-15 तक खेला गया था। पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ने 2015 में एनसीए के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला, तो उन्होंने दलीप ट्रॉफी को चैलेंजर ट्रॉफी प्रारूप में आयोजित करने का सुझाव दिया, जहां राष्ट्रीय चयनकर्ता इंडिया ब्लू, रेड, ग्रीन टीमों का चयन करते थे।

# सऊदी अरब में टी-20 टूर्नामेंट के आयोजन की कोई योजना नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण धूमल ने शनिवार को कहा कि वह विश्व स्तर पर टी20 लीग की बढ़ती संख्या का समर्थन करते हैं लेकिन उन्होंने सऊदी अरब में इस तरह के किसी टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर चल रही अटकलों को खारिज कर दिया।

धूमल ने पीटीआई से कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) विशेषकर सऊदी अरब, यूरोप और अमेरिका जैसे स्थानों पर टी20 लीग का समर्थन करता है। उनका मानना है कि इससे 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले इस खेल को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। ओलंपिक खेल 2028 के कार्यक्रम में क्रिकेट भी शामिल है। उन्होंने कहा, अटकलों के आधार पर किसी भी चीज़ पर चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। सभी (सभी हितधारकों) के साथ चर्चा के लिए कोई विषय नहीं है। और जहां तक मेरी जानकारी है, सऊदी अरब में अब तक कोई बुनियादी ढांचा नहीं है जहां इस तरह के बड़े टूर्नामेंट का आयोजन किया जा सके।

आईपीएल अध्यक्ष ने कहा, इसलिए, अटकलों पर चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया में पिछले दो वर्ष से सऊदी अरब में क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर खबरें आ रहे हैं लेकिन इनका कोई ठोस आधार नहीं था। धूमल ने इसी संबंध में पूछे गए सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। पिछले साल आईपीएल की मेगा नीलामी हालांकि सऊदी अरब में आयोजित की गई थी। अनुमान है कि आईपीएल का मूल्य 12 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है और प्रति मैच के मामले में, यह अमेरिका में एनएफएल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे धनाढ्य खेल लीग है। इसे देखते हुए कोई भी अन्य लीग आईपीएल के लिए खतरा नहीं है।

# मुक्केबाजी : नीतू और जैस्मीन ने जीत से की शुरुआत

एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। पूर्व विश्व चैंपियन नीतू घंघास और राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया ने शनिवार को यहां आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार जीत दर्ज की जबकि रेलवे की मुक्केबाजों ने दूसरे दिन अपना दबदबा बनाया। नीतू (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) दोनों ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-0 की सर्वसम्मति से जीत हासिल की।

नयी दिल्ली में 2023 आईबीए विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली हरियाणा की नीतू ने राजस्थान की अंजलि चौधरी के खिलाफ बेहतरीन तकनीक और लगातार दबाव से जीत सुनिश्चित की। सेना नियंत्रण खेल बोर्ड (एसएससीबी) का प्रतिनिधित्व करने वाली बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन शुरुआती दौर में यूपी की आइस प्रजापति को आसानी से हराकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। सेना की एक अन्य



मुक्केबाज साक्षी (54 किग्रा) ने पंजाब की संदीप कौर के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज की। रेलवे की मुक्केबाजों ने इस टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और उसके हर मुक्केबाज ने अगले दौर में जगह बनाई। दो बार की एशियाई चैंपियन और तोक्यो ओलंपियन पूजा रानी (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन किया, उनके साथ सविता (54 किग्रा), अनामिका हुड्डा (51 किग्रा), पूनम (57 किग्रा) और प्राची (65 किग्रा) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इन सभी ने आरएससी (रेफरी स्टॉप्स कॉन्टेस्ट) के जरिए जीत हासिल की और रिंग में अपना दबदबा साबित किया। पूर्व विश्व पदक विजेता सोनिया लाठेर (57 किग्रा) और रजनी (48 किग्रा) को वॉकओवर मिला। महाराष्ट्र की युवा विश्व चैंपियन देविका घोरपड़े ने 51 किग्रा भार वर्ग में कर्नाटक की सुमैया एम को आरएससी जीत के साथ हराकर सनसनीखेज प्रदर्शन किया। 57 किग्रा वर्ग में मणिपुर की कुंजारानी देवी को उत्तराखंड की मोनिका मेहता के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपनी दृढ़ता का परिचय देते हुए कड़े मुकाबले में 4-। से विभाजित निर्णय के साथ अपनी प्रतिद्वंद्वी को हराया। ऑल इंडिया पुलिस की मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग में केरल की मिलानो एम.जे. के खिलाफ 5-0 की सर्वसम्मत जीत दर्ज की।

**चोटों से मुक्त निकहत का लक्ष्य मई में वापसी पर**

ग्रेटर नोएडा। पेरिस ओलंपिक के दर्दनाक अनुभव के बाद घुटने की चोट से जूझ रही दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन का कहना है कि अब वह चोटों से मुक्त हैं और मई में वापसी का लक्ष्य बनाए हैं। निकहत पेरिस ओलंपिक के दर्द को भुला नहीं पाई है।

### राष्ट्रीय पैरा चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा भुवनेश्वर

भुवनेश्वर। देश भर के शीर्ष पैरा तलवारबाज 28 से 31 मार्च तक यहां आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अंतर्गत ओडिशा पैरा खेल संघ (पीएसएओ) द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता बीजू पटनायक इंडोर स्टेडियम और कलिंगा खेल परिसर में होगी। ओडिशा सरकार के खेल और युवा सेवा विभाग द्वारा समर्थित इस चैंपियनशिप में 25 से अधिक राज्यों और 20 अतिरिक्त टीमों के भाग लेने की उम्मीद है जिसमें लगभग 200 पैरा तलवारबाज शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पीएसएओ के अध्यक्ष कमला कांत रथ ने कहा, हम भुवनेश्वर में राष्ट्रीय पैरा तलवारबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करके रोमांचित हैं। यह प्रतियोगिता सिर्फ हमारे पैरा एथलीटों की असाधारण प्रतिभा को ही सामने नहीं लाएगी बल्कि खेल विकास के लिए ओडिशा की मजबूत प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगी।

# हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा



एजेंसी

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शनिवार को सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 65 सदस्यीय कोर संभावित समूह की घोषणा की। इस शिविर का आगाज रविवार को बेंगलुरु के साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्र में होगा। इस समूह का चयन पंचकुला में सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इसके रोमांचक फाइनल मैच में झारखंड ने हॉकी हरियाणा को शूटआउट में हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। भारतीय महिला टीम के कोच हरेंद्र सिंह ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, हमने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कुछ असाधारण प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को देखा और खिलाड़ियों को उनके संबंधित राज्य टीमों के लिए उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है। उन्होंने कहा 65 खिलाड़ियों वाला यह शिविर हमें यह समझने में मदद करेगा कि वे अपने करियर के अगले चरण के लिए कैसे तैयार हो सकते हैं। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अगले चरण के लिए समूह को 40 खिलाड़ियों तक सीमित किया जायेगा।

उन्होंने कहा अगले अंतरराष्ट्रीय आयोजन के लिए शिविर में 31 मार्च से 19 अप्रैल तक 40 खिलाड़ी रहेंगे। इससे पहले 23 से 30 मार्च तक, हम 65 खिलाड़ियों के बड़े समूह को बारीकी से परखेंगे और उनके प्रदर्शन के आधार पर 40 की सूची की पुष्टि की जाएगी। मौजूदा कोर समूह के 30 खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, जबकि असम, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, मणिपुर, पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश, सीआरपीएफ, ओडिशा, सीबीडीटी, मिजोरम, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से नये खिलाड़ियों को बुलाया गया है।

# उरुग्वे को अर्जेंटीना ने 1-0 से हराया

एजेंसी

मोंटेवीडियो। अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना भी दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में उरुग्वे को 1-0 से हरा दिया। थियागो अल्माडा ने शुक्रवार को खेले गए मैच में 68वें मिनट में निर्णायक गोल किया जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश पाने से केवल एक अंक दूर रह गया है।

अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग में 13 मैचों के बाद 28 अंकों के साथ सबसे आगे बना हुआ है और अगर वह मंगलवार को ब्राजील के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले मैच को ड्रा करने में सफल हो जाता है तो विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा। इससे पहले जब फुटबॉल जगत की इन दो दिग्गज टीमों के बीच मुकाबला हुआ था तब अर्जेंटीना ने रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में।-0 से जीत हासिल की थी। कोच लियोनेल स्कालोनी की टीम पहले से ही सातवें स्थान पर मौजूद बोलीविया से 15 अंक आगे है, जबकि प्रतियोगिता में



अब केवल पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। इससे पहले इक्वाडोर ने वेनेजुएला को 2-1 से हराया और दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ब्राज़ील 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वह उरुग्वे और पराग्वे से एक अंक आगे है। कोलंबिया 19 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीमों को अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

**नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मैकर्टन लुइस को भारतीय फुटबॉल टीम में शामिल किया गया**

शिलांग। भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग राउंड मैच से पहले नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मिडफील्डर मैकर्टन लुइस निकसन को राष्ट्रीय टीम में शामिल किया। कर्नाटक के 21 वर्षीय खिलाड़ी मैकर्टन ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) प्ले-ऑफ सफर के दौरान प्रभावित किया था।

क्लब ने 2020 के बाद से पहली बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था। वह पिछले साल क्लब की डूरंड कप जीत का हिस्सा थे और मौजूदा आईएसएल सत्र के दौरान शुरुआती एकादश में नियमित खिलाड़ी रहे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक टीम अपडेट में कहा, मैकर्टन लुइस निकसन शिलांग में भारतीय शिविर में शामिल हो गए हैं। मार्केज ने पहले ही मुख्य मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस की जगह विंगर उदांता सिंह को शामिल कर लिया है।

# न्यायिक जवाबदेही पर करें विचार

## उच्चतम न्यायालय अपनी तय प्रक्रिया के तहत देख रहा है और मामले में शीर्ष अदालत के निर्णय की अपेक्षा की जानी चाहिए : रविशंकर प्रसाद

एजेंसी

इंदौर (मध्यप्रदेश)। पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को कहा कि वह न्यायपालिका की स्वतंत्रता का पूरा सम्मान करते हैं, लेकिन न्यायिक जवाबदेही के बारे में भी कहीं न कहीं विचार किया जाना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता प्रसाद ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा मैं इतना ही कहूंगा कि देश अपेक्षा करता है कि न्यायाधीशों के व्यक्तित्व, उनकी ईमानदारी और उनकी पारदर्शिता पर देश विश्वास करे। वैसे हम न्यायपालिका की स्वतंत्रता का पूरा सम्मान करते हैं। पूर्व कानून मंत्री से दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के सरकारी आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में सवाल किया गया था।

प्रसाद ने कहा कि इस मामले को उच्चतम न्यायालय अपनी तय प्रक्रिया के तहत देख रहा है और मामले में शीर्ष अदालत के निर्णय की अपेक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा आपको मालूम है कि जब मैं कानून मंत्री था, तब हम एक बार राष्ट्रीय न्यायिक (नियुक्ति) आयोग लेकर आए थे। इस व्यवस्था को उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था, लेकिन अब शायद कहीं न कहीं न्यायिक जवाबदेही के बारे में भी विचार किया जाना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि वह न्यायपालिका की निष्पक्षता और ईमानदारी के बहुत बड़े समर्थक हैं।



भाजपा नेता ने एक सवाल पर कहा कि न्यायाधीशों को बेटियों और बच्चियों के मामलों में और संवेदनशील बनना चाहिए। उन्होंने कहा मैं बहुत विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश में जब बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ की बात होती है, तो यह ध्यान रखना न्यायमूर्तियों का भी काम है कि बेटियों के बारे में संवेदनशीलता रखी जाए। प्रसाद ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा शासकीय ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को संविधान के खिलाफ बताया और कहा कि इससे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का हक मारा गया है। उन्होंने कहा उच्चतम न्यायालय ने बार-बार कहा है कि धर्म और उपासना पद्धति के आधार पर किसी भी समुदाय को आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

देश के संविधान में भी इसका निषेध है। फिर भी वोट बैंक के लालच में कांग्रेस आखिर कहां तक जाएगी? देश में योग्यता (मेरिट) की प्रणाली को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सवाल उठाए जाने पर प्रसाद ने कहा, गांधी (राहुल) को पहले यह बताना चाहिए कि वह किस योग्यता से लोकसभा में विपक्ष के नेता बने हैं? इस पद पर उनकी नियुक्ति में मेरिट (योग्यता) के नियमों की सरासर अवहेलना की गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बार-बार सवाल उठाने पर उन्होंने कहा, राजद तो रोज ही कुछ न कुछ बोलता रहता है। मुझे इस पर कुछ नहीं कहना है। राजद के राज में बिहार को अराजकता की ओर धकेल दिया गया था। नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री के रूप में बिहार में अच्छा काम किया है। बिहार विधानसभा चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होने के बीच प्रसाद ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार के साथ भाजपा का बहुत पुराना और मजबूत संबंध है।

# न्यायाधीशों की टीम पहुंची इंफाल, जातीय हिंसा के विस्थापितों से करेंगे मुलाकात

इंफाल। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार सुबह यहां हवाई अड्डे पर पहुंचा और उनका मणिपुर में जातीय हिंसा के कारण विस्थापित हुए लोगों से मिलने का कार्यक्रम है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई के नेतृत्व में शीर्ष अदालत के प्रतिनिधिमंडल का हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राज्य के वकीलों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

अधिकारियों ने बताया कि न्यायाधीश राहत शिविरों का दौरा करेंगे और चुराचांदपुर जिले में लघु सचिवालय से कानूनी सेवा शिविरों, कानूनी सहायता केन्द्रों और अस्थायी चिकित्सा केन्द्रों का वर्चुल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे बिष्णुपुर में मोइरांग कॉलेज में एक राहत शिविर जाएंगे। इस संबंध में एक न्यायाधीश ने संवाददाताओं से कहा, हम अभी यहां आए हैं और आगे के कार्यक्रम को लेकर आशान्वित हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में शामिल न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह मेइती समुदाय से हैं और वह कुकी बहुल चुराचांदपुर जिले का दौरा नहीं करेंगे क्योंकि वहां वकीलों के एक संगठन ने इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति सिंह बिष्णुपुर जिले का दौरा करेंगे। ऑल मणिपुर बार एसोसिएशन (एएमबीए) ने चुराचांदपुर जिले की बार एसोसिएशन से आग्रह किया है कि वह मेइती समुदाय से ताल्लुक रखने वाले



उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को कुकी-जो बहुल क्षेत्र का दौरा करने से रोकने वाले अपने निर्देश को वापस ले। एएमबीए के अध्यक्ष पुयम तोमचा मीतेई ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों का यह दौरा ऐतिहासिक और अपनी तरह का पहला दौरा है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रविवार को मणिपुर उच्च न्यायालय में एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।

संक्षेप

## इजराइली सेना गाजा के और अंदर घुसी

यरुशलम। इजराइली सेना गाजा पट्टी में और अंदर तक घुस गई है और उसने युद्धग्रस्त क्षेत्र के एकमात्र कैंसर अस्पताल को भी नष्ट कर दिया है। इजराइली नेताओं ने कहा है कि जब तक हमास उसके शेष बंधकों को रिहा नहीं करता, तब तक इजराइल अधिक क्षेत्र पर कब्जा करता रहेगा। यह अस्पताल गाजा को विभाजित करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में स्थित है। हमास के साथ युद्धविराम तोड़ने के कुछ ही समय बाद इस सप्ताह इजराइल ने क्षेत्र को फिर से अपने नियंत्रण में ले लिया। इस युद्धविराम के कारण जनवरी के अंत से गाजा में अपेक्षाकृत शांति रही और दो दर्जन से अधिक बंधकों की रिहाई में मदद मिली। इजराइली सेना ने कहा कि उसने तुर्की-फलस्तीनी मैत्री अस्पताल पर हमला किया क्योंकि युद्ध के दौरान चिकित्सक और मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे थे और हमास के लड़ाके वहां से अपनी लड़ाई लड़ रहे थे। अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. ज़की अल-जकजूक ने कहा कि युद्धविराम के दौरान एक चिकित्सकीय टीम ने अस्पताल का दौरा किया था और पाया कि वहां कुछ क्षति हुई थी। उन्होंने एक बयान में कहा, मैं यह समझने में असमर्थ हूं कि ऐसे अस्पताल को बम से उड़ाने से क्या हासिल होगा? तुर्किये के विदेश मंत्रालय ने इस अस्पताल को नष्ट किए जाने की निंदा की है।

# खैबर पख्तूनख्वा में स्थायी शांति के लिए, बातचीत एकमात्र रास्ता : अली

एजेंसी

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा है कि क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए तालिबान के साथ बातचीत जरूरी है। शुक्रवार शाम इस्लामाबाद में एक इफ्तार पार्टी में पत्रकारों से बात करते हुए गंडापुर ने दावा किया कि बातचीत ही एकमात्र रास्ता है और वह तालिबान को बातचीत की मेज पर ला सकते हैं, बशर्ते उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी जाए। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उन्होंने बातचीत में कबीलों के बुजुर्गों को शामिल करने और इसकी पूरी रूपरेखा वाला मसौदा तैयार किया था और इसे विदेश मंत्रालय तथा आंतरिक मंत्रालय को भेजा था, लेकिन ढाई महीने बाद भी उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि तालिबान कबीलों के बुजुर्गों के साथ बातचीत करने से इनकार नहीं करेगा और मौलाना फजलुर रहमान का अब तालिबान पर कोई प्रभाव नहीं है। गंडापुर ने साथ ही कहा कि वह किसी भी दिन तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा के साथ चर्चा कर सकते हैं।

# सीएम सुक्खू ने अमित शाह से मांगा मुआवजा

## 2023 में मानसून से हिमाचल प्रदेश को हुआ था बड़ा नुकसान

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 2023 में मानसून के दौरान राज्य को हुए नुकसान के लिए मुआवजा राशि जारी करने का अनुरोध किया। एक बयान के अनुसार, सुक्खू ने कहा कि राज्य ने आपदा के बाद की आवश्यकताओं के मूल्यांकन के तहत वित्तीय सहायता का अनुरोध किया था, लेकिन केंद्र से राहत की राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। सुक्खू ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने शाह को बताया कि बारिश के कारण राज्य को भारी नुकसान हुआ है, जिससे पेयजल आपूर्ति, सिंचाई योजनाएं, बुनियादी ढांचा, सड़कें, पुल और राहत एवं पुनर्वास उपाय बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। सुक्खू ने कहा कि राज्य ने अब तक अपने संसाधनों से ही काम चलाया है। भारी बारिश के कारण 2023 के जुलाई और अगस्त माह में हिमाचल



प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बाढ़ आई थी और भूस्खलन की कई घटनाएं दर्ज की गई थीं। उस वर्ष मानसून के मौसम में राज्य में लगभग 550 लोगों की मौत हुई थी। सुक्खू ने शाह से राज्य से जुड़े कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान, शाह ने मुख्यमंत्री को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया।

# फडणवीस व औरंगजेब का प्रशासन एक जैसा : हर्षवर्धन

एजेंसी



पुणे। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने शनिवार को दोहराया कि देवेंद्र फडणवीस का प्रशासन मुगल शासक औरंगजेब के समान है। इस बयान पर सत्तारूढ़ गठबंधन ने पहले ही निशाना साधा था और सपकाल पर फडणवीस का अपमान करने का आरोप लगाया था। उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठायाते हुये कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्वाई की मांग की थी। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए सपकाल ने बिगड़ती कानून व्यवस्था को राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि महाराष्ट्र को पूर्णकालिक गृह मंत्री की जरूरत है। वर्तमान में गृह विभाग मुख्यमंत्री फडणवीस के पास है। सपकाल ने कहा बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या कर दी गई, पुणे में एक महिला के साथ दुष्कर्म किया गया और परभणी में हिंसा हुई। बीड में कोई पुलिस-व्यवस्था नहीं है। राज्य तुगलकी शासन जैसा हो गया है। मैं अपने बयान पर कायम हूं कि फडणवीस का शासन औरंगजेब की तरह है। राज्य के दूसरे सबसे बड़े शहर और देश के प्रमुख वाणिज्यिक एवं औद्योगिक केंद्र पुणे को लेकर सपकाल ने कहा कि कुछ लोग इसकी संस्कृति को खराब कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुणे में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ गुजरात से आ रहे हैं, लेकिन पुलिस इस गठजोड़ की जांच नहीं कर रही है।


कांग्रेस नेता ने कहा गृह विभाग शहर पर ध्यान नहीं दे रहा है। महाराष्ट्र के पास पूर्णकालिक गृह मंत्री नहीं है। राज्य को पूर्णकालिक गृह मंत्री की जरूरत है, ऐसे में फडणवीस को इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व विधायक रविंद्र धांगेकर के कांग्रेस छोड़कर एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल होने के बारे में पूछे जाने पर सपकाल ने कहा, ऐसा व्यक्ति जिसे चुनाव लड़ने के तीन अवसर (विधानसभा उपचुनाव, लोकसभा और 2024 में विधानसभा चुनाव) मिले, वह फिर भी सत्ता के पीछे भाग रहा है।

# बिहार में जल्द शुरू होगा सामाजिक न्याय व समावेशी विकास का अध्याय

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि प्रदेश में सामाजिक न्याय, समानता एवं समावेशी विकास का अध्याय जल्द शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब बिहार को लोकतंत्र और संविधान को सुरक्षित रखने के लिए अपनी भूमिका निभानी है। बिहार में इस साल अक्टूबर या नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, लोकतंत्र की जन्मस्थली, बिहार ज्ञान की भूमि है। बिहार से ही गांधी जी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ भारतीयों की आवाज बुलंद की थी। बिहार दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। उन्होंने कहा बिहार में सामाजिक न्याय, समानता एवं समावेशी विकास का अध्याय जल्द शुरू होने वाला है। अब वह समय आ गया है जब बिहार को लोकतंत्र और संविधान को सुरक्षित रखने के लिए अपनी भूमिका निभानी



है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने भी बिहार दिवस के मौके पर राज्य के लोगों को बधाई दी।

# यूक्रेन के जापोरिज्जिया पर रूसी हमलों में तीन की मौत

एजेंसी

कीव। यूक्रेनी शहर जापोरीज्जिया पर रूस द्वारा किये गये ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव ने जानकारी दी कि इस हमले में आवासीय इमारतों, निजी कारों और सामाजिक अवसंरचना में आग लग गई। फेडोरोव ने हमले के बाद की तस्वीरों को साझा किया, जिनमें आपातकालीन सेवाओं के अधिकारी क्षतिग्रस्त आवासीय इमारतों के मलबे में फंसे लोगों की तलाश करते दिखाई दे रही हैं। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच 179 ड्रोन भेजे थे, जिनमें से 100 ड्रोन को यूक्रेन की सेना ने हवा में ही गिरा दिया, जबकि 63 ड्रोन खो गए, यानी उन्हें इलेक्ट्रॉनिक तरीके से रोक दिया गया।

इसके अलावा अधिकारियों ने कीव और दिनप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्रों के भी रोके गए ड्रोनों से गिरे मलबे के कारण आग लगने की सूचना दी है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने यूक्रेन के 47 ड्रोन को नष्ट कर दिया।

इंटरटेनमेंट...

# अक्षय की फिल्म 'केसरी-2' सिनेमाघरों में 18 से



मुंबई। अभिनेता अक्षय कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी आगामी फिल्म केसरी 2 सिनेमाघरों में 18 अप्रैल को प्रदर्शित होगी। फिल्म केसरी 2 में अभिनेता आर. माधवन और अभिनेत्री अनन्या पांडे भी नजर आएंगी। यह फिल्म अक्षय कुमार अभिनीत वर्ष 2019 में आई फिल्म केसरी का सिक्वल है। अक्षय कुमार (57) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में फिल्म केसरी 2 को प्रदर्शित किये जाने की तारीख साझा की और बताया कि फिल्म का टीजर 24 मार्च को जारी किया जाएगा। पोस्ट में कहा गया, साहस से रंगी क्रांति केसरी 2 का टीजर इस सोमवार को आएगा। तैयार हो जाइए। सिनेमाघरों में 18 अप्रैल को प्रदर्शित होगी। नवोदित फिल्म निर्माता करण सिंह त्यागी ने फिल्म केसरी 2 का निर्देशन किया है। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस, कुमार की केप ऑफ गुड फिल्म्स और आनंद तिवारी और अमृतपाल सिंह बिंद्रा के बैनर के तले किया गया है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, फिल्म केसरी 2 जलियांवाला बाग हत्याकांड की मार्मिक कहानी बयां करेगी। फिल्म केसरी सारागढ़ी की लड़ाई पर आधारित थी और इसका निर्देशन अनुराग सिंह ने किया था।

# ओटीटी प्लेटफॉर्म्स ने नकारी थी जॉन की फिल्म

**मुंबई। जॉन** अब्राहम फिल्म 'द डिप्लोमैट' में जितेंद्र पाल सिंह का किरदार निभा सुर्खियों में हैं।

एक्टर ने इस फिल्म को लेकर एक खुलासा किया है। उन्होंने अपने हालिया इंटरव्यू में बताया कि उनकी इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म ने रिजेक्ट कर दिया था। पिंकविला से बातचीत के दौरान जॉन बताते हैं कि इस फिल्म पर केवल उन्हें और डायरेक्टर शिवम नायर को भरोसा था। जब कोई स्टूडियो फिल्म देखता है और जब वह ओटीटी पर जाती है तो स्टूडियो इसे ओटीटी चैनल पर भेजकर अपने जोखिम को कम करना चाहता है। ऐसे में उनकी फिल्म को कुछ ओटीटी चैनलों ने रिजेक्ट कर दिया था। उन्हें ये फिल्म पंसद नहीं आई थी। रिजेक्शन के बाद स्टूडियो भी डर गया और कहा कि फिल्म अच्छी नहीं



है। किसी को यह पसंद नहीं आ रही है। जॉन ने आगे कहा कि आपको यह समझना होगा कि स्टूडियो इन फिल्मों में पैसा लगाता है इसलिए कभी-कभी उनका डर जायज भी होता है। लेकिन 'द डिप्लोमैट' के मामले में हमने स्टूडियो को गलत साबित कर दिया है। हमने ओटीटी को गलत साबित कर दिया है।

## हर इंडस्ट्री में मौजूद है जेंडर आधारित भेदभाव : एक्ट्रेस पूजा

मुंबई। एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इंडस्ट्री में महिला कलाकारों के साथ होने वाली लैंगिक भेदभाव पर बात की है। पूजा ने अपने साथ हुए कुछ अनुभवों को भी शेयर किया है। फिल्मफेयर को दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी भी किसी मेल को-एक्टर से परेशानी हुई है? जवाब में वो कहती हैं- ह्ययह सभी इंडस्ट्री में होता है लेकिन अलग-अलग स्तर पर। इनमें से कुछ बहुत ही खुले रूप में है और कुछ बहुत ही शटल तरीके में। छोटी-छोटी चीजें होती हैं। जैसे कि मेल एक्टर की वैनिटी वैन सेट के पास खड़ी होती है। जबकि हमें अपने लहंगे को उठाकर दूर तक चलाना पड़ता है।

# ओटीटी रिव्यू- कनेडा : पंजाब से कनाडा पहुंचने की कहानी

**मुंबई।** पंजाबी इंडस्ट्री के मशहूर सिंगर, एक्टर और डायरेक्टर परमीश वर्मा ने अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर क्राइम-थ्रिलर सीरीज 'कनेडा' से डेब्यू किया है। यह वेब सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो चुकी है।

इस सीरीज में परमीश वर्मा के अलावा जैस्मीन बाजवा, अरुणोदय सिंह, रणवीर शौरी, आदार मलिक और मोहम्मद जीशान अय्यूब ने अहम किरदार निभाए हैं। निम्मा (परमीश वर्मा) अपने दोस्त दलजीत (आदार मलिक) और उसकी बहन हरलीन (जैस्मिन बाजवा) के साथ नए देश में अपने पैर जमाने की कोशिश करता है। संगीत उसका सच्चा जुनून है, लेकिन परिस्थितियां उसे अपराध की दुनिया की ओर धकेल देती हैं। सरबजीत (अरुणोदय सिंह) के गैंग में



शामिल होकर निम्मा अपने सपनों को पूरा करना चाहता है, लेकिन यह रास्ता उसे एक गहरे अंधेरे में ले जाता है। सीरीज एक प्रवासी की महत्वाकांक्षाओं और उसकी नैतिक दुविधाओं को बारीकी से पेश करती है। परमीश वर्मा ने निम्मा के किरदार में जान डाल दी है। उनकी मासूमियत से लेकर अपराध की दुनिया में उनके बदलाव को उन्होंने बेहतरीन तरीके से दिखाया है। यह उनकी अब तक की सबसे प्रभावशाली परफॉर्मेंस में से एक कही जा सकती है। अरुणोदय सिंह का किरदार सरबजीत दमदार है, जो अपने खतरनाक अंदाज से पर्दे पर छा जाते हैं। रणवीर शौरी और मोहम्मद जीशान अय्यूब ने भी अपनी भूमिकाओं के साथ पूरा न्याय किया है। जैस्मिन बाजवा और आदार मलिक की परफॉर्मेंस भी अच्छी रही है, लेकिन उनके किरदारों को ज्यादा गहराई नहीं दी गई है।

चंदन अरोड़ा का निर्देशन कसा हुआ है। उन्होंने 90 के दशक के टोरंटो को बखूबी दिखाया है, जिससे दर्शक उस दौर से जुड़ा महसूस करते हैं। कहानी का प्रवाह ठीक है, लेकिन कुछ जगहों पर गति धीमी पड़ जाती है। सिनेमैटोग्राफी और प्रोडक्शन डिजाइन बढ़िया है, जिससे माहौल और भी रियलिस्टिक लगता है। सीरीज की लंबाई थोड़ी ज्यादा महसूस होती है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com